4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 340 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 30 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

सहमति से संबंध की मौजूदा उम्र में न हो बदलाव...

POCSO एक्ट पर विधि आयोग ने सौंपी रिपोर्ट

नई दिल्लीः लॉ कमिशन यानी विधि आयोग पॉक्सो एक्ट के तहत सहमति की उम्र में किसी तरह के बदलाव के पक्ष में नहीं है. विधि आयोग ने सरकार को सलाह दी है कि पॉक्सो एक्ट यानी यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की मौजूदा उम्र में बदलाव नहीं किया जाए और 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों की मौन स्वीकृति से संबंधित पॉक्सो मामलों में सजा के विषय में निर्देशित न्यायिक विवेक लागू करने का सुझाव दिया. विधि आयोग ने अपने सुझाव में कहा है कि सहमति की उम्र कम करने से बाल विवाह और तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर सीधा और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा.

विधि आयोग ने पॉक्सो कानून के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की उम्र पर अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंपी है, जिसमें इसने सुझाव दिया है कि 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों की ओर से मौन स्वीकृति से जुड़े मामलों में स्थिति को सुधारने के लिए संशोधनों की आवश्यकता है. देश में, सहमति की उम्र अभी 18 वर्ष है. आयोग ने कहा कि सहमति की उम्र घटाने का सीधा और नकारात्मक असर बाल विवाह एवं बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर पड़ेगा.

आयोग ने अदालतों को उन मामलों में सतर्कता बरतने की सलाह दी, जहां यह पाया जाए कि किशोरावस्था के प्रेम को नियंत्रित नहीं किया जा सकता और इसका आपराधिक इरादा नहीं रहा होगा. हालांकि, आयोग ने कहा कि कड़े अधिनियम में कुछ संशोधन लाने की आवश्यकता है, विशेष रूप से उन मामलों से निपटने के लिए, जहां 16 से 18 वर्ष की आयु के बच्चे द्वारा मौन स्वीकृति तो है लेकिन कानूनी सहमति नहीं है. ऐसे मामलों के लिए विधि आयोग ने निर्देशित न्यायिक विवेक का सुझाव दिया. इसने अदालतों को उन मामलों में भी सावधानी बरतने की सलाह दी जहां यह देखा गया है कि किशोर प्रेम यानी एडोलसेंट लव को कंट्रोल नहीं किया जा सकता है और आपराधिक इरादा गायब हो सकता है.

बता दें कि पैनल ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम के तहत सहमति की उम्र पर अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंप दी है. फिलहाल भारत में सहमति की उम्र 18 साल है. अब देखना होगा कि सरकार इस सुझाव पर क्या फैसला लेती है. (इनपुट पीटीआई से भी)

भाजपा-जजपा की सरकार ने किसानों को गर्त में पहुंचा दिया हैः अभय सिंह चौटाला

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चंडीगढ़, 29 सितंबर। इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा-जजपा की सरकार ने किसानों को गर्त में पहुंचा दिया है। जहां पिछले कुछ सालों में कुदरत ने किसानों पर कहर ढाया है वहीं पर भाजपा गठबंधन सरकार ने किसानों की मदद करने के बजाय बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों को जम कर लूटा है। बीमा कंपनियों और सरकार ने किसानों को न तो मुआवजा दिया है और न ही गठबंधन सरकार मंडियों में किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीद रही है। अभय चौटाला ने मंडी अधिकारियों पर मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसान मंडियों में अपनी धान और बाजरे की फसल बेचने के लिए भाड़े पर साधन करके पहुंचते हैं, जहां उनसे वाहन की मंडी के अंदर एंट्री करने के लिए रिश्वत मांगी जा रही है। किसान पैसों के लिए तो मंडी में अपनी फसल बेचने आते हैं, वो रिश्वत के पैसे कहां से लाएंगे। भ्रष्टाचार की हालत यह है कि या तो पैसे लेकर वाहनों की बैकडोर एंट्री की जा रही है या फिर सिफारिश लगवाने के बाद वाहनों की मंडी में एंट्री की जा रही है और उसके बाद 5 से 20 क्विंटल तक के ही टोकन काटे जा रहे हैं। उन्होंने बाहरी बाजरे की खरीद के आरोप लगाते हुए कहा कि सूचना तो यहां तक आ रही है कि राजस्थान से बाजरा खरीद कर हरियाणा की मंडियों में बेचा जा रहा है। मंडी में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण बाजरा की फसल बेचने गए किसानों के वाहनों की मंडी गेट के बाहर तीन से चार किलोमीटर लंबी लाइनें लगी हुई हैं। इनेलो नेता ने कहा कि भाजपा सरकार की तरफ से गुलाबी सुंडी बीमारी की रोकथाम के कोई प्रबंधन नहीं किए गए। गुलाबी सुंडी के कारण कपास बैल्ट के सिरसा, फतेहाबाद और हिसार समेत आधा दर्जन जिलों में कपास की 60 से 80 प्रतिशत फसल खत्म हो गई है।

जींद में इनेलो के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश जैन ने पार्टी से दिया त्यागपत्र

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बर हरियाणा के जींद में इनेलो पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पिछले 17 सालों से भी ज्यादा समय से इनेलो के साथ जुड़े व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश जैन ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। सतीश जैन ने ई-मेल के माध्यम से इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के पास अपना इस्तीफा भेजा है। हालांकि अभी पद से इस्तीफा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है और न ही अपनी आगामी रणनीति के बारे में कोई खुलासा किया है।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

हरियाणा सरपंच एसोसिएशन

सरकार ने 5 नवम्बर तक माँगों का हल नहीं निकाला तो वोट की ताकत से बीजेपी- जेजेपी को करेंगे सत्ता से बाहर

5 नवम्बर को टोहाना में होगी 'पंचायती राज अधिकार बचाओ रैली'- रणबीर समैण

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण
पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के कैथल स्थित पंचायत भवन में हरियाणा सरपंच एसोसिएशन ने अपनी मागों को लेकर दोपहर बाद बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पांच नवंबर तक उनकी मांगों का हल नहीं हुआ तो वह लोकसभा व विधानसभा में भाजपा-जजपा का विरोध करेंगे।

यह जानकारी देते हुए सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर समैण ने कहा कि सरपंच पिछले 10 माह से पंचायती राज अधिकार बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन सरकार ने उनकी बात अनसुनी की हुई है। हम अपने हकों की माँग कर रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूँ नहीं रेंग रही क्योंकि उन्हें अपनी ही पड़ी है। किसानों को लुभाने और बहकाने के लिए

file photo from google

तरह- तरह की घोषणाएं करके हमें बेवकूफ बनाने की चाल खेल रहे हैं। अब तक हमारे हकों के लिए केंद्रीय और हरियाणा में मनोहर सरकार ने जितनी भी घोषणाएं किसानों और ग्रामीणों की भलाई की कही, उनमें से किसी पर भी अमल नही किया गया।

उन्होंने कहा कि कोरे वादे , झूठ और लूट करने के सिवाय सरकार ने आर्थिक रूप से हमारी कमर ही तोड़ी है। हर दूसरे दिन गाँव वालों को अपनी कागजी स्कीमों पर भरोसा दिलाने की बात करते हैं। पर सबकुछ सच्चाई से कोसों दूर है। हमने गेहूँ और उसके बाद धान और बाजरे के समर्थन मूल्य देने और उन दरों पर खरीद की मांग रखी, लेकिन किसी भी सरकारी निगम, कारपोरेशन और विभाग ने समुचित मूल्य देना तो दूर मंडियों में आने से भी गुरेज किया। आज भी हमारी धान मंडियों में अटी पड़ी है। कोई सरकारी एजेंसी नहीं आ रही। मजबूरन पैसे की तंगी में छोटे छोटे व्यापारियों और लोगों को कम कीमतों पर बेचने के लिए मजबूर हो गये हैं।

इस सरकार के मुख्यमंत्री से लेकर नीचे के दूसरे मंत्रियों को भी किसानों और मजदूरों की असलियत का नहीं पता। पूरे हरियाणा के किसान दुखी हैं और अपनी माँगों के लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की सरकार ने सरपंचों को कभी विश्वास में नहीं लिया। हर बात पर मनमर्जी थोपी जा रही है जो असूलन गलत है। पंचायती अधिकारों के बारे में इन्हें कुछ भी नहीं पता।

उन्होंने कहा - हम अपने अधिकारों के लिए अब पांच नवंबर को टोहाना में 'पंचायती राज अधिकार बचाओ' रैली कर रहे हैं। अगर पांच नवंबर तक भाजपा-जजपा सरकार पंचायतीराज के अधिकार ग्राम पंचायतों, जिला परिषदों को नहीं देती है तो वहाँ से पूरे हरियाणा की पंचायतें संकल्प लेंगी। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा-जजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगी। ये लड़ाई गांव के हर व्यक्ति की है।

10 महीने से पंचायती राज अधिकार बचाने की लड़ रहे हैं लड़ाई- समैण

पंचायत मंत्री को नहीं है पंचायती राज नियमों की जानकारी

हमारे पास है वोट की चोट से सरकार को सत्ता से बाहर करने का दम

उन्होंने कहा कि 75 फीसदी जनसंख्या देहात के अंदर रहती है। हम अपने गांव के लोगों को जागरूक करेंगे। ये लड़ाई सरपंचों की नहीं है। यह गांव के अंदर रहने वाले हर व्यक्ति की लड़ाई है। यह पंचायतीराज के अधिकारों की लड़ाई है। यह गांवों के हक की लड़ाई है। जो लोग हमारे पंचायतीराज के अधिकारों को छीनना चाहते हैं, हमारे पास वोट हैं वोट की ताकत से हम बीजेपी-जेजे पी को सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे।

पंचायत मंत्री को पंचायतीराज के नियमों की जानकारी नहीं

उन्होंने कहा कि पंचायत मंत्री को बोलने की तमीज नहीं है। मीडिया में भी गलत सलत बयान देते हैं। अधिकारियों को भी गलत बोलते हैं। उन्हें पंचायती राज एक्ट के नियम भी नहीं पता। उन्होंने कहा कि पंचायत मेंबरों को पावर दे देंगे। इससे साबित होता है कि उन्हें पंचायतीराज के अधिकारों की जानकारी नहीं है।

2029 में एक साथ होंगे लोकसभा और विधानसभा चुनाव ?

जल्द आ सकता है विधि आयोग का FORMULA

नई दिल्ली. विधि आयोग एक देश एक चुनाव के फॉमूर्ला पर काम कर रहा है. सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि कार्यकाल को बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के फॉमूर्ले पर काम किया जा रहा है, ताकि सभी राज्यों के चुनाव 2029 के लोकसभा चुनावों के साथ ही कराए जा सकें.

दरअसल, सरकार ने पहले ही लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक उच्चस्तरीय पैनल का गठन किया है. इसलिए विधि आयोग को राष्ट्रीय और राज्य के मौजूदा जनादेश के साथ-साथ तीसरे स्तर के चुनावों को भी शामिल करने के लिए कहा जा सकता है.

तैयार नहीं हुई आयोग की रिपोर्ट

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, विधि आयोग लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक मतदाता सूची सुनिश्चित करने वाला तंत्र भी तैयार कर रहा है, जिससे वोटर लिस्ट की लागत को कम किया जा सके. हालांकि, एक साथ चुनाव को लेकर विधि आयोग की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं हुई है, क्योंकि कई मुद्दों का निपटारा होना अभी बाकी है.

विधि आयोग दे सकता है विधानसभाओं के कार्यकाल पर सुझाव

सूत्रों ने बताया कि एक साथ चुनाव पर विधि आयोग की रिपोर्ट अभी तैयार नहीं है, क्योंकि कुछ मुद्दों का निपटारा होना बाकी है. 2029 से राज्य और लोकसभा दोनों चुनाव एक साथ कराने को सुनिश्चित करने के लिए विधि आयोग विभिन्न विधानसभाओं के कार्यकाल को कम या फिर बढ़ाने का सुझाव दे सकता है, ताकि एक साथ चुनाव के लिए एक मंच तैयार किया जा सके.

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता गठित है समिति

फिलहाल आयोग का काम विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने के तरीके का सुझाव देने है, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति को यह सिफारिश करने का काम सौंपा गया कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव कि एक साथ चुनाव कैसे आयोजित किए जा सकते हैं.

सूत्रों ने कहा कि कोविंद पैनल के संदर्भ की शर्तों को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने को शामिल करने के लिए विधि आयोग का दायरा भी बढ़ाया जा सकता है. लॉ पैनल एक सुझाव यह दे सकता है कि त्रिस्तरीय चुनाव एक साल में दो चरणों में कराए जाएं. पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं और दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं.

रिजवान का शतक बेकार, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पीटा

नई दिल्ली. केन विलियम्सन की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मुकाबले में जीत से शुरूआत की है. कीवी टीम ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वॉर्मअप मैच में पाकिस्तान टीम को 5 विकेट से पटखनी दी. कीवी टीम की ओर से 4 बैटर्स ने अर्धशतकीय पारी खेली. पाकिस्तानी विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान का शतक बेकार हो गया जबकि कप्तान बाबर आजम की फिफ्टी भी टीम के काम नहीं आ सकी.

पाकिस्तान की ओर से विकेटीकपर बैटर मोहम्मद रिजवान ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 103 रन की शानदार पारी खेली. उन्होंने 94 गेंद का सामना करके नौ चौके और दो छक्के लगाए. कप्तान बाबर आजम ने भी भारतीय धरती पर अपने पहले मैच में 80 रन की आकर्षक पारी खेली जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल हैं. सौद शकील ने भी 75 रन बनाए, जिससे

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 345 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया.

विलियम्सन की अर्धशतकीय वापसी

कप्तान केन विलियम्सन ने लंबे समय बाद वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया जिससे न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान के इस स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. रवींद्र ने पारी का आगाज करते हुए 72 गेंद पर 97 रन की तूफानी पारी खेली जिसमें 16 चौके और एक छक्का शामिल है. विलियम्सन (54) और डैरेल मिशेल (59) ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले अर्धशतक पूरे किए जबकि मार्क चैपमैन ने 41 गेंद पर नाबाद 65 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने 43.4 ओवर में पांच विकेट पर 346 रन बनाकर विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल की.

कविता में आज भी होता है 'अम्ल'

दैनिक समाज जागरण

मुझे अपने पत्रकार होने पर जितना गर्व आज नहीं है जितना की कवि होने पर है,हालाँकि मै रजिस्टर्ड कवि नहीं हूँ। बिहार के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर बहस कि दौरान ओमप्रकाश बाल्मीक की कविता पढ़कर जो कमाया है उसे देखकर मुझे एक बार फिर महसूस हो रहा है कि कविता का ' अम्ल ' अभी कायम है । फिर कविता चाहे ओमप्रकाश बाल्मीक लिखें या असंग घोषया राकेश अचल। कविता आज भी अपना काम करती है और वो काम करती है जो किसी वंदन विधेयक से नहीं हो सकता।

दरअसल मेरी अक्ल उन बहुत से लोगों की अक्ल जैसी है जो दिमाग में रहने के बजाय घुटनों में रहती है । इसीलिए जब डॉ मनोज झा ने राज्यसभामें 'ठाकुर ' कविता पढ़ी तब कहीं कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई । कविता पार प्रतिक्रिया आने में कई दिन लगे । प्रतिक्रिया तब आयी जब अक्ल घुटनों से निकलकर दिमाग तक पहुंची। आज हालत ये है कि कविता बाल्मीक साहब की है और जान सांसत में है मनोज झा की। झा साहब कि पीछे पूरी आरजेडी खड़ी है ,मेरा मानना है कि अब मामला सिर्फ आ-रजेडी और भाजपा का नहीं है । झा के पीछे एक कवि के नाते मै भी खड़ा हूँ और मुझे उम्मीद है कि झा के पीछे देश का हर कवि खड़ा होगा चाहे वो किसी भी भाषा का हो। मै डॉ मनोज झा को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि वे अकेले नहीं हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए किसी फौज-फांटे की जरूरत नहीं पड़ेगी।

दुनिया जानती है कविता की ताकत को। न जानती हो तो आज जान ले । अमृतकाल में जान ले कि यदि आपके पास कविता है तो आप अकेले नहीं है। कविता आदमी को अकेला रहने भी नहीं देती। कविता में अम्ल और छार दोनों होता है । कविता तलवार से भी ज्यादा धारदार और मारक होती है । कविता लाल मिर्च से भी ज्यादा तीखी होती है । जो कविता को पचा लेता है उसका हाजमा ठीक हो जाता है और जो नहीं पचा पाता वो सी-सी करता फिरता है बाहुबली आनंद मोहन और चेतन आनंद की तरह। मेरे गुरुतुल्य कवि प्रो प्रकाश दीक्षित कहते थे कि -कविता लिखना इतना आसान नहीं ,जितना की सुबह-सुबह सूरज का उगना , कविता कोशिश होती है मोमबत्ती से पत्थर पर लकीर उकेरने की । भाजपा के पास यदि रमेश बिधूड़ी हैं तो ये संयोग है कि आरजेडी के पास डॉ मनोज झा जैसे संसद हैं। झा बिना गाली-गलौच के भी अपनी बात कहकर संसद को ही नहीं बल्कि देश के उस वर्ग को गरमा सकते हैं जो आज भी शोषक है। आज भी जो मनुष्य को मनुष्य नहीं मानता । आज भी उसकी निगाह में उंच-नीच हिलोरें मारती है । खुदा का शुक्र है कि आनंद मोहन संसद में नहीं हैं अन्यथा वे तो डॉ मनोज झा की जबान खींच ही लेते । अभी तो वे जबान खींचने की धमकी भर दे रहे हैं। धमकी देने वाले भाजपा में हमेशा से पुरस्कृत किये जाते हैं।

डॉ मनोज झा को जिस कविता को सुनाने के बाद जान से मारने कोई धमकी दी जा रही है वो उनकी लिखी नहीं है । कविता उत्तरप्रदेश के बरला गांव मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के उन ओम प्रकाश बाल्मीकि की है जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। ओमप्रकाश बाल्मीकि नाम के ही नहीं बल्कि जन्म से भी बाल्मीकि थे । आज अगर वे होते तो पूरे 73 साल के होते और बहुत खुश होते अपनी कविता की मार को देखकर। ये तो अच्छा है कि भाजपा के नरसिंहों को ज्यादा पढ़ना -लिखना नहीं आता अन्यथा वे ओमप्रकाश बाल्मीकि की आत्मकथा ' जूठन' पढ़कर या तो खुदकुशी कर लेते या फिर सुधर जाते,धमकियां देना भूल जाते । बाल्मीक ने लिखा था कि -' शब्द झूठ नहीं बोलते '।

देश में अगले साल आम चुनाव होने वाले है। अगले महीने देश कि पांच राज्यों की विधानसभाओं कि भी चुनाव होने है। राजनितिक दलों को खासकर भाजपा को चाहिए कि वो बाहुबलियों,धनपशुओं या अनपढ़ों को अपना प्रत्याशी बनाने कि बजाय कवियों को अपना प्रत्याशी बनाएं । जन प्रतिनिधि अगर कवि होगा तो मनोज झा की तरह अपने प्रतिद्वंदी को कविताएं सुनकर लाजबाब कर देगा। मै चुटकले सुनाने वाले कवियों की बात नहीं कर रहा । मै रामकथाएं सुनाने वाले कवियों की भी बात नहीं कर रहा ,मै उन कवियों की बात कर रहा हूँ जो चेतना के कवि है। भले ही वे दलित हों या सवर्ण । ठाकुर हों या बाल्मीकि। वैसे भी यदि कोई मूलतः कवि है तो उसके भीतर बैठा ठाकुर-ब्राम्हण अपने आप या तो मर जाता है या खिसक लेता है।

देश का दुर्भाग्य है के राजनीति में कवियों कि लिए जगह सीमित है। राजनीति में गिने-चुने कवि है। कविता से रार रखने वाले, कविता से भी खार खाने वालों की संख्या राजनीति में ज्यादा है । राजनीति भी कविता को कहाँ सींचती है । राजनीति को चारण-भाट पसंद होते हैं। कविता आज भी उनकी जय बोल रही है जो देश कि खेतों में काम करते हैं,सीमाओं पर पहरा देते हैं। मुझे हैरानी होती है के उस बिहार के भाजपा नेता और पूरी भाजपा कविता के प्रहार से भयभीत है जिस बिहार ने देश को एक से बढ़कर एक कवि दिए हैं। 'कलम आज उनकी जय बोल '

जैसी अमर कविता लिखने वाले रामधारी सिंह दिनकर बिहार की धरती के ही सपूत थे। क्या आनंद मोहन और उनकी जैसे लोग दिनकर की जबान भी खींच लेते ? दिनकर ने तो सीना ठोंककर लिखा था कि -

'अंधा चकाचौंध का मारा,
क्या जाने इतिहास बेचारा,
साखी हैं उनकी महिमा के,
सूर्य चन्द्र भूगोल खगोल,

बिहार कि ठाकुरों को ही नहीं पूरे देश कि शोषक वर्ग को पहले इतिहास पढ़ना चाहिए फिर धमकियां देने कि बारे में सोचना चाहिये । उन्होंने जान लेना चाहिए की कविता किसी जाती को इंगित नहीं करते । ओमप्रकाश बाल्मीकि की कविता यदि ठाकुरों को इंगित कर लिखी गयी है तो बिहार में तो कपूर्री ठाकुर भी होते है। क्या ये कविता कपूर्री की जाती को निशाने पर रखकर लिखी गयी होगी ? मुझे भाजपा पर ,उसके सांसदों पर गुस्सा बिलकुल नहीं आता,दया आती है क्योंकि उनके पास न तो भाजपा कि पितृ -पुरुष अटल बिहारी बाजपेयी की तरह भाषा का लालित्य है और न साहित्य का ज्ञान। वे बेचारे कविता की ताकत को क्या समझेंगे। उन्हें क्षमा किया जाये।

मै मनोज झा को नहीं जानता,उनसे कभी मिला भी नही। एक-दो टीवी डिबेट में जरूर उनके साथ बैठना हुआ है । इस बिना पर मै कहता हूँ की मनोज झा जैसे सांसद हमारी राजनीति की जरूरत है। उनका समर्थन किया जाना चाहि। मनोज झा पर किसी भी तरह का हमला एक आरजेडी सांसद पर नहीं बल्कि इस देश के साहित्य पर भी हमला है । सांसद पर भी हमला है और लोकतान्त्रिक समाज पर भी हमला है। इसलिए आइये मनोज झा का साथ दीजिये। कविता का साथ दीजिये।

@ राकेश अचल

बैठकी "सनातन झेल रहा-धर्मयुद्ध"-(भाग-4)

दैनिक समाज जागरण

बैठकी जमते हीं उमकाका बोल पड़े--"सरजी,आज मेरी भेंट अपने एक मित्र के लड़के से हुई !वो लड़का खड़गपुर से आ-ईआईटी करके बंगलोर में अच्छे पैकेज पर कार्यरत है ! हमने उससे पुछा कि रामायण पढ़े हो तो बोला कि नहीं ! हाँ थोड़ा बहुत सुना हूँ ! मैने पुछा कि भगवान राम के चारों भाइयों का नाम बताओ तो बगलें झाँकने लगा ! फिर पुछा कि अच्छा बताओ ! कृष्ण का जन्म कहाँ हुआ था तो बोला- अयोध्या में !

ये हमारे नवपिढ़ी को क्या हो गया है !! आज के हिंदू पढ़े लिखे नवजवान, अपनी

संस्कृति से विमुख क्यों होते जा रहे !!"

उमाकाका,आजादी के बाद से हीं सनातन के साथ गहरा षड्यंत्र होता रहा लेकिन मूर्ख हिंदू, विश्वास की गगरी ढोता रहा !--पारसनेता सोफे पर एक पैर चढ़ाते हुए !

काकाजी, आपके प्रश्न का उत्तर मेरे प्रश्न में है !किसी संस्कृति को नष्ट करने के लिये या दुसरे शब्दों में मिटा देने हेतु,किस पहलू पर चोट,सर्वाधिक घातक होती है !!!--कुंवरजी मेरी ओर देखकर !

कुंवरजी, आपने शानदार प्रश्न किया है ! सबसे महत्वपूर्ण है शिक्षा और संस्कार, साथ हीं ऐसा परिवेश,जिससे नवपीढ़ियां अपने धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्टभूमि से पृथक होतीं जाय! ऐसी स्थिति में नवपीढ़ियां अपने धर्म,संस्कृति और संस्कारों को पिछड़ा,ठकोसला और सड़ी-गली समझने लगतीं हैं !उनके अंदर अपने धर्म और संस्कृति की संवाहक क्षमता क्षीण हो जाती है और धीरे-धीरे संस्कृति काल के गाल में समां जाती है !--मैं चुप हुआ !

बिलकुल ठीक कहा आपने !आजादी के बाद सनातन के विरुद्ध धर्मयुद्ध का, स्वरुप बदल दिया गया !मुगलों और अंग्रेजों ने जहाँ तलवार और लालच को सनातनियों के विरुद्ध धर्मयुद्ध में हथियार बनाया वहीं आजादी के बाद कांग्रेस और वामपंथियों ने शिक्षा और परिवेश बदलने हेतु अन्य टूल्स का प्रयोग किया जैसे,सिनेमा,टीवी सिरियल्स ! आज तो विभिन्न कंपनियों के विज्ञापनों में भी,सनातन के विरुद्ध विषैली चाल,छुपी रहती है !ये टूल्स अभी भी यथावत जारी हैं !--डा.पिंटूहाथ चमकाये !

इसबीच बेटी,चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर पुनः बहस में.....

सरजी,70 के दशक में जब इंदिरा गांधी,राजनीतिक स्तर पर पिछड़ रही थी तब कांग्रेस को वामपंथियों की जरूरत पड़ी !अन्य लोगों ने जैसे लालू,शरद पवार, मुलायम सिंह,आदि ने पैसा लूटने के लिए मलाईदार विभाग मांगा जबकि वांमपंथियों ने मदद के एवज में भारत की सभी महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों के चांसलर, वायसचांसलर, तथा एनसीईआरटी, सीबीएसई, भारतीय इतिहासिक शोध संस्थानों में प्रमुख पदों की मांग की ताकि देश के इतिहास को सनातनी गौरव से महरूम करके वामपंथी विचारधारा का प्रसार हो !

इन वामपंथियों ने हमारे इतिहास को विकृत किया !बच्चों की किताबों में हीं मनचाहे बदलाव नहीं किये अपितु स्नातक और स्नातकोत्तर के भी पाठ्यक्रमों को बदल दिया !--उमाकाका अपनी कहे !

ठीक कहा आपने, तभी तो घोर हिंदू विरोधी वकील-तीस्ता जावेद सेतलवाड और एक एनजीओ माफिया शबनम हाशमी को कांग्रेस सरकारों ने 12 कक्षा तक किताब पब्लिस्ट करने वाली संस्था-एनसीईआरटी की काउंसिल में सबसे उंचे पद पर बैठाने थी !कांचा इलाया जैसे घोर हिंदूविरोधी को इस काउंसिल में रखा !विश्वविद्यालयों के लिए इतिहास लिखने के लिए महावांमपंथी और घोर हिंदूविरोधी रोमिला थापर और रामचंद्र गुहा को रखा गया !जिन लोगों ने भारत के इतिहास को विकृत हीं नहीं किया बल्कि हिंदू नायकों को पाठ्यक्रम से किक आउट कर दिया !--मास्टर साहब पुरे फार्म में दिखे !

अजी,हमने सुना है कि रोमिला थापर को जेएनयू में और इरफान हबीब को अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में बैठा दिया गया जिसने घोर हिंदू विरोधी पाठ्यक्रम बनाया और वांमपंथी विचारधारा को फैलाया ! आज टुक-ड़े-टुकड़े गैंग वैसी हीं विचारधारा का छोटा सा उदाहरण है !--डा.पिंटू भी पिछे नहीं !

कांग्रेस ने तो ऐसे हीं धूर्त इतिहांसकारों को बुद्धिजीवी की पदवी देकर अनेकों पुरस्का-रों से सम्मानित किया ! जबकि दुसरी ओर जितने भी अच्छे शोधकर्ता और इतिहास-ाकार थे उनके शोधपत्रों को गायब कर दिया गया ! आज देखियेगा तो जेएनयू में आरसी मजुमदार, जगन्नाथ सरकार, एस-ाआर राव जैसे सच्चे इतिहासकारों के शोधपत्र गायब हैं और इनकी पुस्तकों को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है !--मास्टर साहब मुंह बनाये !

ए सरजी, इ कांग्रेसिया आ कम्युनिस्टवा दूनों, सनातन के खिलाफ त बड़ा भीतरघात कइले बाड़न ए भाई !--मुखियाजी को जैसे अब समझ में आया !

कुछ भी हो आज, सनातन की रक्षा हेतु,मोदीजी के लिये बहुत जरुरी है कि शिक्षा जगत पर सांप की तरह कुंडली

जमाये इन हिंदूविरोधी हरामियों को जल्द से जल्द हटाया जाय !--पारसनेता दुखी थे !

नेताजी,मुझे खुशी है कि कई जगहों से इन इस्लामपरस्त सुअरों को मोदी सरकार ने भगाना शुरू कर दिया है ! तभी न ये सब हल्ला मनायें हैं कि मोदी, संविधान खत्म कर देगा,संविधान खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में है,देश खतरे में है !!--मैं रुका !

ए भाई, देश में घोटालेबाज, सनातन के खिलाफ षडयंत्र करेवाला आ राष्ट्रद्रोही खतरा में जरुर बाड़े स ! मोदी राज में अब ओहनी के चलत नइखे त चिल्लइबे नु करिहें स !!अच्छा अब चलल जाय !--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!

प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

आत्म दर्शन अन्वेषण का शसक्त माध्यम।

जीवन को परिष्कृत करने का पवित्र माध्यम है किताबें।

दैनिक समाज जागरण

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो' उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैंऔर सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें सुख और सच्चाईयों का भंडार होती है। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल मित्र की भूमिका निभाती है। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। 'पंचतंत्र'तथा 'हितोपदेश' इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञ-ासा को शांत करने का काम कर रही है। डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि पुस्तकें ज्ञान देने के साथ मार्गदर्शन तथा चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन है। पुस्तकों से राष्ट्र की युवा कर्ण धारों को नई दिशा दी जा सकती है तथा एकता और अखंडता का संदेश देकर एक महान और सशक्त राष्ट्र की पृष्ठभूमि रखी जा सकती है।

संजीव ठाकुर, चिंताक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

माधवराव सिंधिया

माधवराव सिंधिया का जन्म 10 मार्च, 1945 ई. को ग्वालियर के सिंधिया परिवार में हुआ था। माधवराव सिंधिया ग्वालियर राजघराने की राजमाता विजयाराजे सिंधिया और जीवाजी राव सिंधिया के पुत्र थे। माधवराव सिंधिया ने अपनी शिक्षा सिंधिया स्कूल से की थी। सिंधिया स्कूल का निर्माण इनके परिवार द्वारा ग्वालियर में कराया गया था। उसके बाद माधवराव सिंधिया ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से अपनी शिक्षा प्राप्त की। माधवराव सिंधिया का विवाह माधवीराजे सिंधिया से हुआ था। माधवराव सिंधिया के पुत्र ज्योतिरादित्य व पुत्री चित्रांगदा राजे हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया भी राजनीति में हैं। माधवराव सिंधिया का नाम मध्यप्रदेश के चुनिंदा राष्ट्रीय राजनीतिज्ञों में काफी ऊपर है। माधवराव सिंधिया राजनीति के लिए ही नहीं बल्कि कई अन्य रुचियों के लिए भी विख्यात रहे हैं। क्रिकेट, गोल्फ, घुड़सवारी और हर चीज के शौकीन होते हुए भी माधवराव सिंधिया ने सामान्य व्यक्ति जैसा जीवन व्यतीत किया था।

राजनीतिक सफर

रियासतों का वजूद देश में भले ही खत्म हो गया हो, राजा आम लोगों के निशाने पर रहे हों लेकिन मध्य प्रदेश की ग्वालियर रियासत एक ऐसी रियासत है जिसके लोग आज भी सिंधिया राज परिवार के साथ खड़े दिखाई देते हैं। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का हो। यदि प्रत्याशी सिंधिया परिवार का है तो उसकी जीत लगभग तय रहती है। हालांकि चुनावी मुकाबले कड़े होते हैं, पर पार्टी लाइन से हटकर लोग सिंधिया परिवार को ही समर्थन देते हैं। सिंधिया राज परिवार का समर्थन जिस प्रत्याशी को रहा है वह चाहे जिस भी दल में हो उसे लोगों ने जिताया है। 1952 से यही परंपरा चली आ रही है।

माधवराव सिंधिया अपनी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई पूरी करके वापस आने के बाद ज्यादातर समय मुंबई में ही व्यतीत करते थे। राजमाता विजया राजे सिंधिया उन्हें जनसंघ में लाना चाहती थीं। हिंदूवादी नेता 'सरदार आंग्रे' का राजमाता पर गजब का प्रभाव था। उन्हीं के चलते माधवराव भी जनसंघ में गए। 1971 में विजयाराजे सिंधिया के पुत्र माधवराव सिंधिया ने अपनी माँ की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा पढ़ना शुरू किया और उन्होंने तब पहला चुनाव जनसंघ से लड़ा। 1971 के इस चुनाव में माधवराव सिंधिया ने कांग्रेस के 'डी. के. जाधव' को एक लाख 41 हजार 90 मतों से पराजित किया। 1977 में सिंधिया स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे और उन्होंने बारह कोणीय संघर्ष में लोकदल के 'जी. एस. ढिल्लन' को 76 हजार 451 मतों से पराजित किया।

जीवन के सिद्धांत

सबका जीवन अपनी ही,
पसंद का कायल होता है,
अवसर वादिता का जीवन
मिथ्या जीवन कहलाता है ।

जीवन के परिवर्तन स्वेच्छा से हों,
बहाने बाजी से करना ठीक नहीं,
प्रेरणा का अति महत्व है जीवन में,
हेराफेरी से छल करना ठीक नहीं ।

खुद उपयोगी होना बेहतर है,
पर इस्तेमाल होना ठीक नहीं,
सर्वोत्तम बनना तो उत्तम है पर,
अनुचित स्पर्धा करना ठीक नहीं ।

अंतर्मन की सुनवाई तो उत्तम है,
दूसरों की रव में बहना ठीक नहीं;
आत्म सम्मान जीवन में उत्तम है,
स्वयं पर तरस दिखाये ठीक नहीं।

जीवन में कभी किसी के
चरित्र, परिपक्वता, मित्रता,
प्रेम व सत्यनिष्ठा की परीक्षा
करनी हो तो धैर्य के साथ करें।

प्रायः हर व्यक्ति अपने आप
में स्वभाव से अच्छा होता है,
ऐसी परीक्षा आखिरी जरूरत
समझ कर ही की जाती है ।

जीवन में कभी भी दूसरों
से उम्मीदें रखने के बजाय,
अपनी उम्मीदों पर निर्भर
रहना ही अच्छा होता है ।

जब दूसरों से की गयी
हमारी उम्मीद न पूरी हो,
तो इंसान का स्वभाव है,
कि वह दुखी हो जाता है।

पर स्वयं से की गई उम्मीदों के
पूरी होने से, या न भी पूरी होने
से खुद के उत्साह और जिज्ञासा
निश्चय ही दोनो जोश में बढ़ते हैं।

ईश्वर की कृपा से ही किसी
भी माँ की छाती का दूध,
नवजात शिशु के जीवन
का सम्बल बन जाता है ।

कवि की काव्य कल्पना
एवं उसकी रचना धर्मिता,
उसी प्रकार ईश्वर प्रदत्त
उपहार ही मानी जाती है ।

ये कल्पनायें, ये विचार
कवि के ही अंतर्मन के,
अविरल प्रवाह स्वरूप
ही बहने वाले होते हैं ।

यही सोच और ये ही विचार
लेखनीबद्ध हो कवि की कृति
में, आदित्य समाज सुधार
हेतु निरंतर मिलते रहते हैं ।

कर्नल आदि शंकर मिश्र,
आदित्य लखनऊ

बसंत बहार हो तुम

मेरी जिंदगी का सबसे हसीन
इत्तफाक हो तुम।

जो पूरा ना हो सका कभी
वो अधूरा ख्वाब हो तुम।

जो महका जाती है मेरी साँसों
को
वो मीठा से एहसास हो तुम।

बहुत दूर हो तुम मुझसे फिर
भी
मेरी धड़कनों के पास हो तुम।

जो सुनाई देती है हर वक़्त
मुझे
मेरे दिल की वो खामोश
आवाज हो तुम।

पतझड़ में भी जो महका
जाती है मुझे
मेरे लिये वो बसन्त बहार हो
तुम।

एक पल के लिए भी नही
भूल सकते तुम्हें
मेरे लिये जिंदगी में सबसे
खास हो तुम।

बिंदु अग्रवाल, किशनगंज बिहार

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

वेलसन मेडीसिटी ने हार्ट डे के अवसर पर वाकेथोन का किया आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना/समाज जागरण लखनऊ । बेलसन मेडीसिटी हॉस्पिटल में को कस्ट हार्ट डे के अवसर पर एक जागरूकता वाकेथोन का आयोजन किया गया। इस वाकेथोन का उद्देश्य था कि आम जनता को जागरूक किया जाए कि वो अपने हार्ट को स्वस्थ कैसे रखें जन साधारण को बताता है कि वो स्वस्थ हार्ट के लिए अपनी जीवन शैली को नियमित कर और व्यायाम, भोजन एवं दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें। क्योंकि स्वस्थ जन ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। बेलसन मेडिसिटी के कैम्पस से बाकेथोन को बृंदावन क्षेत्र, खरिका वार्ड 2 की पार्षद रजनी अवस्थी एवं वेलसन हॉस्पिटल के चेयरमैन डाक्टर शैलेश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।

इस बाकेथोन में बृन्दावन क्षेत्र एवं शहर के अनेकों अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्थान के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया इस अवसर पर बेलसन हॉस्पिटल के कार्डियन साइंसेज विभाग के चेयरमैन डाक्टर मोहम्मद मुबीन,कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉक्टर सतेंद्र तिवारी, सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर मोहम्मद तारिक अली डॉ. गौरव पांडे ने भाग लिया और इन सभी कार्डियक साइंसेज के चिकित्सकों ने जनता को बताया कि कैसे आप अपने हृदय को स्वस्थ रहखें और कैसे अपनी दिनचर्या को ठीक करें।

गायत्री होम्योपैथिक क्लीनिक एवं रिसर्च सेंटर द्वारा दो दिवसीय विशाल स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना/समाज जागरण

लखनऊ । गायत्री होम्योपैथिक क्लीनिक एवं रिसर्च सेंटर द्वारा दो दिवसीय विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है ।इस मेले में डॉ.शरद चंद्र राय के द्वारा मरीजों को मुफ्त सलाह एवम् दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। गायत्री होमियोपैथी में इस कार्यक्रम को रवि सिंह कुशवाहा द्वारा संचालित किया गया।

इस मेले में डॉ. आकाश पांडे, डॉ. अभिलाष मिश्रा, डॉ अंचल शर्मा, डॉ. प्रद्युम्न कुमार राय, डॉ रश्मीत कौर, डॉ. सुगंधा श्रीवास्तव, डॉ. कृष्णकांत, डॉ. अविनाश श्रीवास्तव, डॉ. आनंद दीपक एवम ब्लू लोटस हॉलिस्टिक, सेंट जॉर्ज होम्यो, डब्ल्यू एस आई प्राईवेट लिमिटेड, भार्गव प्राइवेट लिमिटेड, डॉक्टर रिक्वेग एंड कंपनी, नेशनल प्राइवेट लिमिटेड, बर्नेड प्राईवेट लिमिटेड, बैग एंड प्राईवेट लिमिटेड, बी.जैन ने भी सहयोग प्रदान किया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

डीएम ने शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूलों में चल रहे कायाकल्प कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश।

आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग में चल रहे कायाकल्प के कार्यों के विषय में गहन समीक्षा की। डीएम ने तीनों अथॉरिटी से विद्यालयों में कराए जा रहे निर्माण व मरम्मत के कार्यों के विषय में जानकारी ली तथा अथॉरिटी को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में ब्लॉक टास्क फोर्स व डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स से संबंधित अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण को आगामी एक दिवस में पूर्ण किए जाने के दिशा निर्देश दिए। विभिन्न सीएसआर द्वारा किए जा रहे कार्यों को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद के विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए समुचित उपाय करने के लिए कहा ताकि आगामी नेट परीक्षा में छात्रों के प्रतिभाग की संख्या और बढ़ाई जा सके। ठइटउ से प्राप्त डाटा के आधार पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत किए जा रहे सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का डाटा भी प्रस्तुत किया गया तथा चारों ब्लॉक के सपोर्टिव सुपरविजन कंप्लायंस का डाटा भी प्रस्तुत किया गया, जिसके लिए उन्होंने इसमें और सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, शिक्षा विभाग से समस्त एसआरजी,जिला समन्वयक बीईओ, वरिष्ठ प्रवक्ता श्री राहुल सिंह उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत खंड विकास कार्यालय दादरी में पोषण उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत खंड विकास कार्यालय दादरी गौतम बुद्ध नगर परिसर में पोषण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण उत्सव के आयोजन में रंगोली कार्यकत्रियों द्वारा निर्मित टी ० एल० एम० की प्रदर्शनी लगाई गई। तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई व 6 माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन किया गया एवं स्वस्थ बालक/बालिका स्पर्धा के अंतर्गत पांच स्वस्थ बच्चों को पुरस्कृत कर पोषण संबंधी जागरूकता संदेश प्रसारित किया

गया। उक्त आयोजन में श्री अन्न निर्मित व्यंजनों की प्रदर्शनी के माध्यम से जन समुदाय को श्री अन्न के प्रयोग के लिए जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में मा0 विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, रविंद्र जिंदल, मनोज मावी, दादरी ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र भाटी, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी दादरी मंजू वर्मा, पर्यवेक्षिका पूनम राय ,रेखा शर्मा एवं कुन्तेश उपस्थित रहीं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

स्वच्छता ही सेवा विषय पर पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश का बटालियन एनसीसी विंग द्वारा शुक्रवार को प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा विषय पर पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया कजिसमें बड़ी संख्या में कैडेट्स में पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता एवं रियूज, रिड्यूस तथा रीसाइकल के महत्व को दशार्या क

19 बटालियन से नायब सूबेदार जीबी चाको तथा हवलदार दीपक द्वारा पोस्टर तथा स्लोगन का परिणाम दिया गया प्रथम कैडेट पलक सिंह द्वितीय खुशी सिंह एवं प्रीति पांडे तृतीय ऋषिका सिंह और सिद्धि यादव सांत्वना पुरस्कार हेतु श्रेया शुक्ला, कोमल और श्रेया है।

आयुष्मान भारत योजना में यूपी की ऊंची छलांग, कई श्रेणियों में देश में नंबर वन

- पीएमजेएवाई को बेहरत ढंग से धरातल पर उतारने में जुटी योगी सरकार, मिलने लगी कामयाबी

- 4.77 करोड़ से अधिक हेल्थ अकाउंट बनाकर उत्तर प्रदेश देश में प्रथम

- हेल्थ प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन के मामले में भी उत्तर प्रदेश नंबर वन

- स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेशन में भी उत्तर प्रदेश सबसे आगे

- डिजिटल हेल्थ इंन्सेंटिव स्कीम में भी यूपी से सभी राज्य पीछे

लखनऊ, 29 सितंबर। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। प्रदेश ना सिर्फ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्मित करने में देश में नंबर एक स्थान पर है, बल्कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल हेल्थ इंन्सेंटिव स्कीम और स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेट करने में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं समय समय पर प्रदेश पीएमजेएवाई को लेकर किये जा रहे कार्यों की ना सिर्फ समीक्षा करते हैं बल्कि अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी करते हैं।

2.73 करोड़ मेडिकल हिस्ट्री भी अपडेट

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश 4,77,19,482 आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) जनरेट करके पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें, पश्चिम बंगाल छठे, कर्नाटक सातवें और ओडिशा आठवें स्थान पर है। वहीं इन 4.77 करोड़ अकाउंट्स के अंतर्गत 2.73 करोड़ से ज्यादा लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जा चुका है। इस मामले में भी यूपी देश के टॉप थ्री राज्यों में है। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात इस मामले में उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं।

अधिक से अधिक प्राइवेट हेल्थ सेंटर को जोड़ने में जुटी योगी सरकार

इसी प्रकार हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन (एचपीआर) के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में कुल 42,741 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स का रिजिस्ट्रेशन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत किया जा चुका है। इसमें 10 हजार से अधिक डॉक्टर और 32 हजार से अधिक नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं। वहीं हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन (एचएफआर) के मामले में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में 38,863 हेल्थ फैसिलिटी सेंटरों को रजिस्टर किया जा चुका है। इनमें सरकार और प्राइवेट स्वास्थ्य सुविधा केंद्र शामिल हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश और मध्य प्रदेश क्रमशः तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। कर्नाटन प्रथम स्थान पर है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि जितनी जल्दी हो सके प्रदेश के अधिक से अधिक प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान भारत योजना के साथ जोड़ा जाए।

डिजिटल टोकन से ओपीडी के लिए अब 4-5 मिनट की वेटिंग

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत स्कैन एंड टोकन जनरेट करने के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। यूपी में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सेवा के उपयोग से ऑनलाइन ओपीडी के लिए 33,79,592 टोकन रजिस्ट्रेशन किया गया, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। इस रैंकिंग में कर्नाटक दूसरे, जम्मू एवं कश्मीर तीसरे, दिल्ली चौथे, आंध्र प्रदेश पांचवें और छत्तीसगढ़ छठे स्थान पर है। डिजिटल ओपीडी टोकन रजिस्ट्रेशन का सबसे बड़ा लाभ ये हुआ है कि पहले जहां आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों को ओपीडी में दिखाने के लिए तकरीबन एक घंटे तक का इंतजार करना पड़ता था, जोकि अब घटकर 5 मिनट रह गया है। तकरीबन 34 लाख बार मरीजों ने अबतक स्कैन एंड टोकन जनरेट सुविधा का लाभ उठाया है। बता दें कि प्रदेश में ऐसे 545 अस्पताल हैं, जिनमें हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) का इस्तेमाल होता है।

एससी-एसटी छात्रों को योगी सरकार का तोहफा, इसी वर्ष से मिलेगी बढ़ी हुई स्कॉलरशिप

कक्षा 9 व 10 के छात्रों को 3,000 रुपए के स्थान परे 3,500 रुपए का होगा भुगतान

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र 31 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

पहली बार स्वच्छता कार्यों से जुड़े परिवारों के बच्चों को भी पढ़ाई के लिए मिलेगी आर्थिक सहायता

सभी आय वर्ग के परिवारों के बच्चों को मिलेगा लाभ, आवेदन पत्र में नहीं भरना होगा व्यक्तिगत विवरण

आधार कार्ड के द्वारा विद्यार्थी के सभी व्यक्तिगत विवरण स्वतः आवेदन में भर जाएंगे

छात्रवृत्ति का पोर्टल डिजीलॉकर व एनपीसीआई से जोड़ा गया

बीएससी या बीए पाठ्यक्रमों में छात्रवृत्ति पाने के बाद बीटेक में भी छात्रवृत्ति की सुविधा

लखनऊ, 29 सितंबर। योगी सरकार ने प्रदेश के एससी और एसटी से जुड़े लाखों छात्रों को बड़ी सौगात दी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष से सरकार पूर्व दशम छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 व 10 के अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को अब 3,500 रुपए प्रति वर्ष देगी। अभी तक इस वर्ग के छात्रों को प्रतिवर्ष 3,000 रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी। खास बात ये है कि अब ऐसे परिवार जो स्वच्छता कार्य से जुड़े हैं, इनके कक्षा 9 व 10 में पढ़ रहे बच्चों को भी सरकार की तरफ से पहली बार छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना का लाभ सभी आय वर्ग के परिवार ले सकेंगे।

सुगमता से मिलेगी छात्रवृत्ति

सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि बच्चों के व्यक्तिगत विवरण आधार से स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। विद्यार्थियों को अब आवेदन पत्र में निजी विवरण नहीं भरना होगा। आधार से नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि स्वतः प्राप्त हो जाएगी। साथ ही सीबीएसई एवं आईसीएससी बोर्ड से बच्चों के प्राप्तांक ऑनलाइन प्राप्त हो जाएंगे जिससे आवेदन के समय होने वाली त्रुटियों की संभावना खत्म हो जाएगी और अधिक से अधिक विद्यार्थी योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी प्रकार डिजिलॉकर और एनपीसीआई से पोर्टल को जोड़कर खाता संख्या इत्यादि भरने में होने वाली गलतियों को भी खत्म कर दिया गया है।

31 मार्च तक होंगे आवेदन

अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग में अब 31 मार्च तक कक्षा 11, 12 व अन्य ऊपरी कक्षाओं हेतु आवेदन किए जा सकेंगे, जिससे परीक्षा परिणाम देर से आने अथवा सत्र देर से प्रारंभ होने पर भी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जा सकेगा। बीएससी या बीए जैसे नॉन प्रोफेशनल कोर्स में छात्रवृत्ति प्राप्त करने के बाद बीटेक जैसे प्रोफेशनल कोर्स में भी अब छात्रवृत्ति की सुविधा मिलेगी।

बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी लागू

विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति चरणबद्ध रूप से लागू की जा रही है। जिन संस्थानों द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू नहीं की जाएगी उन्हे वित्तीय वर्ष 2025-26 से छात्रवृत्ति का लाभ नहीं दिया जाएगा।

कक्षा 9 व 10 में 12 वर्ष से 20 आयु के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा एवं कक्षा 11, 12 व अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 40 वर्ष की आयु तक छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकेगा।

अस्वच्छ पेशे से जुड़े परिवारों के छात्रों को भी मिलेगा लाभ

अस्वच्छ पेशे में लगे व्यक्तियों के कक्षा 9 व 10 में पूर्ण अवधि आधार पर अध्ययन कर रहे आश्रित छात्र भी छात्रवृत्ति का लाभ ले सकेंगे। अस्वच्छ पेशे से तात्पर्य उनसे है जो हाथ से मैला ढोते हैं, चर्मकार, कूड़ा उठाने वाले और जान जोखिम में डालकर सफाई प्रक्रिया को पूर्ण करते हैं। ऐसे परिवारों के छात्रों द्वारा अपने माता-पिता, अभिभावक का अस्वच्छ पेशे में कार्य करने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण पत्र स्थानीय निकाय, नगर निगम, नगर पालिका या राज्य सरकार द्वारा अधिकृत प्राधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।

62 जिलों में 2100 नलकूप निर्माण परियोजना को गति देगी योगी सरकार

-प्रदेश में सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग ने शुरू की तैयारी

-वर्ष 2023-24 में नाबार्ड पोषित नवीन राजकीय नलकूप निर्माण परियोजना की पूर्ति के लिए तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि की जारी

-बांदा, सुल्तानपुर, जौनपुर, मेरठ व भदोही समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में नलकूपों के आधुनीकिकरण के लिए 7.16 करोड़ रुपए खर्च कर मरम्मत कार्यों में लाई जाएगी तेजी

लखनऊ, 29 सितंबर। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में लागातार प्रयास कर रही योगी सरकार ने लोगों को सुरक्षित पेयजल पहुंचाने व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए वृहद स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में जलशोधन व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए गए हैं। इन निदेर्शों को एक विस्तृत कार्ययोजना की शक्ल दी गई है जिसके क्रियान्वयन के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग ने कई स्तरों पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के 62 जिलों में 2100 नलकूप निर्माण परियोजना के लंबित कार्यों को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 में तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 841.98 करोड़ रुपए है और नाबार्ड पोषित इस परियोजना के अंतर्गत 410 करोड़ रुपए की प्रावधानित राशि में से तीसरी किस्त के तौर पर मौजूदा धनावंटन को वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, बांदा, सुल्तानपुर, जौनपुर, मेरठ व भदोही समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में नलकूपों के आधुनीकिकरण के लिए 7.16 करोड़ रुपए खर्च कर मरम्मत कार्यों में तेजी लाने की प्रक्रिया को लेकर भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

प्रमुख अभियंता व विभागाध्यक्ष करेंगे कार्यों की पूर्ति को सुनिश्चित

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश में सिंचाई व जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता व विभागाध्यक्ष को कार्यों की पूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि परियोजना के तहत जारी की गई धनराशि का इस्तेमाल किसी अन्य मद में न हो। वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी नलकूपों का निर्माण व मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण और स्थापित मानकों के अनुरूप ही हो। साथ ही, वह इस बात को भी सुनिश्चित करेंगे कि निर्धारित कार्यों की पूर्ति के लिए खर्च की जाने वाली धनराशि उत्तर प्रदेश शासन की रूल बुक के अनुसार ही हो।

दक्षिण परिक्षेत्र, जौनपुर, बांदा, सुल्तानपुर, मेरठ व भदोही में होगा नलकूपों का आधुनिकीकरण

प्रदेश में दक्षिण परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तमाम जिलों में 100 से अधिक राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनीकिकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में सिंचाई व जल संसाधन विभाग बड़ा कदम उठाने जा रही है। परियोजना के लिए 2.99 करोड़ रुपए की धनराशि प्राविधानित है जिसमें से पहली किस्त के तौर पर 1.49 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे परियोजना के तहत लंबित कार्यों की पूर्ति में मदद मिलेगी। इसी प्रकार, बांदा में 137, सुल्तानपुर सदर क्षेत्र में 50, जौनपुर के शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में 22, मेरठ के नलकूप खंड पूर्व के अंतर्गत 80 राजकीय नलकूप व 14 पंप सेटों की प्रतिस्थापना व भदोही में 69 अदद राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण एक करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है। इस प्रकार, दक्षिण परिक्षेत्र समेत 5 जिलों में नलकूप के जल वितरण प्रणाली के आधुनीकिकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में कुल 7.16 करोड़ रुपए पहली किस्त के तौर पर जारी किया गया है।

डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

समाज जागरण

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के विवेकानंद ऑडिटोरियम हॉल में नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई, *जिसमें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) नितिन मदान , उप जिलाधिकारी (सदर) अंकित कुमार , एसीपी क्राइम अमित सिंह , , जिला औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर, प्रभारी तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ डॉ श्वेता खुराना, डिप्टी सीएमओ पवन कुमार ,एस एच ओए एन टी एफ सौरभ विक्रम सिंह, आबकारी निरीक्षक आशीष पांडे, गौरव चन्द्र , नामवर सिंह , शिखा ठाकुर ,चंद्रशेखर सिंह , गलगोटिया यूनिवर्सिटी के वी सी के .बाबू एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित कॉलेज के छात्र-छात्राओं से नशा से दूर रहने की अपील की और जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को निर्देश दिए की जनपद गौतम बुद्ध नगर को नशा मुक्त बनाने के लिए जनपद में व्यापक स्तर पर नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में अभियान चलाकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए आमजन को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए कि उनके द्वारा जनपद के सभी शैक्षिक संस्थानों व कॉलेजों को स्मोकिंग फ्री, अल्कोहल फ्री व नार्कोटिक्स पदार्थ फ्री बनाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा अधिकारियों का यह भी आह्वान किया कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू का विक्रय न होता पाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी शिक्षण संस्थान से 100 गज के दायरे में तंबाकू, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट का विक्रय होता पाया जाये तो संबंधित विक्रेता की सूचना संबंधित उप जिला अधिकारी, थाना प्रभारी व तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ को देते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अभियान में शैक्षणिक संस्थानों का भी भरपूर सहयोग लिया जाए ताकि शैक्षणिक संस्थानों द्वारा मैनेजमेंट टीम का गठन करते हुए तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान ज्यादा से ज्यादा घोषित किये जा सके। आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों के द्वारा अपने-अपने विभागवार नार्को कोर्डिनेशन सेंटर के संबंध में सभी को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। सभी विभागों ने अपना परिचय देते हुए नार्कोटिक्स पदार्थों के संबंध में सूचना देने के लिए बैठक में उपस्थित कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर गलगोटिया कॉलेज मैनेजमेंट की ओर से आश्वासन दिया गया कि कॉलेज को स्मोकिंग फ्री, अल्कोहल फ्री व नारकोटिक्स पदार्थ फ्री घोषित किया जाएगा।

दिव्यांगजनों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का पात्र दिव्यांगों तक शत प्रतिशत पहुंचाया जाए लाभ।

दिव्यांगों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का जनपद में किया जाए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगों के हितार्थ चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र दिव्यांगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला दिव्यांगता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को उपलब्ध करायी जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर लम्बित दिव्यांगजनों के यू० डी० आई० डी कार्ड को निर्धारित समय अवधि में बनाने का कार्रवाई की जाए एवं जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से समन्वयक स्थापित कर लम्बित दिव्यांगजनों के राशन कार्ड बनाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि दिव्यांगजनों को जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रदान किये जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक दिव्यागजनों को शिविर के माध्यम से चिन्हांकन कर विभागीय योजनाओ का लाभ प्रदान किया जाये।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक साइज 3X5 Cm

पेंशन शंखनाद रैली को लेकर हुआ विचार विमर्श

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। एनएमपीएस के बैनर तले 1 अक्टूबर में होने जा रही पेंशन शंखनाद रैली तैयारीयों को लेकर आज विकास भवन दबरई पर समस्त संगठनों के पदाधिकारी के साथ एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें रैली की तैयारी को लेकर जानकारी दी गई और सभी से प्रतिभाग करने का आह्वान किया गया सभी ने 1 अक्टूबर को दिल्ली प्रस्थान करने का आश्वासन दिया गया और कहा गया की पेंशन हम सभी का अधिकार है हम सभी मिलकर उसको हासिल करके रहेंगे जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार कृष्णज ने बताया कि Nmops व हम सब के संयुक्त संघर्ष का परिणाम है कि आज पुरानी पेंशन व्यवस्था देश के सात राज्यों में बहाल की जा चुकी है उन्होने कहा कि अभी लोहा गरम है इस समय यदि चोट मारी जाएगी तो उपयुक्त आकर लगा जिस लक्ष्य को लेकर हम संघर्ष कर रहे हैं वह हमें बहुत जल्द ही प्राप्त हो जाएगा कर्मचारी राज्य महासंघ के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश कुशवाहा जी ने कहा कि नेता स्वयं चार चार पेंशन लेते है और कर्मचारियों के लिए पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है यह कहां का न्याय है

इस मौके पर संदीप दीक्षित कर्मचारी शिक्षक संघ अनिल कुमार अध्यक्ष मिनिस्ट्रियल संघ प्रदीप कुमार पांडे संरक्षक कर्मचारी शिक्षक संघ दलबीर सिंह जूनियर इंजीनियर संघ जितेंद्र कुमार जावेद अली शिवा मैसी अध्यक्ष ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जितेंद्र कुमार यादव मंत्री ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ बृजभान पुंडीर राजकुमार सुभाष यादव अध्यक्ष संयुक्त परिषद डॉ दिलीप सिंह जाटव प्रधानाचार्य गौरी शंकर बिंद संजय सिंह व चन्द्रप्रकाश कई साथी उपस्थित रहे !

आखिर कब सुलझेगा चिकित्सक और महिला के बीच का विवाद

बलरामपुर की महिला ने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक पर लगाया था पैसा मांगने का आरोप

अधिकारियों के अश्वासन के बाद महिला ने समाप्त किया धरना

दैनिक समाज जागरण
सुनील श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर। मेडिकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू पीआईसीयू के नोडल डॉ एस एल पटेल से मरीज के बीच विवादों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज चिकित्सालय में अपने बच्चों का इलाज कराने आई एक महिला ने डॉक्टर एसएल पटेल पर एक बार फिर पैसे मांगने और उन्हें अपशब्द कहने का आरोप लगाया है। डॉक्टर पटेल के इस रवैया से नाराज महिला अपने बच्चे और कुछ स्थानीय सोशल वर्कों के साथ इमरजेंसी वार्ड पर धरने पर भी बैठ गई। बाद में उप जिलाधिकारी ललित कुमार मिश्रा ने डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद इमरजेंसी गेट से यह धरना समाप्त हुआ। आपको बताते चले कि पड़ोसी जनपद बलरामपुर की एक महिला अपने बच्चों का इलाज कराने सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज के अस्पताल आई थी वहां पर वह डॉक्टर एस एल पटेल के चेंबर में बच्चे को दिखाने के लिए गई । महिला का आरोप है कि डॉक्टर ने उनके बच्चों को नहीं

देखा और देखने के लिए 200 रुपये फीस की डिमांड करने लगे । महिला के विरोध करने पर उन्होंने बच्चों को दूसरे डॉक्टर को दिखाने और उनका कुछ भी न बिगड़ने की बात कही। मजबूर होकर महिला को इमरजेंसी गेट के सामने धरने पर बैठना पड़ा जहां महिला के समर्थन पर कुछ स्थानीय लोग और समाजसेवी भी आ गए। कुछ देर बाद इस मामले की जानकारी एसडीएम सदर को हुई एसडीएम सदर ललित कुमार मिश्रा, स्थानीय थाना अध्यक्ष सतीश सिंह और सीओ अखिलेश वर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे और महिला के साथ वहां धरने पर बैठे हुए अन्य लोगों को जांच कर डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिससे वहां बैठे लोगों ने धरने को समाप्त किया। आपको यह भी बताते चलें कि अभी एक हफ्ता पहले डॉक्टर एसएल पटेल पर एक महिला और उसके पति ने उसके बच्चे की मौत के बाद लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉक्टर ए के झा ने जिलाधिकारी ने निर्देश पर तीन सदस्य जांच कमेटी का गठन किया था लेकिन अभी तक जांच कमेटी की ना तो रिपोर्ट आई और ना ही डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है आए दिन डॉक्टर एसएल पटेल के इस व्यवहार से परेशान लोग अब किसी बड़े आंदोलन का मूल बना रहे हैं।

5लाख में हुआ पिता और बेटी की जान का सौदा।

अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।

लखनऊ।गुरुवार देर रात अंतरिक्ष अपार्टमेंट में भूमिगत निर्माण को लेकर किए जा रहे खनन से मौत के मुंह में समाए मुकद्दम 24,और उसकी दुधमुही बेटी आयशा 2 माह, के परिजनों ने एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंच कर जमकर हंगामा किया।मौके पर पीजीआई इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।
और हंगामा कर रहे परिजनों को समझाया।

एक को छोड़ सभी घायलों को मिली छुट्टी,
अपर आवास आयुक्त,हिमांशु गुप्ता,
डीएम सूर्यपाल गंगवार मौके पर पहुंचे।
मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से मदद की बात पर कहा यह तो निजी बिल्डर के अंडर कर रहे थे काम।
मृतक मुकादम अली के पिता शब्बीर की तहरीर पर अंतरिक्ष संस्था के मालिक पर मुकदमा दर्ज।

50 हजार नकद,5 लाख का वादा –

हंगामे के बीच मौके पर पहुंचे अंतरिक्ष बिल्डर के मालिक तरुण शर्मा,निवासी ग्राम सहनौली,थाना हसनपुर,जिला पलवल,हरियाणा ने परिजनों से मुलाकात कर दुख जताया,उन्होंने मृतकों के दाह संस्कार के लिए 50 हजार रुपए मुकद्दम की मां शाहजहां को दिए।और 5 लाख रुपए बाद में देने का वादा किया।
हादसे की सूचना पर,एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंची मृतक मुकादम अली की मां शाहजहां और पिता शब्बीर ने बताया कि वह मूल रूप से ग्राम घरिया,थाना आसपुर देवसरा,तहसील पट्टी,जनपद प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं।
बेटा मुकद्दम 24,पत्नी रुखसाना, बेटी अफसाना 4वर्ष,और आयशा 2माह को लेकर काम करने आया था।
और हादसे का शिकार हो गया।

पुकलैंड और जेसीबी मशीनों के चालकों की लापरवाही से गई जान –

मौके पर देखने और आसपास के लोगों का कहना था कि,सड़क से लगी हुई झुग्गियां बनी हुई हैं।और उसके ठीक पीछे करीब 30 फिट गहरा बेसमेंट खोदा जा रहा था। जिसमें झुग्गियों के बीच का हिस्सा

ईंटों और सीटों के साथ गहरे तक धंस गया।

गार्ड ने कहा सबको पहले बता दिया था कि झुग्गी में मत रहो –

अंतरिक्ष अपार्टमेंट में मौजूद गार्ड ने बताया कि शाम को ही सभी मजदूरों को बता दिया गया था कि,आप लोग झुग्गी में मत सोना,लेकिन वह नहीं माने।
क्या बोले अपर आवास आयुक्त -
अपर आवास आयुक्त हिमांशु गुप्ता से जब खनन के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि, आवास विकास परिषद ने प्लाट बेच दिया,निर्माण कार्य में,बिल्डर ने कहां कहां नियम का पालन नहीं किया यह जांच का विषय है।रात में ही नगर निगम के सक्षम अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जांच में जो आयेगा कार्रवाई की जाएगी।
डीएम साहब बोले -
अंतरिक्ष अपार्टमेंट के घटना स्थल को देखने के बाद जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचे, और वहां भर्ती दरोगा 56 वर्ष से मिलकर हालचाल जाना।
वहां से निकल कर उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान हादसा हुआ है,घायलों का उपचार सरकार की तरफ से कराया जा रहा है। दोषी कौन है यह जांच के बाद पता चलेगा।
सभी घायल सुरक्षित हैं,सिर्फ एक का उपचार किया जा रहा है।
जब उनसे मुख्य मंत्री आपदा राहत कोष से मदद की बात पूछी तो उनका कहना था कि, अभी बिल्डर से कुछ मदद दी गई है,सरकार के कोष से क्या मिल सकता है,देखा जायेगा।मृतक निजी बिल्डर के अंडर काम कर रहा था।
इन्स्पेक्टर पीजीआई राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि,मृतक मुकद्दम के पिता शब्बीर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कैलिफोर्निया यूएसए विश्विद्यालय से सम्मानित हुए डाक्टर भास्कर शर्मा

दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 21 सितंबर को सिद्धार्थनगर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा.भास्कर शर्मा को इंटरनेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूमैनिटी हैल्थ साइंस एंड पीस कैलिफोर्निया यूएसए ने शांति और मानवता की दिशा में योगदान के लिए सम्मान पत्र दिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 21 सितंबर को सिद्धार्थनगर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ों विश्व रिकार्ड प्राप्त व सैकड़ों पुस्तकों के लेखक डा.भास्कर शर्मा को सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी डा. भास्कर शर्मा ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में दिया है। उन्होंने आगे बताया कि यह सम्मान पत्र इंटरनेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूमैनिटी हैल्थ साइंस एंड पीस कैलिफोर्निया यूएसए ने शांति और मानवता की दिशा में योगदान के लिए दिया है। डॉक्टर भास्कर शर्मा ने आगे बताया कि अभी हाल ही में यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन अमेरिका द्वारा 19 मार्च को प्रशंसा पत्र के साथ एक लाख का पुरस्कार भी दिया गया है। बैक पीपुल काउंसिल महाराष्ट्र ने भी एक लाख रू. का पुरस्कार दे चुके हैं। डॉ शर्मा को पूर्व राष्ट्रपति अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप जी द्वारा प्रेसीडेंशियल एक्टिव लाइफ स्टाइल अवार्ड तथा प्रेसीडेंशियल यूथ फिटनेस अवॉर्ड विथ गोल्ड मेडल से भी नवाजा जा चुका है। पूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नायक जी ने होम्यो एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा था। डॉ शर्मा को पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव जी सर्जना पुरस्कार के साथ बीस हजार रुपए का पुरस्कार भी दे चुके हैं। डॉ शर्मा को पूर्व राज्यपाल असम डॉ भीष्म नारायण सिंह तथा पूर्व राज्यपाल मध्यप्रदेश डॉ महावीर भाई जी, पूर्व उपप्रधानमंत्री थाईलैंड कॉर्न डब्बारंसी, काठमांडू नेपाल राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी जी, न्यायमूर्ति हाईकोर्ट इलाहाबाद श्री रविंद्र सिंह जी ने भी होम्यो गौरव अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित कर चुके हैं। जज हाईकोर्ट इलाहाबाद उत्तर प्रदेश के श्री शेखर यादव जी ने डॉक्टर जी.बी.सिंह मेमोरियल नेशनल अवार्ड 2023 से सम्मानित कर चुके हैं। इसके अलावा डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन इंटरनेशनल अवॉर्ड लंदन, वरिष्ठ होम्योपैथिक इंटरनेशनल अवॉर्ड सिंगापुर, डॉ एलेन इंटरनेशनल अवॉर्ड थाईलैंड, डॉक्टर कैंट इंटरनेशनल अवॉर्ड मलेशिया, ग्लोबल आइकॉन पर्सनैलिटी ऑफ होम्योपैथी दुबई, होम्योपैथी शिरोमणि इंटरनेशनल अवॉर्ड मस्कट, स्टार आफ होम्योपैथी अवॉर्ड लंदन, ग्लोबल एनवायरमेंटल अवार्ड फिलीपींस, साहित्य रत्न अवॉर्ड कनाडा, बेस्ट होम्योपैथी अवार्ड नाइजीरिया, ग्लोबल आईकॉन पर्सनालिटी अवार्ड अफ्रीका, इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड इंडोनेशिया, डॉक्टरेट अवॉर्ड अल्जीरिया, होम्यो भूषण काठमांडू, होम्योपैथी श्री गोवा, होम्योपैथी रत्न, चिकित्सा रत्न सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। डॉ भास्कर शर्मा ने दुनिया में सबसे बड़ी गुर्दे की पथरी को तथा दुनिया में सबसे अधिक गुर्दे की पथरी बिना ऑपरेशन होम्योपैथी औषधि द्वारा गलाने पर, दुनिया की सबसे बड़ी बच्चेदानी की गांठ बिना ऑपरेशन होम्योपैथी औषधि द्वारा गलाने पर, दुनिया में सबसे अधिक मरीज देखने, दुनिया में सबसे अधिक निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने, होम्योपैथी के जन्मदाता डॉक्टर हनीमैन जयंती पर ग्रामीण अंचल में लंबी मानव श्रृंखला बनाने हेतु, होम्योपैथिक औषधि द्वारा अधिकतम रोगियों को गर्भाशय में गांठ को ठीक करने हेतु, वर्ष 2017 में बाल झड़ने वाले अधिकतम मरीजों की समस्या होम्योपैथी औषधि द्वारा दूर करने हेतु, होम्योपैथी के जन्मदाता के स्मारिका के लिए पोस्टर, छायाचित्र, पुस्तक, टिकट, सिक्का अन्य सामग्री के लिए, होम्योपैथिक औषधि से मानसिक रोगियों को ठीक करते हुए रोगी न होने का एहसास कराने हेतु, होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में साहित्य की अधिकतम(51) पुस्तकों के लेखन हेतु, होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के विभिन्न विषयों पर अधिकतम (90) पुस्तकों के लेखन हेतु, अधिकतम नवजात बच्चों को मुफ्त परामर्श देने हेतु, खसरा नियंत्रण हेतु 3 विकास खंडों के सरकारी स्कूल के अधिकतम बच्चों को (15753) को मुफ्त दवा वितरण करने हेतु, अधिकतम छात्रों (10000) को मुफ्त परामर्श देने हेतु, वर्ष 2017 में अधिकतम लड़कियों (11,000) को मुफ्त चिकित्सा परामर्श देने हेतु, डॉक्टर भास्कर शर्मा द्वारा लिखित होम्योपैथिक गीत को (1000) लोगों द्वारा गाने हेतु, वर्ष 2017 में मधुमेह के अधिकतम रोगियों को मुफ्त परामर्श देने हेतु, बिना ऑपरेशन होम्योपैथी औषधि द्वारा महिलाओं में सबसे बड़ी एडनेक्सल सिस्ट को गलाने हेतु, सबसे बड़ी गुर्दे की गांठ को बिना ऑपरेशन होम्योपैथी औषधि द्वारा गलाने हेतु दिया गया। इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में डॉ भास्कर शर्मा व होम्योपैथी का नाम दर्ज हो गया। सम्मान पाने की खुशी में कुलपति प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय रांची झारखंड के प्रोफेसर डॉक्टर सुरेश अग्रवाल जी, चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर कौशिक, गया होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज गया के प्राचार्य रविंद्र कुमार जी, पूर्व न्यायाधीश राज उपभोक्ता आयोग उत्तर प्रदेश के डॉक्टर चंद्रभाल श्रीवास्तव जी, सी बी यू यूनिवर्सिटी टोंगा के अंतरराष्ट्रीय डीन डॉक्टर बेगराज सिंह जी, डॉ. मधुसूदन घाणेकर विश्वास विद्यापीठ के कुलपति, जी बि.जी. यूनिवर्सिटी अमेरिका के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉक्टर अभिराम जी, राष्ट्रीय मानवाधिकार के महासचिव डॉक्टर अनमोल तेपुरने, यूनेस्क के इंडिया चेयरमैन डॉ बीके बजाज, डॉक्टर प्रणेश सिंह, ज्योत्सना सिंह, डॉक्टर राजकुमार शर्मा, डॉक्टर सोनपा विश्वकर्मा, डॉ भावना शर्मा, डॉक्टर बानी, डॉक्टर शिवानंद तिवारी, डॉ दिग्विजय शर्मा, डॉक्टर सीलनिगम, डॉ सी एल यादव, बरठाकुर, डॉ राजेंद्र परदेसी, डॉ ज्योत्सना विश्वकर्मा डॉ सुरेश उजाला, संतोष कुमार, महेश कुमार मौर्य आदि लोगों ने बधाइयां दी है।

मारपीट हुआ छेड़छाड़ के मामले में नहीं की पुलिस ने करवाई,एसपी से शिकायत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जिले के ललौली थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने अपने पारिवारिक जनों के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई युवती ने बताया कि वह दरवाजे के सामने लगे सरकारी हैंड पंप पर पानी भर रही है तभी विनय पुत्र राम किशोर के द्वारा वीडियो बनाया जा रहा था जिसका विरोध किया गया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर छेड़छाड़ की जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में मामले की

शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है गंभीर रूप से मारपीट की गई है जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वहीं पुलिस ने इस पर अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जिसको लेकर पीड़ित पक्ष अब एसपी की चौखट पहुंचा है और एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है वही एसपी को पीड़ित पक्ष ने बताया की उल्टा पीड़ित पक्ष का ही 151 में चालान कर दिया गया वही एसपी ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद के विकास कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं की, की समीक्षा।

समाज जागरण –बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने निर्धारित जनपद भ्रमण कार्यक्रमानुसार शुक्रवार को कलैक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर एवं बुकें भेट कर जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंत्री ने कलैक्ट्रेट सभागार में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे विकास कार्य व जन कल्याणकारी योजनाओं की एक एक कर गहनता से समीक्षा की और सम्बन्धित अधिकारियों को जनपद के चहुंमुखी विकास के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंत्री ने जनपद के पर्यटन के कार्यों की समीक्षा करते हुए पर्यटन अधिकारी आगरा को निर्देश दिए कि वह दो दिन में आर्किटेक्ट को बुलाकर ग्लास म्युजियम, ऑडिटोरियम हॉल व जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद कार्यालय के निर्माण के लिए सिविल लाइन में उपलब्ध भूमि का निरीक्षण कराकर जल्द कार्य प्रारम्भ कराए। इसी के साथ उन्होने जनपद में पर्यटन विभाग द्वारा एतिहासिक स्थलों व मन्दिरों पर पर्यटन के विकास के लिए कराए जा रहे कार्यों में तेजी लाए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होने बताया कि जनपद के रपडी क्षेत्र से बटेश्वर यमुना घाट व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मस्थली आदि क्षेत्र को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए उन्होने 100 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है, जिससे पर्यटन व वन विभाग ईको टूरिज्म को विकसित करेगा। उन्होने कहा कि यमुना में नौकाऐं व क्रुज चलाए जाएगें जहां जनपद व क्षेत्रवासी एवं पर्यटक इन सबका आनन्द महसूस करेंगे।
बैठक के दौरान उन्होने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि वह जनपद में उद्योगों को बढाबा देने व स्थानीय लोगों को रोजगार सृजन करने के लिए उद्यमियों द्वारा किए गए हस्ताक्षरित एमओयू को जल्द धरातल पर लाए। इसके लिए उन्होने जिलाधिकारी को भी निर्देश दिए कि

उद्योग स्थापित करने में उद्यमियों को आ रही समस्याओं को जल्द निस्तारण कर उद्योग इकाइयों को स्थापित कराए। उन्होने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अभियान चलाकर जनपद में सरकारी जमीनों को शत प्रतिशत अतिक्रमण मुक्त कराकर उन जमीनों पर सरकारी कब्जा करते हुए गौशालाओं के लिए चारा बुबाई, नेपियर घास बुबाई जाए जिससे गायों के लिए पर्याप्त हरे चारे की व्यवस्था हो सके। उन्होने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के आलू किसानों की मांग के अनुसार आलू बीज की वैरायटी का मांग पत्र लखनऊ भेजकर जनपद में पर्याप्त आलू बीज की उपलब्धता को सुनिश्चित कराए। उन्होने आश्वस्त करते हुए कहा कि जनपद से जितनी आलू बीज की मांग भेजी जाएगी उसे वह जिले के किसानों के हित में पूरी कराएगें। उन्होने कहा कि समय से किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाए। उन्होने ए आर कोऑपरेटिव को भी निर्देश दिए कि आगामी आलू व गेंहू की बुबाई को दृष्टिगत किसानों को यूरिया, डीएपी आदि उर्वरकों की कमी नही होनी चाहिए। इसके लिए जनपद में बफर स्टॉक से सहकारी समितियों, किसान केन्द्रों पर अभी से उर्वरक को स्टोर किया जाए और पहले से ही उर्वरक की और मांग कर ली जाए। उन्होने भरोसा दिलाया कि वह जनपद के किसानों को खाद्य, बीज व अन्य किसी चीज की कोई कमी नही आने देंगे। उन्होने ए आर कोंपरेटिव को यह भी निर्देश दिए कि वह किसानों के लिए ईफको व कृभको की मृदा परीक्षण मोबाइल लैव वैन का मांग पत्र भेजिए वह विभाग के प्रमुख को कहकर जनपद के लिए मोबाइल लैब उपलब्ध कराएगें ताकि किसानों की भूमि उर्वरक शक्ति की जांच हो सके और उसी के अनुसार किसान उर्वरक का प्रयोग करें।
बैठक के दौरान मा0 मंत्री जी ने नगर निगम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि वह नगर निगम को मॉडर्न बनाए और प्रदेश के सुन्दर शहरों में जनपद को लेकर आए, नगर को स्वच्छ व अति सुन्दर बनाए। उन्होने जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में 3273.73 करोड़ की धनराशि से सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण पंकज कुमार के अनुपस्थित रहने पर उन्हे कडी फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि वह अधिशासी अभियंता के विरूद्ध कार्यवाही करें। बैठक में उपस्थित ए ई जल निगम को निर्देश दिए कि वह योजना का प्रारम्भ जनप्रतिनिधियों से भूमि पूजन व शिलान्यास कर कराऐं। उन्होने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे गोल्डन कार्ड की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि यह योजना प्रधानमंत्री की अति महत्वाकांक्षी योजना है, इसका लाभ प्रत्येक पात्र को मिलना चाहिए इसके लिए वह युद्ध स्तर पर गोल्डन कार्ड बनवाकर लाभार्थियों को उपलब्ध करवाए जाऐ। बैठक के दौरान टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, महापौर कामिनी राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपुत, हाथवन्त सुरेश, एवं जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, नगर आयुक्त घनश्याम मीणा, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, अपर जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना का नाम है स्काउट और गाइड:- अश्वनी जैन

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंज। जिला स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, संस्था फिरोजाबाद के तत्वाधान में स्काउट और गाइड के तृतीय सोपान जांच शिविर का समापन कार्यक्रम गिरधारी इंटर कॉलेज, सिरसागंज में जिला सचिव डॉ सहदेव सिंह चौहान, जिला सहायक आयुक्त स्काउट, फिरोजाबाद अश्वनी कुमार जैन, जिला संगठन आयुक्त आनन्द बाबू एवं प्रभारी प्रधानाचार्य शिव कान्त त्रिपाठी के संयोजन में किया गया। सभी के द्वारा स्काउट और गाइड द्वारा लगाए गए तम्बू, बिना बर्तन के भोजन आदि का अवलोकन भी किया गया। जिसमें सभी अतिथियों द्वारा स्काउट और गाइड की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।
अश्वनी कुमार जैन ने सभी स्काउट के छात्रों एवं गाइड की छात्राओं को स्काउट की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें सेवा एवं समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सेवा, सहयोग और समर्पण का नाम स्काउट और गाइड है। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर प्रतिभाग करने की जानकारी साझा की।
जिला सचिव डॉ सहदेव सिंह चौहान ने विद्यार्थियों में स्काउट के प्रति जोश भरते हुए कहा कि आप सभी का प्रशिक्षण अभी जारी रहेगा। आप सभी सदैव सेवा भाव के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही बीएसजी परीक्षा की जानकारी साझा की। एलओसी स्काउट एवं जिला आयुक्त प्रशिक्षण

कोमल सिंह यादव एवं एलओसी गाइड सपना वर्मा द्वारा शिविर के विद्यार्थियों को स्काउट से सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे विद्यार्थियों में स्काउट एवं गाइड के प्रति रोचकता प्रदर्शित हुई। कोमल सिंह यादव ने बताया कि इस शिविर में गिरधारी इंटर कॉलेज, श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, कोमल स्काउट ओपन दल, शिकोहाबाद, क्षेत्रीय इंटर कॉलेज, भारतीय इंटर कॉलेज धातरी, जूनियर हाईस्कूल उरमुरा, पाली इंटर कॉलेज शिकोहाबाद, आर्य जनता इंटर कॉलेज पैगू, नटखट स्काउट दल शिकोहाबाद, आर्य स्काउट दल उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला गढ़ैया, संकट मोचन स्काउट दल, राधा रानी स्वतंत्र गाइड कंपनी शिकोहाबाद के स्काउट में 92 एवं गाइड में 42 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिला संस्था द्वारा कोमल सिंह यादव एवं सपना वर्मा को सम्मानित भी किया गया।शिवकान्त त्रिपाठी ने शिविर के सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आनन्द बाबू ने किया। इस अवसर पर संतोष पाल, अतर सिंह राजपूत, भास्कर आर्य, ध्रुव कान्त झा, हरिपाल सिंह, अंजू यादव, साधना कुलश्रेष्ठ, सोमवीर सिंह, जय किशन गौरव, संजय यादव, साधना, मधुबाला, संजीव कुमार, सत्यवीर सिंह, मनीष कुमार, संजय पांडेय, दीपक गुप्ता, मधुरेश शुक्ला, पवन कुमार, पुष्प रत्न गुप्ता आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

आयुष्मान कार्ड शिविर का सांसद और पूर्व विधायक ने किया उदघाटन

आयुष्मान शिविर का उदघाटन करते हुए सांसद डॉ. चंद्रसेन जादौंन और पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा व अन्य।

दैनिक समाज जागरण

शिकोहाबाद। प्रधानमंत्री की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए नगर के पथवारी रोड स्थित माथुर वैश्य धर्मशाला में एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन सांसद डॉ. चंद्रसेन जादौंन और पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा ने फीता काट कर किया। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।
भाजपा सरकार द्वारा लोगों को पांच लाख रुपये तक का बीमारी में इलाज कराने के उद्देश्य से पांच अथवा उससे अधिक यूनिट वाले राशन उपभोक्ताओं के लिए आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। एसे उपभोक्ता

जिनके परिवार में पांच सदस्य या उससे अधिक हैं, उनके प्रत्येक सदस्य का कार्ड बनाया जा रहा है। जिसमें परिवार के सदस्य को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। शिवर में एसे उपभोक्ता जिनके परिवार में पांच अथवा उससे अधिक सदस्य हैं,शिविर में पहुंच कर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब, मजदूर और अन्य वर्गों के एसे परिवारों के लिए यह स्कीम निकाली है, जो लोग बीमारी में पैसा खर्च नहीं कर सकते हैं। उन लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार मिल सकेगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष विशाल गुप्ता, सतीश यादव, राजीव गुप्ता, जितेंद्र कुमार जीतू, प्रिंस जैन, रिंकू शर्मा, विष्णु सक्सेना सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की महिला सशक्तीकरण मुहिम का असर

एसएसपी आसीष तिवारी ने दारोगा पारुल मिश्रा को सौंपा मटसेना का चार्ज

नई तैनाती –मटसेना प्रभारी पारुल मिश्रा

दैनिक समाज जागरण

शिकोहाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा देश व प्रदेश में चलाई जा रही महिला सशक्तीकरण अभियान का असर अब जिले में भी दिखने लगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने जनपद के 23 थानों से एक थाना मटसेना में महिला शिक्त उप निरीक्षक पारुल मिश्रा को चार्ज सौंपा है। पारुल मिश्रा शिकोहाबाद में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थीं, जिन्हें एसएसपी ने अब मटसेना का प्रभारी बनाया है।
जनपद में महिला सशक्तीकरण का प्रभाव शुक्रवार को दिखा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मटसेना थाना के प्रभारी को कोतवाली दक्षिण का प्रभारी बनाया है, जबकि कोतवाली

शिकोहाबाद में उप निरीक्षक के पद

पर तैनात दारोगा पारुल मिश्रा को मटसेना का प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी इस तैनाती से जिले में महिला सशक्तीकरण के अभियान से जोड़ कर देखा जा रहा है। लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास होने के

बैंकों द्वारा अतिक्रमण किए जाने को लेकर नगर पालिका ने बैंकों को नोटिस भेजने का फैसला किया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद नगर पालिका क्षेत्र में मौजूद बैंकों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत पर नगर पालिका ने संबंधित बैंकों को नोटिस भेजने का फैसला किया है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर 'इंजीनियर मौअज्जम को दिए एक ज्ञापन में अवगत कराया कि नगरपालिका नजीबाबाद के क्षेत्र मे आने बाले कई बैंको द्वारा ग्राहको को कोई पार्किग की व्यवस्था नही दी गई है जिस कारण बैंको मे आने जाने बाले अपने वाहनो को बैंको के बाहर सड़क पर खडा कर देते है जिस कारण सडक पर अतिक्रमण हो जाता है तथा इस कारण हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है वही जाम भी लग जाता है।

आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबध मे नगरपालिका नजीबाबाद के क्षेत्र में आने बाले उन बैंको के विरूद्ध कार्यवाही के आदेश जारी करने की मांग नगर पालिका अध्यक्ष से की जो अपने ग्राहको को पार्किंग की सुविधा ना देकर सड़क पर अतिक्रमण को बढावा दे रहे है। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस संबंध में संबंधित बैंकों के विरुद्ध कार्यवाही का आश्वाशन दिया है। उधर इस संबंध में नगर पालिका परिषद ने शिकायत के संबंध में संबंधित बैंकों को नोटिश भेजने का फैसला किया है। इस अवसर पर शानू सैफी, महताब इंजिनियर आदि भी उपस्थित थे

भारतीय किसान यूनियन देवेंद्र नगर कौड़िया ने पानी की समस्या का समाधान कराए जाने का दिया आश्वासन

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण

बिजनौर कोड़िया/देवेंद्र नगर नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव देवेंद्र नगर कोड़िया में पानी की समस्या को लेकर धरना दे रही महिलाओं के बीच भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने पहुंचकर उनका हाल जाना। महिलाओं का कहना है की कई वर्षा से उनका गांव देवेंद्र नगर पानी के अभाव में जिंदगी गुजार रहा है। महिलाओं का आरोप है की ग्राम प्रधान की लापरवाही के चलते उनके गांव में जनहित सुविधाओं का अभाव चल रहा है। गाँव में तीन नल लगे हुए हैं जिनमें पानी नहीं आता। पानी के नल सिर्फ शो पीस बने हुए हैं। गांव के अंदर बने प्राथमिक विद्यालय के नल में भी पानी नहीं आता। महिलाओं का कहना था की उनके गांव में आने वाला राशन भी घटिया किस्म का होता है। चुनाव से पहले उनसे बड़े बड़े वादे किए जाते है लेकिन चुनाव के बाद सब वादे खोखले साबित होते है। उनका गाव वर्षों से पेयजल की समस्या से वंचित है। जल ही जीवन है के तहत गाव के कुछ निर्धन परिवारों को निःशुल्क कनेक्शन वितरित हुए थे। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी सम्बंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते पेयजल की आपूर्ति शुरू नही हुई। जिस कारण ग्रामवासियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन के इस्तेमाल के लिए पानी कोटद्वार उत्तराखंड से लाना पड़ रहा है। ग्रामीण महिलाओं का यह भी कहना है कि जब उन्हे सरकारी आवास, सरकारी शौचालय का लाभ मिल रहा है तो फिर पानी की समस्या क्यों बनी हुई हैं।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल ने जब इस संबंध में वन रेंजर कौड़िया क्षेत्र राम मुसाफिर यादव से बात की तो उन्होने देवेंद्र नगर को वन क्षेत्र बताया और कहा परमिशन लेकर ग्रामीण पानी का बोर करवा सकते है। मौके पर पहुंचे जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल ने डीएफओ को फोन कर देवेंद्र नगर के ग्रामीणों की पानी की समस्या से अवगत कराते हुए समाधान कराए जाने की मांग की।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रईसउद्दीन अंसारी, यूवा जिलाध्यक्ष शहजाद, ब्लॉक अध्यक्ष विपिन ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी जीशान नजीबाबादी, नईम अहमद, अफजाल अंसारी, सादिक अहमद, योगेश चौहान, अकबर इत्यादि कार्यकर्ता मौजुद रहें।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक आ-फर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए वन आरक्षी सम्मानित

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण कालागढ़ शुक्रवार को कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ में वन आरक्षी (प्रथम सत्र) के दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन आरक्षियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा० धीरज पाण्डेय, निदेशक,कार्बेट टाइगर रिजर्व ने वन आरक्षियों को उनको कर्तब्य पथ में ईमानदारी के साथ चलने का संदेश दिया। जानकारी अनुसार समीपवर्ती कालागढ़ में वन आरक्षी प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जिसमें वन आरक्षी को डॉक्टर धीरज पांडे डायरेक्टर कॉर्बेट रिजर्व ने बताया की सभी वन आरक्षी को जनता के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत है वही अपने संपर्क सूत्र मजबूत बनाएं तभी आप वन्य जीव एवं वनों की रक्षा कर सकते हैं। हमारा पहला लक्ष्य वन्य जीव की सुरक्षा है वही वन आरक्षी युवाओं को उज्जवल भविष्य के लिए कामना की उन्होंने विभिन्न आयोजन में प्रथम, द्वितीय ओर तृतीय स्थान पाने वाले वन आरक्षियों को सम्मानित किया।जिसमें अंकित रावत, राजाजी टाइगर रिजर्व(प्रथम), प्रशान्त रावत, राजाजी टाइगर रिजर्व(द्वितीय), बन्टी सहगल गोविन्द वन्यजीव विहार (तृतीय) स्थान पर पुरुस्कृत किए गए जबकि बन्टी सहगल गोविन्द वन्यजीव विहार को वन वर्धन ट्राफी, विरेन्द्र सिंह बिष्ट कार्बेट टाइगर रिजर्व को वन अभियांत्रिकी ट्राफी, विपिन चन्द्र, राजाजी टाइगर रिजर्व को सामुदायिकी वानिकी ट्राफी, प्रशान्त रावत, राजाजी टाइगर रिजर्व को वन उपयोग ट्राफी मनोज सिंह रावत, केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी ट्राफी, दीपक कुमार, गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान को क्रियात्मक कार्य / खेलकूद प्रथम ट्राफी, राजकिरण सजवाण, केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग को क्रियात्मक कार्य / खेलकूद द्वितीय ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व निदेशक धीरज पांडे ने प्रशिक्षण केन्द्र के खेल मैदान में पासिंग आउट परेड का निरीक्षण कर गॉर्ड ऑफ ऑनर लिया गया। प्रशिक्षण केन्द्र के ऑडिटोरियम हाल में डॉ. शालिनी जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ के संचालन में दीक्षान्त समारोह राष्ट्रीय गान के साथ आरम्भ किया गया। इन्द्र सिंह बिष्ट, वन क्षेत्राधिकारी, कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ द्वारा वन आरक्षी प्रशिक्षण कोर्स का विस्तार से प्रस्तुतिकरण किया गया।

पुलिस समाज की मित्र, घबराने की जरूरत नहीं - कुलदीप कुमार

संविलियन विद्यालय बंजरिया में स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रशिक्षक शिविर का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। संविलियन विद्यालय बंजरिया में स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्राइम इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने कहा कि पुलिस समाज की मित्र होती है। इसलिए पुलिस से घबराने की जरूरत नहीं है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर क्राईम कुलदीप कुमार व प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन मनोज कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर क्राइम ने छात्र छात्राओं को भ्रष्टाचार , आत्म रक्षा, यातायात नियम, महत्वपूर्ण हैल्प लाइन नम्बर, सामाजिक कुरीतियां, महिला व बाल हिंसा, पुलिस कार्य प्रणाली आदि के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। उन्होंने बच्चों को कैरियर टिप्स देते हुए कहा कि उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए अध्ययन हेतु कार्ययोजना तैयार कर बेहतर पढ़ाई की जा सकती है। बच्चों ने मुख्य अतिथि के विचारों को तन्मयता से सुना और उनके सवालों का तत्परता के साथ जबाव दिए। स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के नोडल प्रभारी कांस्टेबल राजीव सिंह चौहान व महिला कांस्टेबल प्रिया ठाकुर ने भी बच्चों से संवाद किया। प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन व नोडल शिक्षक मनोज कुमार सिंह ने स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक पूनम लता सक्सेना ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान राजीव सिंह, प्रिया, जगतपाल आदि स्कूली स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

प्रचार नही तो व्यापार नही- विज्ञापन के लिए संपर्क करे.

नगर में धूमधाम से निकाली गई पालकी यात्रा

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। पर्यूषण दशलक्षण महापर्व के पश्चात समापन पर नगर में जैन समाज द्वारा भगवान शांतिनाथ की पालकी यात्रा बैंडबाजों के साथ निकाली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर शुक्रवार को पर्यूषण पर्व के पश्चात समापन पर जैन समाज द्वारा बड़े जैन मंदिर से भगवान शांति नाथ की पालकी यात्रा बैंडबाजो के साथ बड़ी धूम धाम से निकाली गई। भगवान शांतिनाथ की पालकी यात्रा नगर के अनेक मोहल्लों से होती हुई जैन मंदिर पर संपन्न हुई। इस दौरान जैन समाज की महिला,बच्चे बड़ी संख्या में पालकी के साथ रहे।यात्रा के बाद जैन मंदिर में भगवान का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर विपिन जैन, अन्नु जैन,अतुल जैन, निखिल जैन,जितेन्द्र कुमार जैन, सुशील रस्तोगी, आकाश माहेश्वरी, प्रमोद विश्नोई,अरविंद जैन,सतेन्द्र जैन, विपिन जैन,विकास जैन,विपुल जैन आदि पालकी यात्रा में शामिल थे

मंत्री जितिन प्रसाद ने 35938.040 लाख रुपए की लागत से 14 कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास।

शावेज अहमद /दैनिक समाज जागरण

मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश जितिन प्रसाद ने अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान रामपुर शहर स्थित उत्सव पैलेस में आयोजित जनसभा को संबोधित किया और जनपद के विभिन्न मार्गो पर कराए गए कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मंत्री ने लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम द्वारा बनाए गए 26423.240 लाख रुपए की लागत से 09 कार्यों का शिलान्यास किया तथा 9514.800 लाख रुपए की लागत से लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम द्वारा विभिन्न प्रकार के 05 कार्यों का लोकार्पण किया।

इस प्रकार 35938.040 लाख रुपए की लागत से 14 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि जिले में जो भी सड़कें बनाई जा रही हैं उनके निर्माण में किसी भी तरीके से गुणवत्ता में कोई समझौता नही किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनसभा में मौजूद लोगों को बताएं कि जो सेतु और सड़कें बन रही हैं वे कब तक तैयार होंगी जिस पर अधिकारियों ने कार्यों के लिए निर्धारित समयावधि के बारे में जब बताया तो मंत्री जी ने कहा कि यथासंभव तय समय से पहले ही कार्य पूर्ण कराएं ताकि जनता को यथाशीघ्र उन कार्यों का लाभ मिले। यदि निर्माण के दौरान गुणवत्ता के साथ समझौता हुआ तो कठोरतम कार्यवाही होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों का युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य कराने के निर्देश हैं इसलिए अधिकारी गंभीरता दिखाएं और सड़कों की मरम्मत में कोई लापरवाही न करें। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि जनता के धन का सदुपयोग हो रहा है और वह उनकी सुविधाओं और संसाधनों के विकास के लिए लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि रामपुर के विकास के लिए धन की कोई कमी नही है इसलिए जरूरत के अनुसार सड़कों और सेतुओं की मरम्मत व निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पास किए गए महिला आरक्षण बिल का भी जिक्र करते हुए कहा कि इससे महिलाओं के अधिकारों में वृद्धि हो रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार संवेदनशील है और लगातार कठोर कदम उठाए जा रहे हैं।

इसके बाद मंत्री ने शहर में नवनिर्मित गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया और गेस्ट हाउस को संचालित करने के दौरान जरूरत के बारे में अधिकारियों से विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि जरूरी संसाधनों की उपलब्धता हेतु प्रभावी कदम उठाने के साथ ही यथाशीघ्र गेस्ट हाउस का संचालन प्रारंभ किया जाए। कोसी नदी पर बने 490 मीटर लम्बे सेतु पर पहुँचकर मंत्री ने लोकार्पण किया। इस दौरान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी, विधायक शहर श्री आकाश सक्सेना, पैक्सफेड के चेयरमैन सूर्य प्रकाश पाल और जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

नगर में निशान भगवा यात्रा व श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आज

भजन सम्राट कन्हैया मित्तल व भजन गायिका आयुषी राज कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे

बिसौली आई एम खान। शनिवार को आयोजित निशान भगवा यात्रा व श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर श्याम सेवा सेवादार परिवार युद्धस्तर पर तैयारियों में जुट गया है। मदनलाल इंटर कालेज के विशाल मैदान में संगठन के पदाधिकारियों ने महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। श्याम सेवादार परिवार के धर्मेंद्र वार्ष्णेय व चितरंजन गुप्ता ने बताया कि शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे बुधबाजार से दबतोरी रोड स्थित खाटूश्यामजी धाम तक भव्य निशान भगवा यात्रा निकाली जाएगी। शाम सात बजे से मदनलाल इंटर कालेज मैदान में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में प्रख्यात भजन सम्राट कन्हैया मित्तल व भजन गायिका आयुषी राज अपने सुरों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर विशाल पंडाल आदि की व्यवस्थाओं को देर रात तक पूरा कर लिया जाएगा।

गांधी जयंती पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एक सप्ताह चलायेगा स्वच्छता अभियान

शावेज अहमद रामपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गाँधी जयंती से पूरे सप्ताह मनाया जाएगा स्वच्छता जागरूकता सप्ताह। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष महात्मा गांधी के जन्मदिवस दो अक्टूबर से सम्पूर्ण प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो से आठ अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित कराया जाएगा। पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रश्मि रानी ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सम्मिलित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन होगा। जिसमें राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वच्छता जागरूकता अभियान शीर्षक के अधीन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय व छात्रों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

पूर्व विधायक अफरोज अली खान के आवास पर उत्तर प्रदेश कॉन्ग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

शावेज अहमद / दैनिक समाज जागरण

रामपुर। शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक पूर्व विधायक अफरोज अली खां के आवास पर हुई जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं रामपुर के प्रभारी चैधरी असलम मियां ने रामपुर पहुंचकर बूथ कमेटियों के गठन पर

पदाधिकारियों से चर्चा की। प्रदेश सचिव चैधरी असलम मियां ने कहा कांग्रेस ने केवल देशहित के लिए काम किया हैं। कांग्रेस ने आजादी से आजतक सिर्फ विकास का रास्ता चुना हमेशा चुनाव में विकास के नाम पर वोट मांगे, क्या यह काम किसी और राजनीतिक दल ने किया। भाजपा महिला आरक्षण बिल लाई कांग्रेस ने उसका पूर्ण समर्थन किया और सोनिया गांधी ने कहा इस बिल कों अविलंब तत्काल लागू किया जाए। सरकार ने इसको लेकर साफ नहीं किया यह बिल कब से लागू किया जाएगा। भाजपा देश कि महिलाओं कों गुमराह कर रही हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी चाहते है कि महिला आरक्षण बिल इसी वर्ष लागू हो और इसका लाभ महिलाओं कों मिले। पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। 2024 में देश को बचाने कि लड़ाई लड़ना हैं। हम सबका एक ही मकसद हैं देश में साम्प्रादायिक शक्तियों कों हराकर देश में विकास करने वाली सरकार बने। राहुल गांधी ने जो भारत जोड़ों यात्रा निकालकर देश में मोहब्बत और एकता का पेगाम दिया हैं हमें उसको आगे बढ़ाना हैं।

इस मौके पर महफूज उर रहमान खां, लल्लन खां, जगमोहन मोना, ताहिर अंजुम, अकरम सुलतान, नसीम मलिक, अब्दुल जब्बार खां, रामगोपाल सैनी, शारिक जापानी, सुहैल खां, जिबरान खां, खुशनूद खां, अजहर खां, जिशान रजा, मुसव्विर खां, करामत खां, शमी तुर्की, मणि कपूर, शाहवेज खां, ताबिश खां, दानिश अली, नूर मोहम्मद आदि मौजूद थे।

त्रिवेणी इंटर कॉलेज में नन्हे - मुन्नों की विधानसभा के चुनाव संपन्न, छात्र - छात्राओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

बिसौली आई एम खान। त्रिवेणी इंटर कालेज भटपुरा में बच्चों की पांच विधानसभा के चुनाव में नन्हें मुन्नों समेत छात्र छात्राओं ने बढ़चढकर मतदान किया।

शुक्रवार को पांचों विधानसभाओं के 14 प्रत्याशियों के भाग्य हुए मत पेटिकाओं में बंद हो गए। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। प्रबंधक ज्ञान सिंह पाल ने बताया कि गंगा विधानसभा से सोनी देव, प्रिया, राधा विधानसभा से धर्मेश यादव व मोनू धनगर, कृष्णा विधानसभा में देवांशु पाल व अक्षत सक्सेना, सीता विधानसभा से शिवांशु, शिवाश चौहान, संगीता, सूरज, रचित, ललित व यश और राम विधानसभा से राखी धनगर ल कंचन धनगर प्रत्याशी के रूप में भाग्य आजमा रहे हैं। शनिवार 30 सितंबर को मतों की गणना के उपरांत परिणाम घोषित किए जाएंगे।

पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस कार्यालय की शाखाओं का निरीक्षण

शावेज अहमद रामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा पुलिस कार्यालय की शाखाओं का किया आकास्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा पुलिस कार्यालय की शाखा वाचक कार्यालय, प्रधानलिपिक शाखा, डी.सी.आर.बी, शिकायत प्रकोष्ठ, आंकिक शाखा, वाचक अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर पेशी, जनसूचना सेल, आईजीआरएस, रिटसैल, मानवाधिकार शाखा, महिला एवं बाल सुरक्षा इकाई, मॉनिटरिंग सेल, विशेष जॉच प्रकोष्ठ सहित अन्य शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा कार्यालय के अभिलेखों के रख रखाव एवं उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों तथा कार्यालय की साफ-सफाई आदि को चेक किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में वासु पूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक धूम धाम से मनाया

शावेज अहमद /
दैनिक समाज जागरण

शावेज अहमद रामपुर। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में वासु पूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक बहुत धूमधाम से मनाया गया। भगवान के लड्डू के प्रायोजक कस्तूरचंद जैन, शिखर जैन रहे और भगवान को लाडू चढ़ाया मुख्य लाडू भगवान को सर्वेश जैन खंडेलवाल के साथ समर्पित किया। द्वितीय लाडू सौरव जैन, मेघा जैन द्वारा भगवान को समर्पित किया गया। तृतीय लड्डू राहुल जैन, एकता जैन द्वारा समर्पित किया गया। चतुर्थ लाडू श्रेयांश कुमार जैन, अंकित जैन, अविरल जैन द्वारा समर्पित किया गया। मनोज जैन सेठी, रेणु जैन, विशाल जैन, रुचि जैन, संजीव जैन, अमित जैन, सुधा जैन द्वारा भगवान को लाडू समर्पित किया गया। जय श्री दीदी ने अपनी मधुर आवाज में पूजन अर्चना कर सबका मन मोह लिया। सभी भक्तों ने नाच गाकर भगवान की पूजन में भाग लिया। भगवान की आरती करने का सौभाग्य सर्वेश जैन खंडेलवाल, सीमा जैन खंडेलवाल को प्राप्त हुआ। दोपहर में अनंतनाथ भगवान का अभिषेक किया गया और अनंत चतुर्दशी कथा का वचन भी किया गया शाम को डॉक्टर शीनू जैन, समीर जैन द्वारा महा आरती का आयोजन किया गया। उसके बाद ब्रह्मचारिणी साधना दीदी ने उत्तम ब्रह्मचर्य अपने जीवन में कैसे पालन करें इस विषय पर सभी का मार्गदर्शन किया। अध्यक्ष दिनेश जैन खंडेलवाल द्वारा दीदी को भेंट में उपहार दिए गए। नेहा जैन खंडेलवाल द्वारा बहुत सुंदर भजन की प्रस्तुति की गई। इसके प्रायोजक सुनील कुमार जैन, पुलकित जैन थे। इसके बाद श्रेया जैन द्वारा पंचकल्याण पर बहुत सुंदर विचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया और प्रेरित द्वारा बहुत सुंदर मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। दीप प्रज्वलन शिखर चंद जैन, सुभाष जैन द्वारा किया गया। चित्र अनावरण श्रेयांश जैन द्वारा किया गया। रथ यात्रा की बोली विशाल जैन द्वारा कराई गई जिसमें रथ में भगवान को लेकर बैठने वाले खवासी की बोली सुनील कुमार जैन, पुलकित जैन को मिली, सारथी की बोली जो कि भगवान के रथ को लेकर को लेकर चलेंगे उसका सौभाग्य श्रियांश जैन को प्राप्त हुआ। भगवान के रथ पर कुबेर बनने का सौभाग्य अनुराग जैन को प्राप्त हुआ। जैन, अनंग जैन, अजय जैन, भारती जैन, नीता जैन, नवीन जैन, शुभम जैन, संयम जैन, अनु जैन, राखी जैन, खुशी जैन, रेखा जैन, अर्चना जैन, सुनीता जैन ,अक्षय जैन, समान जैन, नरेश जैन, विशेष जैन, अंकित जैन आदि मौजूद रहें।

लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

लेखपालों में मचा हड़कंप

समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद तहसील में तैनात एक लेखपाल का रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। लेखपाल द्वारा ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के नाम पर एप्लीकेंट से रिश्वत ली गई है। शाहाबाद तहसील में लेखपाल कार्यालय में मियांपुर के लेखपाल जितेंद्र कुमार वीडियो में एक एप्लीकेंट से ही ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के नाम पर रुपए लेकर अपनी पीछे की जेब में पैसा रखते हुए दिख रहे हैं। यह वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल किया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लेखपालों एवं तहसील प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

लगभग 27 बरसों में भी नहीं कट पाए चाऊपुर में कागज पर किसानों के चक

समाज जागरण,ब्युरो

हरदोई।तहसील सवायजपुर में गांव चॉऊपुर के किसान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जैसे मेड़बंदी, समतलीकरण, फ्री बोरिंग, अनुदानित ट्यूबवेल, सौर ऊर्जा जैसी तमाम योजनाओं से इसलिए वंचित है कि वर्ष 1996 में गजट की गई चकबंदी प्रक्रिया 27 वर्षों में भी पूर्ण नहीं हो पाई। चक कहां मिलेगा इस कारण इन योजनाएं का लाभ किसान नहीं ले पा रहा है। इतना ही नहीं गांव से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित छोटे खेत में जुताई, सिंचाई, कटाई एवं धुलाई हेतु ले जाने वाले कृषि उपकरणों ट्रैक्टर, बैलगाड़ी, पंप सेट आदि के लिए कोई भी रास्ता न होने के कारण खड़ी फसल में ले जाने से किसानों का नुकसान भी होता है। तथा कभी कभार छोटे से बड़े झगड़े भी हो जाते हैं, छोटे-छोटे खेत होने के कारण अन्ना जानवरों से बचाने के लिए तार आदि की अलग-अलग व्यवस्था करनी पड़ती है।और रखवाली के अभाव में बहुत से खेतों में फसल ही नहीं बो पाते हैं तथा कभी-कभार छुट्टा जानवर पूरी फसल ही नष्ट कर देते हैं गांव के मध्य से पक्का डामर मार्ग गुजरा है।लेकिन खेत या चक्र कहां पर बनेगा इस कारण बहुत से लोग अपने आवास तथा छोटे-मोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठान को भी सड़क पर नहीं बन पा रहे हैं। चकबंदी विभाग हरदोई तो मात्र कागजी खानापूर्ति और बहाने बाजी करके अपने कर्तव्यों की इति श्री कर रहा है।लेकिन ताज्जुब यह हो रहा है कि शासन स्तर पर होने वाली समीक्षाएं भी बेकार साबित हो रही हैं जो 27 वर्षों से लंबित चकबंदी प्रक्रिया को नहीं देख पाने के साथ-साथ शासन की नीति मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नमेंस को पूर्णता ठेंगा दिखा रहा है।पता नहीं शासन और प्रशासन की कुंभकरणी नींद कब टूटेगी।

प्रचार नहीं तो व्यापार नहीं- विज्ञापन के लिए संपर्क करें.

सण्डीला में 3 से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह कार्यक्रम प्रस्तावित:-डीएम

ब्लाक सहित 10 ग्राम पंचायत भवनों में वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ेगें जनप्रतिधि व अधिकारी

दैनिक समाज जागरण हरदोई।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्डों के इण्डीकेटर में उन्नयन में किये जा रहे प्रयासों में एक सुनिश्चित दिशा देने के उद्देश्य से नीति आयोग द्वारा दिनांक 03 से 09 अक्टूबर तक आकांक्षात्मक विकास खण्ड सण्डीला में एक संकल्प सप्ताह कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है जिसका शुभारंभ मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 30 सितम्बर 2023 को दोपहर 12 बजे भारत मण्डपम प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया जायेगा ।

उन्होने बताया कि टू-वे लिंक के माध्यम से विकास भवन, हरदोई एवं वेबकास्टिंग के माध्यम से विकास खण्ड सण्डीला व विकास खण्ड सण्डीला के अन्तर्गत 10 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में उपर्युक्त कार्यक्रम से जुड़ेगें। वर्चुअल माध्यम से वर्चुअल माध्यम से उक्त कार्यक्रम में विकास भवन सभागार हरदोई में जन प्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी सहित न्यूनतम 100 प्रतिभागी, सण्डीला विकास खण्ड सभागार में जनप्रतिधि एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी सहित न्यूनतम 100 प्रतिभागी तथा विकास खण्ड की न्यूनतक 10 ग्राम पंचायतों (मवई मुसलमनान, मलईया, मीतो, पहरहावां, साख, सनई, सोम, जामों, मण्डौली) में प्रत्येक स्थान में न्यूनतम 20 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा ।

जिलाधिकारी ने कहा कि विकास भवन में वेबकास्टिंग हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये जाने हेतु परियोजना निदेशक ग्रा०वि०अ०, हरदोई नोडल अधिकारी होंगे, तथा विकास खण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर वेबकास्टिंग हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कराये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी, सण्डीला नोडल अधिकारी होंगे। विकास खण्ड में सम्पूर्ण कार्यक्रम निर्धारित स्थानों पर आयोजित कराये जाने हेतु इंगित अधिकारी उत्तरदायी होंगें।

धान क्रय के दृष्टिगत स्टोरेज की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए:-डीएम

मिलर्स को जनपद स्तर पर पूरा सहयोग किया जायेगा:- एम0पी0 सिंह

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में क्रय एजेंसियों एवं मिलर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी धान क्रय के दृष्टिगत स्टोरेज की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। एक अक्टूबर से होने वाले क्रय के लिए सभी 144 क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने दी जाए। मिलर्स ने पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, डिप्टी आरएमओ, क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधि व मिलर्स आदि उपस्थित रहे।

नवागंतुक एसपी ने एक निरीक्षक सहित सात उपनिरीक्षकों का किया स्थानांतरण

समाज जागरण,ब्युरो

हरदोई।नवागंतुक पुलिस अधीक्षक केशवचंद्र गोस्वामी ने जिले की कमान संभालते ही जनपद में पुलिस के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को महिलाओं से संबंधित अपराध पर सख़्ती से कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए थे। उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी थानों में जाकर वहां का निरीक्षण किया तथा आवश्यक अभिलेख की भी जांचे और परखे थे।

उसके बाद ही लगने लगा था कि जल्द ही तबादलों का सिलसिला शुरू हो सकता है। और हुआ भी ऐसा ही देर रात पुलिस अधीक्षक केशवचंद्र गोस्वामी ने एक उपनिरीक्षक सहित सात उपनिरीक्षकों का तबादला करते हुए 24 घण्टे में नवीन तैनाती स्थानों पर आमद कराने के भी निर्देश दिए हैं।पुलिस अधीक्षक द्वारा बीती रात किए गए तबादलों से विभाग में हड़कंप मच गया है।

मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्रत्येक थाने में एक महिला को थानाध्यक्ष बनाए जाने के निर्देश का पालन करते हुए महिला थाने का प्रभार देख रही भावना भारद्वाज को बघौली का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं महिला उपनिरीक्षक अर्चना शुक्ला को जन सूचना सेल से स्थानांतरित करते हुए कार्यवाहक थानाध्यक्ष महिला थाना बनाया है। एसपी ने यातायात निरीक्षक बालकृष्ण मिश्र को सुरसा थाने का प्रभारी निरीक्षक जबकि थाना सुरसा की कमान संभाल रहे उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण थाना सवायजपुर की रूपापुर चौकी किया गया है।

बघौली थाने की कमान संभाल रहे उपनिरीक्षक शिव शंकर मिश्रा का स्थानांतरण चौकी प्रभारी गंज जलालाबाद थाना मल्लावा किया गया है।साथ ही सांडी थाने में तैनात उपनिरीक्षक धर्मेंद्र गिरी को शहर कोतवाली की सदर चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। अचानक हुए स्थानांतरण से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है।

दहेज अधिनियम का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फांसी पर झूलता मिला था शव

समाज जागरण,प्रशांत तिवारी

हरपालपुर,हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र के सेवाराम पुरवा मजरा कुचिला में एक विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ शव मिलने पर मृतका के पिता की तहरीर पर पति सहित 6 लोगो के खिलाफ अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाते हुए अभियोग दर्ज कराया गया था।पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के सेवाराम पुरवा मजरा कुचिला बिजना गांव निवासी अरविंद की शादी बिलग्राम थाना क्षेत्र के मक्कू पुरवा गांव निवासी मकरंद की पुत्री अर्चना के साथ हुई थी।बीती 26 सितंबर को अर्चना का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी पर झूलता मिला था।अर्चना के पिता ने पति अरविंद व सास सहित 6 ससुरालीजनो के खिलाफ अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।गुरुवार को थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने घटना के आरोपी पति अरविंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पूछताछ के लिए लाये गए अधेड़ ने थाने में खाया जहर

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई। मधौगंज थाने में एक आरोपी ने पुलिस कस्टडी में जहर खा लिया। जिसे आनन फानन में पुलिस कर्मी हरदोई के मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां गंभीर हालत में उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। जिसके बेटे पर पिता के सहयोग से किशोरी को भगाने का आरोप है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है, डॉक्टरों ने सस्पेक्टेड प्वाइजन बताया है।

जानकारी के अनुसार माधौगंज थाना क्षेत्र के हसनपुर ज्योली निवासी 50 वर्षीय ओम प्रकाश गुप्ता को स्थानीय पुलिस एक महिला के अपहरण के मामले में थाने लेकर आई थी। गुरुवार की देर रात ओम प्रकाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उस पर महिला को अपहरण करने संबधित धाराओं भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366 के तहत अभियोग पंजीकृत था। पुलिस ने रात में आरोपी को थाने पर रखा। सुबह पुलिस अभिरक्षा में ओम प्रकाश गुप्ता ने जहर खा लिया। जिसके बाद पुलिस कर्मी उसको हरदोई के मेडिकल कॉलेज लेकर गए। जहां उसकी हालत बिगड़ती देख आनन फानन में लखनऊ रेफर कर दिया गया। फिलहाल थाने के अंदर हुई इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। एसपी केशव चंद गोस्वामी,एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार समेत सीओ सतेंद्र सिंह ने माधौगंज थाने पहुंच कर घटना का जायजा लिया है, साथ ही मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

एसपी केशव चंद गोस्वामी ने बताया कि ये थाना माधौगंज का प्रकरण है, जहां पर 363 और 366 का मुकदमा दर्ज है। जिसमें एक ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र पुत्तू है, जिनके लड़के ने एक लड़की को भगाया है, इसीलिए इनको पूछताक्ष के लिए शाम को थाने लाया गया था। जो रात्रि में रहा और थाने पर खाना भी खाया और सुबह में फ्रेश होने के लिए गए, जहां इनको उल्टी हुई और पेट में दर्द होने की शिकायत भी हुई। जिसके आधार पर इनको सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सस्पेक्टेड प्वाइजन बताया है। जिनको गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां से केजीएमयू में भर्ती कराया गया। वहां पर उनकी हालत स्थिर बनी हुई है और ठीक है।

दरिंदे ने 6 वर्ष की मासूम के साथ किया दुष्कर्म

मासूम की चीख पुकार सुन ग्रामीणों ने आरोपी को दबोचा

स्वास्थ्य उपकेंद्र के खाली कमरे में मासूम के साथ युवक ने की हैवानियत

दैनिक समाज जागरण,ब्युरो

हरदोई।सांडी थाना क्षेत्र में हैवानियत व दरिंदगी की शर्मसार घटना ने लोगो को झकझोर कर रख दिया है।एक 6 वर्षीय मासूम को घर से बाहर खेलते समय आरोपी दरिंदा बहला फुसलाकर स्वास्थ्य उपकेंद्र के खाली कमरे में ले गया।और वहां उसने उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला।मासूम को निर्वस्त्र कर दरिंदे ने जब उसके साथ दुष्कर्म किया तो उसकी चीखें गांव तक पहुंच गई।ग्रामीण मासूम की चीख पुकार सुनकर दौड़े और घटनास्थल पर आरोपी को दबोच लिया।वहीं खून से लथपथ मासूम चीखती चिल्लाती बदहवास हालत में मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा मासूम को गम्भीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सांडी थाना क्षेत्र में आरोपी विनोद ने दरिंदगी की घटना से लोगो को शर्मसार कर दिया।घर के बाहर खेल रही एक 6 वर्षीय मासूम को अपनी हवस का शिकार बनाने के लिए बहला फुसलाकर स्वास्थ्य उपकेंद्र के अंदर ले गया।स्वास्थ्य कर्मी गांव के अंदर आयुष्मान कार्ड बनाने गए थे जिससे अस्पताल के कमरे खाली पड़े थे।दरिंदे ने मासूम को निर्वस्त्र कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला।मासूम चीखती चिल्लाती रही लेकिन दरिंदे को कोई तरस नही आया।मासूम के चीखने की आवाज पर ग्रामीण दौड़कर स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुंचे तो उन्होंने इस शर्मसार घटना को देखा।जहां मासूम नग्न अवस्था मे बदहवास हालत में जमीन पर पड़ी चीख रही थी।ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और गम्भीर हालत में मासूम को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

अभिलेखों सहित साफ सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

समाज जागरण,कमलेश कुमार

मल्लावां,हरदोई। मल्लावां कोतवाली का पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने अभिलेखों के रख रखाव,मालखाना, मेस, शस्त्रगार, बंदीगृह, बैरक और महिला हेल्थ डेस्क का निरिक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

गुरुवार की शाम पुलिस केशव गोस्वामी ने मल्लावां कोतवाली का निरिक्षण किया गया। ऐसे में उन्होंने अभिलेखों के रख रखाव देखा। उसके पश्चात कंप्यूटर, सीसीटीवी कैमरे के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मालखाना शस्त्रागार में रखें शस्त्रों का भी निरीक्षण किया। सीज वाहनों होने वाले वाहनों को भी देखा और उनके रखरखाव के साथ नीलामी आदि के निर्देश दिए दिए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेकर तत्काल निस्तारण करने का पुलिस अधिकारीयों के भी निर्देश जारी किए। इस दौरान पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त भी किया।

बाढ़ के बाद संक्रामक रोगों की आमद से कराह उठा कटियारी

गांवो में बुखार व खांसी के बढ़ रहे मरीज

दैनिक समाज जागरण ,ब्युरो

सवायजपुर, हरदोई।क्षेत्र की गंगा व रामगंगा तथा गम्भीरी नदियों में बरसात व बांधो से छोड़े गए पानी के चलते आयी बाढ़ तो धीरे धीरे कम हो गयी लेकिन बाढ़ की विभीषिका से नदियों के तटवर्ती इलाके के लोग अब संक्रमण की चपेट में कराहने को विवश हैं।जहां एक तरफ जानवरो के लिए हरे चारे का संकट है वहीं ग्रामीण इलाके के लोग बुखार व खासी जैसे संक्रमण से जूझने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों रामगंगा,गंगा व गम्भीरी नदियों में आई बाढ़ से नदियों के किनारे बसे अरवल इलाके के आधा सैकड़ा गांव व मजरों में बाढ़ की तबाही से लोगो की फसलें बर्बाद हो गयी।पशुओं के लिए खेतो में खड़े हरे चारे पर भी ग्रहण लग गया।अब धीरे धीरे जैसे ही बाढ़ का पानी सिमटने लगा और नदियों का जलस्तर कम हुआ वैसे ही आसपास के दहेलिया, सुलखामऊ, मंगरौरा, मुर्बा, शाहबुद्दीनपुर, बड़नापुर, ढकपुरा, जवाहरपुरवा, नंदना, अलीशेरपुरवा, करनपुर, मड़ैया, दयालपुर, महताब पुरवा सहित तमाम गांवो में जुखाम ,बुखार व खांसी के संक्रमण से लोग परेशान हैं। बाढ़ के समय इन गांवो में या गांवो के आसपास हफ़्तों पानी भरा रहा जिससे यहां मच्छरों का लार्वा लोगो के लिए मुसीबत लेकर आ गया।आमजनों के साथ साथ पशुओं के लिए हरे चारे का संकट भी लोगो के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा है।स्वास्थ्य विभाग की टीमें आयुष्मान कार्ड बनाने में जुटी है ऐसे में मरीजों के लिए एक मात्र गैर पंजीकृत डॉक्टरों का सहारा लेना मजबूरी है।लोगो ने बाढ़ से प्रभावित रहे गांवो में एंटीलार्वा दवाओं का छिड़काव कराने व पानी की शुद्धता के लिए क्लोरीन आदि की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

15 वर्षीय दलित किशोर के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

हत्यारोपी को आलाकत्ल सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

खेत से एक गन्ना तोड़ने पर बांका मारकर कर दी थी हत्या

ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने दिया 10 हजार का इनाम

दैनिक समाज जागरण ,बी जी मिश्र

हरदोई।मझिला थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय दलित किशोर के ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।इस मामले में एक युवक को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार किया है।ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने 10 हजार का ईनाम दिया है।किशोर की हत्या महज खेत से एक गन्ना तोड़ने पर कर दी गयी थी।

बताते चलें कि मंझिला थाना क्षेत्र के मुजहा गांव निवासी इस्माइल उर्फ नंगा ने थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी 15 वर्षीय मुकेश की हत्या को अंजाम दिया था।दरअसल मंझिला थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी 15 वर्षीय मुकेश पुत्र रामबचन कक्षा 5 का छात्र था।वह रोज की भांति 25 सितंबर को पढ़ने के लिए निकला था लेकिन जब देर शाम तक घर न आया तो उसकी तलाश की गई तो उसका शव इसी थाना क्षेत्र के मुजहा मजरा पारा निवासी शहाबुद्दीन के गन्ने के खेत की मेड पर पड़ा पाया गया।उसके सर के पिछले हिस्से पर चोट के निशान थे।सूचना मिलने पर एसपी केशव चन्द्र एएसपी दुर्गेश सिंह सीओ शाहाबाद हेमंत उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे थे।मृतक के पितां की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था व खुलासे के लिए चार टीमें व स्वाट सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था।घटना का खुलासा करते हुए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल की गई और तमाम सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए तो मुजहा गांव का रहने वाले इस्माइल उर्फ नँगा पुत्र शहाबुद्दीन की भूमिका संदिग्ध पाई गई तो इसे हिरासत में लेकर इससे पूछताछ की गई तो इसने किशोर की हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया और बताया कि उसने उसके सर पर बांके से हमला कर दिया था जिससे मौके पर ही मौत हो गई तो बांके को गन्ने के खेत मे छिपा दिया और चला गया।घटना के पीछे के कारणों का जब पुलिस ने पता लगाया तो पुलिस भी हैरान रह गयी।दरअसल मृतक मुकेश द्वारा पहले भी इस्माइल के खेत से गन्ना तोड़ा गया था तब इस्माइल ने भविष्य में गन्ना न तोड़ने की बात कही थी।घटना वाले दिन भी मृतक ने खेत से गन्ना तोड़ लिया जिसके बाद इस्माइल ने इस घटना को अंजाम दिया।एसपी ने बताया कि थानाध्यक्ष मझिला सुव्रत नारायण त्रिपाठी व उनकी टीम के साथ खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार का इनाम दिया है।

रघुनाथपुर गांव से जो सड़क लेढूपुर रोड पर जाकर मिलती है आए दिन होता है रोजाना विवाद पुलिस की गस्त ना होने के कारण स्थानियों के मन सातवें आसमान पर

आम जनमानस का रहना हुआ दुश्वार

रोड पर पान की गुमटी बनी शराबियों का अड्डा

सारनाथ पुलिस के ढीले रवैया के कारण आम जनता परेशान

वाराणसी सारनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत लेढूपुर इंस्टीट्यूट से रघुनाथपुर गांव को जोड़ने वाली मेन सड़क के कुछ बासिंदो के कारण अन्य निवासियों का रहना हुआ दुश्वार । रोजाना लड़ाई झगड़े के कारण निवासी नहीं जुटा पाते हिम्मत इनका विरोध करने के लिए अन्यथा यह उनसे भी दो-दो हाथ करने को आतुर हो जाते हैं।स्थानीय रामसेवक ने बताया कि सारनाथ थाने की पुलिस एक भी बार ना हीं दिन में और ना ही रात में गस्त करने हमारे क्षेत्र में नहीं आती है। अगर पुलिस रोजाना पेट्रोलिंग कर तो यह आलम हम लोगों को न झेलना पड़े रहना दुश्वार हो गया है बच्चे रात में स्कूल की पढ़ाई तक नहीं कर पाते हैं। अगर ऐसा ही रहा तो किसी दिन भारी बवाल होने की आशंका है।

अनियंत्रित ट्रक पुलिया के दीवाल पर चढ़ा ड्राइवर बाल बाल बचा

वाराणसी ब्यूरो /वाराणसी चौबेपुर क्षेत्र के चंद्रावती पेट्रोल पंप के पास स्थित नाले पर बने पुलिया पर एक ट्रक जिसका नम्बर बीआर 1 जीजे 4252 अनियंत्रित होकर पुलिया के दीवाल पर चढ़ गया। बताया जा रहा है की ट्रक चालक मुहम्दाबाद गाजीपुर से मेडिसिन लादकर राजातालाब के वीरभानपुर जा रहा था। दुर्घटना से चालक रत्नेश यादव निवासी मिजार्पुर बाल-बाल बच गया। चालक रत्नेश ने बताया की सुबह 10:30 बजे वाराणसी जाते वक्त झपकी लग जाने के कारण ट्रक नियंत्रित होकर पुलिया के दीवाल पर चढ़ गया।

दिनदहाड़े पुलिस चौकी के सामने युवती से लूटा गया मोबाइल

बाइक पर सवार दो युवकों ने दिया घटना को अंजाम

समाज जागरण,रामप्रकाश राठौर /शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं परंतु पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। पुलिस नौ चोरियों में से अब तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई थी ऊपर से लूटपाट की घटनाएं बढ़ने लगी। तीन दिन पहले संकटा देवी मार्ग पर एक व्यक्ति से हुई लूट के बाद जामा मस्जिद पुलिस चौकी के समक्ष बाइक सवार दो बदमाशों ने शाहजहांपुर जा रही एक युवती के हाथ से मोबाइल छीना और चंपत हो गए। युवती ने कोतवाली में तहरीर दी है । शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सैय्यबाड़ा निवासी सपना पुत्री श्यामवीर रेडीमेड की दुकान चलती है । अपने व्यापारिक सिलसिले में वह शाहजहांपुर माल खरीदने के लिए जा रही थी । शाम तकरीबन 5:00 बजे अपने घर से निकल कर जमा मस्जिद चौकी के पास पहुंची। वैसे ही पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आए और उसके हाथ से झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर अल्लाहपुर की ओर भाग गए। युवती के अनुसार वह काफी चीखी चिल्लाई परंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया और बाइक सवार युवक काफी दूर निकल गए। बताया जाता है कि इससे कुछ दिनों पूर्व इसी स्थान पर एक और युवक का भी मोबाइल छीना जा चुका है । जामा मस्जिद पुलिस चौकी के समक्ष हुई लूट की इस घटना ने पुलिस सुरक्षा की कलई खोलकर रख दी है। इससे पूर्व शाहाबाद नगर क्षेत्र में नौ बड़ी चोरियां हो चुकी हैं। जिनमें लाखों रुपए की नगदी और सामान पर चोर हाथ साफ कर चुके परंतु अपराधों पर अंकुश लगाने की शेखी बघारने वाली पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का पदार्फाश नहीं कर सकी। ऊपर से अब लूटपाट की घटनाएं भी तेजी पकड़ गई है।

समकालीन मूर्तिकार सुनील कुमार की मूर्ति कला प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

समाज के विभिन्न आयामों को बखूबी मूर्तियों में प्रदर्शित किया सुनील कुमार ने

वाराणसी ब्यूरो दैनिक समाज जागरण

वाराणसी। राम छाटपार शिल्पन्यास, महेश नगर कॉलोनी सामने घाट लंका में शुक्रवार को सुनील कुमार की बनाई गई मूर्तियो की प्रदर्शनी का शुभारंभ शाम को हुआ। प्रदर्शनी का शुभारंभ बड़ौदा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के पूर्व डीन प्रोफेसर शिवजी के . पनीकर ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मूर्ति कला विभाग की पूर्व विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अमरेश चंद्र भट्टाचार्य रहे। 8 अक्टूबर तक आयोजित यह प्रदर्शनी को लोगों के आलोकनार्थ प्रतिदिन दिन में 11:00 से शाम 7:00 बजे तक रहेगी। सुनील कुमार एक समकालीन मूर्तिकार है, जो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय दृश्य कला संकाय के मूर्ति कला विभाग मे तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत है। आप मूर्ति कला के क्षेत्र में बहुआयामी प्रतिभा वाले कलाकार हैं। पटना बिहार के रहने वाले सुनील कुमार ने बीएफ एमएफए लखनऊ विश्वविद्यालय के कला व शिल्प महाविद्यालय के मूर्ति कला विभाग से किया।

आपने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मूर्ति कला के क्षेत्र में कई पुरस्कार प्राप्त किये है। सुनील कुमार ने विभिन्न माध्यमों में अपनी कृतियों का प्रदर्शन किया है। जिसमें टेराकोटा, ब्रांज, फाइबर, ग्लास, बलुआ पत्थर आदि शामिल है। उनकी कलाकृतियों में समाज में हो रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की छवि देखने को मिलती है। जैसे बिहार की छठ पूजा, विभिन्न जगहों की जनजातियां, कोरोना काल का परिदृश्य, आत्मा, इच्छा, बुद्धि, आपसी संबंध, यात्रा आदि।

हैबतपुर गाँव में युवा चेतना के द्वारा स्व. उषा राय जी की पुण्यतिथि पर प्रसिद्ध शंकर नेत्रालय के तत्वावधान में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

समाज जागरण संवाददाता पंकज झा

वाराणसी ब्यूरो स्व. उषा राय जी की पुण्यतिथि समारोह का उद्घाटन स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी,फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली,सांसद नीरज शेखर,भाजपा गोरक्ष प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय,युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह,भाजपा के जिला अध्यक्ष संजय यादव,बलिया नगरपालिका के अध्यक्ष संत कुमार,प्रसिद्ध चिकित्सक डा. ददन राय एवं अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सभी गणमान्य अतिथियों ने स्व. पुष्पा राय के चित्र पर पुष्पांजलि किया।

स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की जीवन में माँ के ऋण से मुक्त नहीं हुआ जा सकता है। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की गरीब के उत्थान हेतु सबको प्रयास करना चाहिए।

फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली ने कहा की बलिया की भूमि पर आकर गदगद हूँ। पंचोली ने कहा की स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी की माँ ईश्वर का रूप थी जिन्होंने एसे पुत्र को जन्म दिया। पंचोली ने कहा की युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह देश स्तर पर बड़ा सेवा कार्य का संचालन कर रहे हैं।

पंचोली ने कहा की नेत्र परीक्षण से अच्छा कार्य कुछ नहीं हो सकता है।

सांसद नीरज शेखर ने कहा की गर्व का क्षण है की आज शंकर नेत्रालय बलिया में लोगों के आँख के परीक्षण हेतु मौजूद है। शेखर ने कहा की स्व. उषा राय का बलिया ऋणी है। शेखर ने कहा की रोहित कुमार सिंह नेक कार्य कर रहे हैं मेरा उनके कार्यों के लिए पूरा समर्थन है।

भाजपा गोरक्ष प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा की नेत्र परीक्षण से वंचित वर्ग के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। राय ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

अध्यक्षता करते हुए युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने कहा की हम वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रयास कर रहे हैं। सिंह ने कहा की बलिया से लेकर दिल्ली तक युवा चेतना के द्वारा गरीब वर्ग के लोगों के लिए सेवा कार्य किया जा रहा है। सिंह ने कहा की युवा चेतना का संकल्प है भारत को विश्वगुरु बनाना। सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत माता का वैभव बढ़ा है।

भाजपा बलिया के जिला अध्यक्ष संजय यादव ने कहा की गरीब की सेवा ही ईश्वर की सेवा है।

वरिष्ठ चिकित्सक डा. ददन राय ने कहा की मेरा युवा चेतना के पुनीत कार्यो को पूरा समर्थन है।

इस अवसर पर सभी अतिथियों को शाल और भगवान गणेश की मूर्ति से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बलिया नगरपालिका के अध्यक्ष संत कुमार,छत्थू राम,शिवदयाल यादव,पप्पू पांडेय,भोला सिंह बघेल,मोहन सिंह,बैजू राय,धर्मवीर सिंह,नरेंद्र राय,हरिनारायण राय,नरोत्तम सिंह बागी,सुनील सिंह,अभिराम त्रिपाठी,निखिल पांडेय,सन्नी तिवारी,सैफ नवाज,रमेश बिंद,रवि बिंद,मंहगु तिवारी आदि उपस्थित रहे। बलिया सहित पूर्वांचल के हजारों लोगों का प्रसिद्ध शंकर नेत्रालय के चिकित्सकों ने नेत्र परीक्षण किया।

महिला सशक्तिकरण और बच्चों का पोषण हमारी प्राथमिकता

समाज जागरण संवाददाता पंकज झा

वाराणसीः लोगों के जीवन को बदलने और समाज को मजबूत करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश भर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 454 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष में अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चौवालिस मिलियन से अधिक लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा चुका है वेदांता लिमिटेड की निदेशक सुश्री प्रिया अग्रवाल ने बताया कि वेदांता में हम एक उद्देश्य के साथ व्यवसाय करने को महत्व देते हैं। महिला सशक्तिकरण और बच्चों का पोषण हमारी प्राथमिकता में सबसे अहम है। महिलाएं हमारी आबादी का आधा हिस्सा हैं, आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी न सिर्फ उनके परिवारों को बेहतर करती है, बल्कि इससे देश का विकास भी सुनिश्चित होता है। उसी तरह बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। चेयरमैन अनिल अग्रवाल का मुख्य सिद्धांत है। समुदायों को सुधारने और धरा का संरक्षण की हमारी प्रतिबद्धता है।

एनडीआरएफ वाराणसी में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

समाज जागरण संवाददाता पंकज झा

वाराणसी द्वारा सार्थक प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में वाहिनी में 14 सितम्बर से 29 सितम्बर के बीच ह्लहिंदी पखवाड़ेह्व का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, श्रुति लेखन एवं हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय वाराणसी और इसके सभी क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केन्द्रों लखनऊ, गोरखपुर और भोपाल में हिंदी भाषा में कार्य करने हेतु एनडीआरएफ महानिदेशक द्वारा जारी अपील को पढ़ कर सुनाया गया। इसमें सभी अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवानों ने प्रतिभाग किया।

मनोज कुमार शर्मा, उप माहनिरीक्षक के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। उन्होनें प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले जवानों को बधाई दी तथा सभी कर्मचारियों को कार्यालयों के कामकाज को हिंदी में करने के लिए प्रेरित व निर्देशित किया। उन्होनें बताया की एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। हमें न केवल आधिकारिक कामकाज में बल्कि हमारी नियमित बोलचाल में भी हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए अपने स्तर पर सर्वोत्तम प्रयास करना चाहिए।

वाराणसी गोदौलिया बड़ा देव स्थित प्राचीन समाधि बाबा (शिव)मंदिर पर अनंत चतुर्दशी को हुआ भव्य हरियाली सिंगर हुआ

समाज जागरण संवाददाता पंकज झा

वाराणसी बड़ा देव मंदिर सेवा समिति की के पुजारी संकट मोचन मिश्रा जी, अध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता जी, उपाध्यक्ष मुन्ना यादव जी, मीडिया प्रभारी पंकज झा जी, कोसा अध्यक्ष सदन सेठ जी, संरक्षक गढ़ विनय सिंह आकाश केसरी जी, रामचंद्र शर्मा जी, पंडित विनय झा जी, पंडित प्रदीप मिश्रा जी अरविंद जी कैलाश नाथ, कैलाश यादव, व मंदिर के सभी भक्तगणों के उपस्थिति में हमारे हिंदू युवा वाहिनी वाराणसी मंडल प्रभारी अंबरीश सिंह भोला जी, और महानगर अध्यक्ष अजय सिंह जी, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शनि गुप्ता जी, महानगर मंत्री बाबू यादव जी, महानगर मंत्री नीतीश सिंह जी, महानगर कोषाध्यक्ष गप्पू सिंह जी और मंडल व वार्ड, संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं व भक्तगण सादर आमंत्रित होकर समाधि बाबा का फूलमाला गजरा बेलपत्र से सजाकर भव्य श्रृंगार हुआ और कीर्तन भजन कर आरती कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया

महिला सशक्तिकरण और बच्चों का पोषण हमारी प्राथमिकता

समाज जागरण संवाददाता पंकज झा

वाराणसीः लोगों के जीवन को बदलने और समाज को मजबूत करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश भर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 454 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष में अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चौवालिस मिलियन से अधिक लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा चुका है वेदांता लिमिटेड की निदेशक सुश्री प्रिया अग्रवाल ने बताया कि वेदांता में हम एक उद्देश्य के साथ व्यवसाय करने को महत्व देते हैं। महिला सशक्तिकरण और बच्चों का पोषण हमारी प्राथमिकता में सबसे अहम है। महिलाएं हमारी आबादी का आधा हिस्सा हैं, आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी न सिर्फ उनके परिवारों को बेहतर करती है, बल्कि इससे देश का विकास भी सुनिश्चित होता है। उसी तरह बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। चेयरमैन अनिल अग्रवाल का मुख्य सिद्धांत है। समुदायों को सुधारने और धरा का संरक्षण की हमारी प्रतिबद्धता है।

महंगे शौक और अय्याशी ने मैजिक चालकों को बना दिया लुटेरा

मडुवाडीह में दो शातिर चेन स्नेचर गिरफ्तार

वाराणसी। सीसीटीवी फुटेज,त्रिनेत्र एप व सर्विलांस की मदद से शातिर चेन स्नेचरों को मडुवाडीह पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से कुल 17420 रुपए,लूट में इस्तेमाल होने वाली सफेद रंग की बिना नम्बर की अपाचे बाइक मिला है।मडुवाडीह पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने लूट की कई घटनाओं को स्वीकार किया है।गिरफ्तार बदमाशों में चन्द्रदीप पटेल व रोहित चौहान दनीयालपुर,शिवपुर के रहने वाले हैं।चन्द्रदीप के खिलाफ शिवपुर थाने में 5 व रोहित के खिलाफ चौबेपुर व शिवपुर में तीन मुकदमें दर्ज हैं।पुलिस इन दोनों शातिर लुटेरों को गैंगस्टर बनाने की तैयारी में भी है।दोनों आरोपी लोहता के भरथरा से पकड़े गए।एसीपी रोहनियां विदुश सक्सेना ने बताया कि मडुवाडीह में आरोपियों ने ग्राम भडेवरा मल पोस्ट मर्यादपुर जिला मऊ की रहने वाली अनीता देवी के साथ मडुवाडीह के भुल्लनपुर क्षेत्र के पटेल बस्ती में दिनांक 29 सितंबर को चेन छिनैती की घटना को अंजाम दिया था। महिला के पति अंजनी कुमार सिंह 34वीं वाहिनी पीएसी में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात हैं। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी।इसके बाद एसीपी रोहनिया विदुश सक्सेना ने इंस्पेक्टर मडुवाडीह विमल मिश्रा को 48 घंटे के अंदर खुलासा करने का अल्टीमेटम दिया था। सीसीटीवी फुटेज के सहारे कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए मडुवाडीह पुलिस ने बनारस के जंसा से लेकर बड़ागांव होते हुए जौनपुर तक दबिश दी। अंततः मिले सुराग के आधार पर आरोपियों को लोहता के भरथरा क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।पुलिस लूट व चोरी के जेवरात खरीदने वाले बड़ागांव थाना क्षेत्र के सुनार राजन सेठ की भी हिस्ट्री खंगाल रही है।

वारदात से पहले हटाता था बाइक की नंबर प्लेट

आरोपियों ने बताया कि जब वह चेन स्नेचिंग के लिए निकलते थे तो वह बाइक का नंबर प्लेट हटा देते थे ताकि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से बाइक के नंबर का पता न चल सके। हालांकि घटना को अंजाम देने के बाद वह फिर से बाइक पर नंबर प्लेट लगा लेते थे।

चलाते थे मैजिक,महंगे शौक के कारण बन गए चेन छिनैत

एसीपी रोहनियां विदुश सक्सेना ने बताया कि अभियुक्त चंद्रदीप पटेल व रोहित चौहान दोनों की उम्र लगभग 23 वर्ष है,दोनों हाईस्कूल पास हैं और दोनों पहले मैजिक चलाते थे। बुरी संगत व महंगे शौक के कारण अपराध की दुनिया में घुस गए। वह फिल्मों से भी काफी प्रभावित थे और अपराध की दुनियां के सहारे जल्द से जल्द अमीर बनना चाहते थे।

खुलासा करने वाली टीम को मिला दस हजार का इनाम

एसीपी रोहनिया विदुश सक्सेना ने बताया कि घटना को खुलासा करने में शामिल मडुवाडीह प्रभारी निरीक्षक विमल कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक पंकज कुमार पांडेय, उप निरीक्षक अभय कुमार सिंह, उप निरीक्षक शुभेंदु दीक्षित,हेड कांस्टेबल शत्रुघ्न सिंह, कांस्टेबल सूर्यभान सिंह, कांस्टेबल अनुग्रह कुमार वर्मा, कांस्टेबल अश्वनी सिंह को डीसीपी वरुणा जोन अमित कुमार की तरफ से बधाई देते हुए दस हजार रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

अपराधियों को दबोचने में 'त्रिनेत्र' एप ने की मदद

एसीपी रोहनियां विदुश सक्सेना ने बताया कि डिजिटल क्रांति के इस दौर में वाराणसी पुलिस ने भी अपराधियों को पकड़ने के लिए अब खुद को डिजिटल तरीके से भी मजबूत कर लिया है। पुलिस को त्रिनेत्र ऐप मिल गया है, जिसमें पांच लाख के करीब अपराधियों का डेटा मौजूद है।इसी एप की मदद से चेन छिनैतों इतनी जल्दी ट्रेस कर लिया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में पैक्स कंप्यूटरा-इजेशन के लिए केंद्र पुरोधानित योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में पैक्स कंप्यूटराइजेशन के लिए केंद्र पुरोधानित योजना के अंतर्गत जनपद की जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं निगरानी की समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिका-री द्वारा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद में कार्यरत जिला सहकारी बैंक लिमिटेड बुलंदशहर की शाखाओं से संबद्ध समितियां में कंप्यूटराइजेशन की समीक्षा की गई, जिसके अंतर्गत द्वितीय चरण में पूर्व में चयनित पांच समितियां के अतिरिक्त पात्रता धारण करने वाली 6 समितियों नवादा, मूंज, कासना, रोनिजा, नीमका एवं डूडेरा काचयन किया गया साथ ही द्वितीय चरण में पूर्व में चयनित पांच समितियां में नाबार्ड के माध्यम से हार्डवेयर उपलब्ध कराए जाने के लिए निर्धारित

विन्यास का अनुमोदन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपरोक्त अन्य समितियों के अतिरिक्त अवशेष समितियां के पात्रता के लिए आवश्यक औपचारिकता पूर्ण करते हुए इसी वित्तीय वर्ष में कंप्यूटरा-इजेशन कराए जाने के निर्देश निर्गत किए गए। बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता गौतम बुद्ध नगर, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक बुलंदशहर, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, ड-ीआईओ एनआईसी गौतम बुद्ध नगर एवं संबंधित समितियों के सचिव उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

हांसी में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में राजकीय विद्यालय गुराना रहा प्रथम

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय जमावड़ी में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हांसी के लगभग सभी निजी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय ने भाग लिया यह कार्यक्रम दो दिवसीय रहा इसमें प्रथम दिन मुख्य अतिथि रहे विधायक विनोद

भ्याना जी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र एलनावादी जी एवं द्वितीय दिवस पर इनाम वितरण करता रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तेलूराम जांगड़ा एवं उन्होंने कहा की खेल कूद बच्चो को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, एवं विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की कला सिखाता है।राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय गुराना के बच्चो ने खो - खो, रीले रेस, 100एवं 200 मीटर की दौड़ में पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बढ़ चढ़कर भाग लिया विद्यालय पहुंचने पर मुख्याध्यापक शमशेर ने सभी बच्चो का स्वागत किया इस अवसर पर शिक्षक राजेन्द्र कुमार, पी. टी.आई राकेश कुमार , शिक्षक सतबीर, शिक्षक संजय एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे

महावीर कॉलोनी के वाटरवर्क्स की दिवार व सीवर लाइन जल्द होगी ठीक : रवि सैनी

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : शुक्रवार को जनस्वास्थ विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल शहर के भाजपा नेता रवि सैनी व पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सैनी व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी के आवास पर पहुंचे। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर व उनके समर्थको ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मिनिस्टर बनवारी लाल ने अनिल मानी से उनके वार्ड व शहर के विकास सबंधी चर्चा की। अनिल मानी ने डॉ. बनवारी लाल को शहर व उनके वार्ड मे आ रही जनस्वास्थ विभाग की समस्याओ के बारे मे अवगत कराया।

इस मुलाकात के बाद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सैनी ने कहा कि हमारी आज कैबिनेट मंत्री जी से शहर की सीवर समस्या के बारे चर्चा हुई। मुख्यतः

महावीर कॉलोनी ले वाटर वर्कस की ब्रॉउंड्री वाल को नया बनाने के लिए प्रस्ताव रखा। सेनियान माहौले के सीवर लाइन की समस्या से भी अवगत कराया। सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी ने कहा कि मंत्री जी के सामने हमने सारी समस्याए रखी जिस पर मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने उन्हें जल्द पूरा करने का वादा किया।

जिला कांग्रेस कार्यालय मोहम्मदपुर टांडा पर जिला कांग्रेस कमेटी की एक बैठक

दैनिक समाज जागरण

संभल।जिला कांग्रेस कार्यालय मोहम्मदपुर टांडा पर जिला कांग्रेस कमेटी की एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में संगठन को बूथ लेवल पर मजबूत करने के लिए युवाओं को जोड़ने के लिए रणनीति बनाई गई

जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता कांग्रेस की ओर देख रही है क्योंकि वर्तमान भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का गढ़ बन चुकी है महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है भाजपा सरकार द्वारा लगातार किसान मजदूर का खून चूसने का काम जा रहा है मित्रों की सेवा में लगी है भाजपा सरकार इस अवसर पर जिला महासचिव हिलाल अख्तर युनुस अंसारी हाजी मरगूव आलम चौधरी एहसान खान दाऊद खान मोहम्मद असलम शाहिद शेरवानी शहादत हुसैन मोहम्मद इमरान मोहम्मद रय्यान मोहम्मद कासिम हुसैन शौकत नेताजी अली अब्बास वासित अली मुनाजिर खान रिजवान सर्राफ मौत नजर सिद्दीकी अरूण कुमार शर्मा कैलाश कश्यप सनी कश्यप आदि लोग मौजूद रहे

भारत विकास परिषद पिंडवाड़ा द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

पिंडवाड़ा राजस्थान चंद्रकांत सी पूजारी 29 सितंबर 2023 को भारत विकास परिषद पिंडवाड़ा द्वारा राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक पिंड-वाड़ा के सेमिनार हॉल मे आयोजित किया गया । जिसमें स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल झाडोली, आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक पिंडवाड़ा, नवीन आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक पिंडवाड़ा, आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक नांदिया, के दलों ने भाग लिया और राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव में हिन्दी ,संस्कृत एवं स्थानीय लोक गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी । कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री मदन सिंह डाबी जिला खेल प्रचारक वनवासी कल्याण परिषद एवं श्री राकेश कांगटानी अध्यक्ष भारत विकास परिषद पिंडवाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । प्रकल्प प्रभारी महेश ओझा ने प्रतियोगिता आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला प्रतियोगिता 4 चरणों में आयोजित की जाती है जो शाखा स्तर , प्रान्त स्तरीय , रीजन स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है ।निर्णायक रूप में श्री रमेश जी दहिया प्रधानाचार्य, श्रीमती मंजू शर्मा व्याख्याता , श्री दीपक पुरोहित अध्यापक ने अपनी सेवाएँ दी ।हिन्दी एवं संस्कृत समूह गान प्रतियोगिता में प्रथम नवीन आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक पिंडवाड़ा, द्वितीय आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक नांदिया ,तृतीय आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक पिंडवाड़ा दल रहे। सचिव भवरेश प्रजापत ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि स्वर साधना भी एक योग साधना है योग से ही बुद्धिबल शारीरिक बाल मानसिक बल की वृद्धि होती है । कार्यक्रम में परिषद के कोषध्यक्ष श्री विमल रावल,गोविंद सिंह चौधरी, वनवासी कल्याण परिषद के विभाग संगठन मंत्री श्री नवलराम जी ,जिला सहसंगठन मंत्री श्री अशोक जी सेन , प्रधानाध्यापक श्री सुरेंद्र सिंह, शिशु वाटिका प्रभारी कुसुम जी अध्यापक श्री निर्मलजी ,श्री हरिशजी और-आदर्श विद्या मंदिर पिंडवाडा के समस्त छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। राजस्थान सिरोही से

विधानसभा अध्यक्ष और संसद के बीच लगातार बढ़ रही रार

– कानपुर में सिख युवक को भाजपा नेता द्वारा मरणासन्न करने का मामला

– पुलिस ने हमला करने वाले पांच भाजपायों के खिलाफ घोषित किया है 25000 का इनाम, तलाश जारी

सुनील बाजपेई

कानपुर` कानपुर में भाजपायों द्वारा बिरादरी के दवा व्यवसायी युवक को गंभीर रूप से घायल करने के खिलाफ कानपुर के सिखों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। इस बीच इस मामले को लेकर यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आरोपियों के पक्ष में और भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी उनके खिलाफ मैदान में उतर आए हैं। कुल मिलाकर दोनों के बीच यह रार लगातार बढ़ती ही जा रही है । वहीं पुलिस ने भाजपा पार्षद के प्रति समेतसभी आरोपियों के खिलाफ 25000 का इनाम भी घोषित किया है । साथ ही पुलिस की टीमें भी उनकी गिरफ्तारी के लिए लगाई गई है लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। इसके खिलाफ ही सिखों ने बंद का आवाहन किया है` अवगत कराते चलें कि कानपुर में सिख दवा व्यापारी को अधमरा करने वाले भाजपा पार्षद पति अंकित शुक्ला समेत अन्य आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमें बनाई गई हैं। जिसके बाद बड़ी संख्या में समर्थक कल बुधवार शाम पुलिस कमिश्नर ऑफिस का घेराव करने पहुंचे थे। इस मामले में जिस तरह से सिख समाज के विरोध के बाद पुलिस एक्शन में आई है। उसके बाद भाजपाई भी अब मामले में मुखर होने लगे हैं। विरोध को देखते हुए भाजपा और सिख समाज में टकराव बढ़ जाने की भी प्रबल संभावना व्यक्त की गई है। इसके खिलाफ पुलिस भी सतर्क है`

16 वर्षीय बालिका को शादी का झांसा देकर उसका अपहरण कर बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा अर्थदण्ड से किया गया दंडित

रायसेन। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन द्वारा आरोपी पवन अम्बूलकर आयु 23 वर्ष निवासी अंतर्गत थाना मंडीदीप को पुलिस थाना मंडीदीप के मामले में दोषी पाते हुए धारा 363 भादवि में 3 वर्ष का कठोर कारावास, धारा 366 भादंसं में 5 वर्ष का कठोर कारावास, धारा 344 भादंसं में 1 वर्ष का कठोर कारावास एवं धारा 5'/6 पॉक्सो एक्टष में 20 वर्ष का कठोर कारावास से दंडित तथा कुल 6500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।इस मामले में मध्यप्रदेश राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार तिवारी ने पैरवी की।घटना का विवरण इस प्रकार है कि- दिनांक 21 फरवरी 20 को थाना मण्डीदीप, जिला रायसेन (म.प्र.) में अभियोक्त्री के पिता द्वारा अपनी अवयस्क पुत्री अभियोक्त्री के गुम हो जाने की इस आशय की सूचना दी गई कि 20 फरवरी के शाम 06:00 बजे वह अपनी छोटी लड़की / अभियोक्त्री के साथ मोहल्ले की आटा चक्की पर गेहूं पिसाने गया था, अभियोक्त्री उसे चक्की पर छोड़कर वापस घर चली गई, वह गेहूं पिसाकर वापस घर आया तो अभियोक्त्री घर पर नहीं दिखी, तब उसने पत्नी व बड़ी लड़की से पूछा कि अभियोक्त्री कहां है, तो बड़ी लड़की ने बताया कि अभियोक्त्री घर आई थी, जो सहेली के घर जाने का कहकर गई है, जो घर वापस नहीं आई, तब उसने अभियोक्त्री को उसकी सहेली व आस-पास पड़ौस में तलाश किया, जो नहीं मिली, उसे शक है कि उसकी नाबालिग लड़की अभियोक्त्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया है। अभियोक्त्री के पिता की उक्त सूचना पर थाना मण्डीदीप में गुम इंसान सूचना लेख की गई एवं अपराध धारा 363 भा.दं.सं. की परिधि में आने से अपराध की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कर पुलिस द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के दौरान 2 मार्च को अभियोक्त्री को दस्तयाब किया गया, पूछताछ व मेडीकल जांच उपरांत अभियोक्त्री को उसकी माता को सौंपा गया। अभियोक्त्री ने अपने बयान में बताया कि वह अभियुक्त को 4 साल से पहचानती है, वे पहली बार चाची की लड़की की शादी में मिले थे तब उसने उसे बस देखा था, पिछले गणेश उत्सव में उनके बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई, दिनांक 20 फरवरी को शाम 06:00 बजे करीब वह पापा के साथ आटा चक्की पर गेहूं पिसाने गई थी फिर घर आकर सहेली के घर गयी और वहां से वह पवन से मिलने उसके दोस्त के घर गई, उस समय उसका दोस्त घर पर नहीं था, वह और पवन, उस घर की छत पर थे और 1-2 बजे तक वे दोनों छत पर छिपे रहे उसके बाद सुबह होते ही वे दोनों मिसरोद चले गये, मिसरोद में पवन के दूसरे दोस्त के घर गए और दिनांक 21 फरवरी से उसके किराये के घर में रुके, वहां पवन ने उससे कहा कि वो उससे शादी करेगा, शादी का कह कर पवन ने उसके साथ उसकी बिना मर्जी के दो-तीन बार गलत काम (बलात्कार) किया और किराये के कमरे में दस दिन तक रखा। अनुसंधान के दौरान अन्य साक्षीगण के कथन भी लेखबद्ध किये गये। अभियोक्त्री का धारा 164 दं.प्र.सं के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के समक्ष कथन कराया गया। डीएनए परीक्षण हेतु अभियोक्त्री, उसकी बच्ची एवं अभियुक्त का रक्त नमूना प्राप्त किया गया। अभियोक्त्री, उसकी बच्ची एवं अभियुक्त के रक्त नमूनों को डीएनए जांच हेतु राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सागर (म.प्र.) भेजा गया, जहां से डीएनए रिपोर्ट प्राप्त हुई। अनुसंधान पूर्ण कर पुलिस ने अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। बयानों में आये तथ्यों तथा वैज्ञानिक चिकित्सीय साक्ष्यम से अभियुक्ति के विरूद्ध मामले को संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए अभियुक्त पवन को दोषसिद्ध किया गया।

अगले वर्ष तू जल्दी आना व डीजे की धुन पर किया गया बप्पा का विसर्जन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(30 सितंबर)गणपत्ति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ.., लंबोदर महाराज की जय.. के जयघोष के साथ भक्तों ने अनंत चतुदेर्शी व दूसरे दिन भगवान गणेश को विदाई दी। नगर में बनाए गए विसर्जन कुंड एवं बहती जलधारा में भक्तों ने अपने आराध्य प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमाओं का अगले बरस जल्दी आना के भाव के साथ विधि-विधान से विसर्जन किया। इसके साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन भी हो गया।बिरसा, मलाजखंड, बैहर, दमोह, सालेटेकरी लाँजी सहित अन्य स्थानों पर भी गणपति विसर्जन किया गया।

विसर्जन स्थल पर पुलिस बल तैनात

गौरतलब हो कि हिंदू धर्म में अनंत चतुर्दशी का बड़ा महत्व है, इसे अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा की जाती है। साथ ही इसी दिन से गणेश विसर्जन का सिलसिला भी प्रारंभ हो जाता है।

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन गणेशोत्सव का विधिवत समापन होता है और भव्य तरीके से श्रद्धापूर्वक गणपति का विसर्जन किया जाता है। इस पर्व पर भक्त व्रत रखते हैं और गणपति को विदा करने से पहले उनसे अगले बरस फिर आने का वादा मांगते हैं। साथ ही आशीर्वाद बनाए रखने की भी कामना करते हैं। अनंत चतुर्दशी को अनंत चौदस भी कहा जाता है। वहीं इस दिन विष्णु जी के अनंत स्वरूपों की पूजा के साथ अनंत सूत्र भी बांधा जाता है। नगर पालिका द्वारा शहर के अलग-अलग स्थानों में गणेश जी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। नगरीय क्षेत्र में भगवान गणेशजी की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 6 स्थान चिह्नित किए गए थे।जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया

बिलासपुर पुलिस थाना सिविल लाईन एवं एसीसीयू टीम को मिली बड़ी सफलता मास्टर माइंड आरोपी लोकेश श्रीवास सहित साथी गिरफ्तार

मुख्य आरोपी के कब्जे से लगभग 12 करोड़ का सोना एवम हीरे का सामान तथा 12 लाख 50 हजार रुपए नगद बरामद

सिविल लाइन थाने अंतर्गत 10 चोरी की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य चोर को दुर्ग भिलाई से किया गिरफ्तार

28 सितंबर को ही सिविल लाइन पुलिस एवं एसीसीयू बिलासपुर टीम ने मास्टर माइंड आरोपी चोर के साथी शिव चन्द्रवंशी को कवर्धा से किया गिरफ्तार

रेड कार्यवाही में दिल्ली पुलिस का रहा सहयोग

आरोपी चोर शिवा चंद्रवंशी के कब्जे से एक नग सोने का कड़ा, दो नग सोने का चैन, दो नग सोने की अंगूठी एक नग कान की बाली एक चांदी का बिस्किट वजनी 100 ग्राम- नगदी रकम 21000 रुपये, एक नग महिन्द्र कम्पनी का थार वाहन कुल जुमा कीमती 23 लाख रुपए को किया था बरामद

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 05 दुकान मे 19 सितंबर एवं 25 सितंबर को सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 05 बड़ी दुकानें कुल 10 दुकानों में अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने उक्त चोर को पकड़ने के लिए अलग अलग टीम गठित कर निर्देश दिये गये थे थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य एवं एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू सहित पुलिस की टीम बनाकर मुखबीर तंत्र को मजबूत कर एवं तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर लगभग 300 सीसीटीव्ही फुटेज को खंगालने पर आरोपी जिला कबीरधाम का निवासी होने की जानकारी मिली जिसे पकड़ने घटना दिनांक से टीम आरोपी के निवास एवं रिस्तेदारों के निवास के आसपास डेरा जमाये हुए थे जो की दिनांक 28.09.2023 को घटना के मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास अपने साथी शिवा चन्द्रवंशी के साथ अपने निवास के आसपास दिखाई देने की सूचना पर रेड कार्यवाही की गई जहां पर उसका सहयोगी शिवा चन्द्रवशी पिता बेनी माधव चंद्रवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी गायत्री मंदिर के पास कवर्धा मिला एवं मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास घर की खिड़की से कूद कर भाग गया। शिव चन्द्रवशी को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई जिसने उपरोक्त घटनाओं में लोकेश श्रीवास को साथ रहकर घटना करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से लगभग 23 लाख रुपये की मशरूका बरामद किया गया। मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास पिता कपील श्रीवास उम्र 32 पंडातराई थाना पंडातराई जिला कवर्धा को बिलासपुर पुलिस की एसीसीयू सिविल लाईन थाने की टीम ने स्मृतिनगर थाना क्षेत्र दुर्ग भिलाई के किराये के मकान से घेराबंदी कर दिल्ली पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया। जिसे गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर उसके पास से बिलासपुर के विभिन्न मामलों में चोरी किए गए 12 लाख 50 हजार रुपए नगदी एवं साढ़े अठारह किलो सोना के जेवरात व हीरे बरामद की गई। लोकेश श्रीवास द्वारा कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में हुई बड़ी चोरी की घटना में शामिल होना बताया एवं थाना सिविल लाईन क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 05 दुकानों पूजा गीन अपार्टमेंट, संस्कृति रेडिमेट शोरूम, नरेश फैशन, श्रीराम क्लाथ स्टोर तथा सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 05 दुकानों प्लेटिनम शू-मॉल, बासुरी मैचिंग सेंटर मान्यवर शोरूम, कामेश टेडर्स, एवं टाईम पैलेस, में चोरी की घटना को अंजाम देना बताया है। लोकेश श्रीवास से पुछताछ जारी है और भी खुलासे होने की संभावना है।थाना सिविल लाईन में 10 चोरी,थाना तारबहार में 02 चोरी,थाना सिटी कोतवाली में 02 चोरी कुल 14 प्रकरण में बिलासपुर पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है

भरवेली मॉयल में फिर हुआ हादसा,प्रेशर पाइप फटने की वजह से दैनिक कर्मी की हुई मौत

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(30 सितंबर)जिले में स्थित दो माइंस खदानों में आये दिन घट रही दुर्घटना की वजह से दैनिक कर्मियों की असमय मौत हो रही हैं जिसका जिम्मेदार कहीं न कहीं माइंस प्रबंधन होता हैं। इसके बाद भी प्रबंधन सुधरने के बजाय और लापरवाह होता जा रहा हैं जिससे आये दिन दुर्घटना घटित हो रही हैं। शुक्रवार को भरवेली मॉयल में काम के दौरान निजी कंपनी के एक और मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत के बाद मॉयल प्रबंधन और कार्यरत कंपनी के जिम्मेदारों द्वारा कोई खोज खबर नहीं लिए जाने से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। जानकारी अनुसार भरवेली थाना अंतर्गत मंझारा पंचायत के जागपुर निवासी 32 वर्षीय हंसराज पिता तुलसीराम येरपुड़े, मॉयल के अधिन कार्यरत निजी कंपनी सीवी वर्सेस में पंप मेन के रूप में कार्यरत था। अंडरग्राउंड में कार्य कर रही कंपनी में कार्यरत हंसराज गत दिवस अपनी ड्यूटी गया था।जहां प्रेशर पाईप फटने से उसके सिर पर गंभीर चोट आने के बाद उसे एम्बुलेंस से मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां से उसकी हालत ज्यादा खराब होने पर गोंदिया ले जाया गया था,जिसकी शुक्रवार सुबह मौत हो गई। मृतक के पिता तुलसीराम येरपुड़े

की मानें तो घटना के बाद मॉयल प्रबंधन के अधिन कार्यरत कंपनी के किसी भी जिम्मेदार ने परिवारवालों को कोई खबर नहीं दी। हमें तब खबर मिली, जब बेटे को गोंदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था। जिससे साफ है की घटना के बाद जिम्मेदार मॉयल प्रबंधन या निजी कंपनी के प्रबंधन ने भी घायल कर्मी के परिजनों को सूचना देने का प्रयास तक नहीं किया।

सड़क पर शव रखकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हंसराज की गोंदिया में ईलाज के दौरान मौत की खबर से परिजन और ग्राम में मातम छा गया। मौत की जानकारी के बाद परिजन और ग्रामीण आंवलाझरी पहुंचे और सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। जब इसकी सुचना मायल प्रबंधन को हुई तो आनन फानन में मॉयल प्रबंधन और प्रशासन मार्ग पर प्रदर्शन कर रहें परिजनों से मिलने पहुंचा और त्वरित सहायता एवं 15 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का वादा करने पर परिजनों ने जाम को खोल दिया जिससे आवागमन सुचारु हो सका।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

रायसेन। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। निर्वाचन कार्य सुगमता से किए जा सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की जानकारी होना आवश्यक है। सभी मास्टर ट्रेनर्स पूरी गंभीरता और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं के विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को

मतदान प्रकिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इन विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अपनी-अपनी विधानसभा में पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग तथा एसडीएम मुकेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

देवगांव में पेसा प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(30 सितंबर)पेसा कानून का प्रशिक्षण विकासखंड बिरसा द्वारा 29 सितंबर को ग्राम पंचायत भवन देवगांव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लागू किए गए पेसा कानून अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार नियम 2022 जो आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के पारंपरिक व्यवसाय संस्कृति, एवं जल जंगल जमीन के अधिकारों का वास्तविक हस्तांतरण हो सके और इसका लाभ प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का गठन कर गांव की सीमा की नजरी नक्शा बनाकर अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) से विधिवत मान्यता प्राप्त कर अपने गांव को पुराने सामाजिक परंपरा के साथ विकास की मुख्य धारा में जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा । ग्राम सभा के गठन की प्रक्रिया के संबंध में मास्टर ट्रेनर प्रकाश डहरवाल द्वारा बताया गया ।इसी मुद्दे

में मास्टर ट्रेनर सुखलाल कलिहारे विकासखंड समन्वयक तेजलाल मेरावी के द्वारा भी पेसा कानून में प्राप्त अधिकारों के संबंध में अपनी बातें रखी। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की विकासखंड स्वर्णलता चोपड़ा परामर्शदाता वर्षा ठाकुर ,अजय भौतमांगे, विवेकानंद मराठे एवं पुलिस प्रशासन के रमेश पटेल सहायक पुलिस, उप निरीक्षक एवं प्रतिभागी के रूप में 16 ग्राम पंचायत के मोबिलाइजर ,रोजगार सहायक, सचिव , ग्राम पटेल, जनपद सदस्य बीपत राठौर, पूर्व सरपंच विष्णु मरकाम ,रामकली परते मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैहर विधानसभा में खिलेगा कमल, पंजा को जनता करेगी टाटा बाय बाय!

सर्वे के अनुसार भगत सिंह नेताम की होगी धमाकेदार वापसी

बालाघाट।(30 सितंबर)पिछले दस वर्षो से सत्ता सुख से दूर भाजपा के दमदार नेता व बैहर विधानसभा के पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम की धमाकेदार वापसी आने वाले चुनाव में हो रही हैं जिसकी भविष्यवाणी चुनावी पंडित व कई चैनल ने अपने अपने सर्वे में किया हैं जिससे भगत सिंह नेताम के समर्थकों में खुशी के साथ चुनाव में कार्य करने के लिए डबल बुस्टर का डोज मिल गया हैं।भाजपा के प्रत्याशी भगत सिंह नेताम के वापसी का एक और कारण हैं बैहर विधानसभा का सत्ता सुख वाला इतिहास जिसमे दस दस वर्ष क्षेत्र की दो पार्टी यानी भाजपा या कांग्रेस के प्रत्याशी जीतकर भोगते आ रहें हैं उस हिसाब से भी इस वर्ष भगत सिंह नेताम की वापसी तय मानी जा रही हैं जिससे मौजूदा विधायक संजय उइके व इनके समर्थकों में निराशा साफ देखी जा रही हैं।

दस वर्ष के कार्यकाल में फिसड्डी साबित हुए संजय उइके

अगर बात की जाय मौजूदा कांग्रेस विधायक संजय उइके की तो उन्होंने दस वर्षो में कोई ऐसा बड़ा कार्य बैहर की जनता के लिए नहीं किया

जिससे क्षेत्र की जनता आने वाले चुनाव में कांग्रेस को वोट करें, बल्कि अपने क्षेत्र से गायब रहने वाले संजय उइके के खिलाफ जनता में खासा रोष देखा जा रहा हैं जो आने वाले चुनाव में दिखने वाला हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह नेताम का कहना हैं कि दस वर्षो तक बैहर की जनता ने संजय उइके को मौका दिया था जिसमे वे फिसड्डी साबित हुए हैं।

भगत सिंह नेताम के प्रयास से क्षेत्र को मिला करोड़ों की सौगात

वहीं अगर बात की जाय भाजपा के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम की तो दस वर्षो तक पार्टी में बिना किसी महत्वपूर्ण पद के बैहर विधानसभा को करोड़ों रुपए की सौगात दिलाने में कामयाब हुए जिससे जनता की नजरों में भी भगत सिंह नेताम का ग्राफ संजय उइके के अपेक्षा बहुत ज्यादा बढ़ गया हैं, और रही सही कसर प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने जन हित में कई योजनाओं को लागू कर पूरा कर दिया जिसमे लाडली बहना प्रमुख हैं। निश्चित ही इस योजना से प्रदेश में शिवराज सरकार और बैहर में भगत सिंह नेताम को फायदा मिलेगा।

मस्तूरी जनपद के मनरेगा शाखा में शार्ट सर्किट से मचा हड़कंप,बाल बाल बचे लोग

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मस्तूरी। जनपद पंचायत मस्तूरी में शुक्रवार को मनरेगा शाखा के मीटिंग हाल में पंचायत एवं कृषि विभाग व निर्वाचन संबंधी बीएलओ का विशेष बैठक चल रही थी, के अचानक मनरेगा शाखा के लगे विधुत कनेक्शन में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई,आग लगने की खबर जैसे ही मिटींग हाल में बैठे अधिकारी कर्मचारियों को हुआ तो लोगों में हड़कंप मच गई, और लोग इधर-उधर अफरा तफरी करने लगे, आनन फानन में मनरेगा विभाग के आपरेटर विकास बंजारे के द्वारा सक्रियता दिखाते हुए फायर एक्सटिंगिगर का उपयोग कर आग पर काबू

किया गया। घटना दोपहर 3:30बजे के आस पास की है। क्षेत्र में लगातार दो तीन दिनों से हो रही बारिशों के वजह से जनपद प्रांगण में पानी का भराव बना हुआ है,समय रहते बिजली की शार्ट सर्किट पर ध्यान नहीं दिया जाता तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। मस्तूरी जनपद के डिप्टी कलेक्टर सीईओ पीयूष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली की शार्ट सर्किट पर समय रहते काबू कर लिया गया था, किसी भी प्रकार की कोई जान माल की घटना घटित नहीं हुई है।

पुर्नवास केन्द्र भवन का हुआ लोकार्पण, दिव्यांगजनों को प्रदान किए सहायक उपकरण

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम द्वारा दशहरा मैदान मार्ग स्थित 292 लाख रू की लागत से निर्मित सामाजिक न्याय विभाग के जिला दिव्यांगजन पुर्नवास केन्द्र भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इसके उपरांत उन्होंने केन्द्र भवन परिसर में आयोजित दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र भवन का

लोकार्पण एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित दिव्यांगजनों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र भवन की आवश्यकता लम्बे समय से थी, जिसका आज लोकार्पण हो गया है। इसमें दिव्यांगजनों के लिए विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा परीक्षण, परामर्श, थैरेपी, दिव्यांगजनों के लिए उपकरण, मानसिक तथा दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए प्रशिक्षण सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांजनों के पुर्नवास तथा सुविधाओं के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं।

आदतन अपराधी चार माह के लिए जिलाबदर

रायसेन, 29 सितम्बर 2023

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी गोलू साहू पिता लाल साहब उम्र 32 वर्ष निवासी गंजबाजार थाना कोतवाली जिला रायसेन को चार माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2006 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 17 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी गोलू साहू को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है।

पीएम मोदी का 30 सितंबर को छत्तीसगढ़ (बिलासपुर) दौरा, प्रदेश सरकार की तरफ से कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत करेंगे स्वागत व देंगे विदाई

समाज जागरण ब्यूरो

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 सितंबर को कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर आ रहे हैं, प्रधानमंत्री के आवागमन को लेकर छत्तीसगढ़ में चाक-चौबंद हैं। पीएम मोदी 30 सितम्बर को दिल्ली से

निकलेंगे व रायपुर विमानतल दोपहर 1.30 बजे पहुचेंगे, प्रधानमंत्री के स्वागत व विदाई के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत को नियुक्त किया हैं। कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत प्रधानमंत्री का रायपुर विवेकानंद विमानतल पर दोपहर 1.30 बजे स्वागत करेंगे, व शाम 4.50 बजे को प्रधानमंत्री को विदाई देंगे।

सुख समृद्धि और वैभव का दिया आशीर्वाद,,बैकुंठ लौटे श्री गणेश,,गांव गली पहुंच सभापती गौरहा ने मांगा लोगो का विकास,,सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किया शिरकत

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। सुख समृद्धि और वैभव का आशीर्वाद देकर पार्वती नंदन श्री गणेश बैकुंठ धाम लौट गए। जगह जगह प्रथम पूज्य का लोगों ने पूजा आराधना कर आशीर्वाद मांगा। आम जनता ने इस दौरान पूरे समय मन वचन से श्री गणेश की सेवा कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। गणेश चतुर्थी की पूजा के बाद भगवान श्री गणेश अपने भक्तों को आशीर्वाद देकर बैकुंठ धाम लौट गए। आम जनता ने इस दौरान भक्ति भाव से शिवनंदन का पूजा पाठ किया। साथ ही गांव जिला और प्रदेश में अमन चैन का आशीर्वाद भी मांगा। पूरे समय भक्तों ने भजन संध्या के साथ ही जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिरकत भी किया। भगवान श्री सन्मुख गणेश से आशीर्वाद भी मांगा। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों के बीच पहुंचकर अंकित गौरहा ने बताया कि हिंदू धर्म में किसी भी पूजा उपासना के पहले भगवान श्री गणेश की उपासना और पूजा होती है। हम 12 महीने सभी प्रकार के आयोजन में भगवान श्री गणेश की वंदना करते हैं। इसके बाद ही अन्य कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। अंकित गौरहा ने बताया कि सबसे पहले सार्वजनिक रूप से गणेश उत्सव मनाने का अभियान बाल गंगाधर तिलक के प्रयास से शुरू हुआ। आजादी के पहले गणेश उत्सव आयोजित करने का मूल उद्देश्य देश के लिए मर मिटने वालों को आजादी का संदेश देना था। इस दौरान भारत मां के बेटे आजादी को लेकर एकता का मंत्र जन जन तक पहुंच जाते थे। कमोबेश आज भी वही स्थिति है। हम जगह जगह गणेश उत्सव का आयोजन कर एकता और आपसी स्नेह का परिचय देते हैं। अंकित ने कहा हमारे देश में गणेश उत्सव का स्थान सबसे ऊपर है। भगवान गणेश हमारे बीच साकार रूप में उपस्थित रहते हैं। सभी की मुरादे भी पूरी करते हैं। सभी धर्मों के लोग इस दौरान देश में अमन चैन और भाईचारे का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। गौरहा ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र के कमोबेश सभी 21 ग्राम पंचायत में पहुंचने का अवसर मिला। इस दौरान भगवान के सामने मत्था टेक कर गांव गरीब जिला और प्रदेश की उन्नति का आशीर्वाद मांगा,साथ ही जगह-जगह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शिरकत करने का अवसर मिला। इस बात की खुशी है कि सभी जगह खुशहाली का वातावरण देखने को मिला। लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर सुख समृद्धि की कामना की है। गौरहा ने बताया कि भगवान लंबोदर को बुद्धि और ज्ञान का देवता कहा गया है। यही कारण है कि नौनिहालों ने बीते 1 सप्ताह तक लगातार भगवान गणेश की सेवा कर बुद्धि और ज्ञान का आशीर्वाद लिया है। उन्हें इस बात की खुशी है भगवान श्री गणेश की विदाई के दौरान उन्हें भी कई जगह आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने मत्था टेक कर प्रदेश की युवा शक्ति के लिए वरदान मांगा है। सभी लोगों से मिलजुलकर रहने और क्षेत्र के विकास में सहयोग करने का आह्वान भी किया है। अंकित गौरहा ने ग्राम पंचायत बौमा,नंगोई,पौंसरा,उतुर्मा,परसाही,खैरा(ला) फरहदा,लगरा,महमंद,धूमा,ढेंका,मानिकपुर,बन्नाकडीह, कोरमी,बसिया,हरदीकला,लिमतरी,पोड़ी (स),नगरौड़ी, मगरउछला,सिलपहरी ग्राम पंचायतों में बैठक कर लोगों की शिकायतों को सुना और गांव मुखिया और स्थानीय लोगों के घर भोजन भी किया,उपस्थित सभी लोगों से मिलजुलकर रहने और क्षेत्र के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। लगातार गणेशउत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान अंकित गौरहा के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी नजर आए जनपद सदस्य,सरपंच,पंच समिति के अध्यक्ष,सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

श्रीमद्भागवत कथा के बाद हुआ विशाल भंडारा

एट (जालौन) अमर शांति आश्रम पचोखरा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर गुरुवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। प्रसाद पाने को आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग उमड़े। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। कथा वाचक रोहित रिछारिया ने सात दिनों तक श्रोताओं को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। कथा सुनने को क्षेत्र के अलावा अन्य जनपदों से भक्त पहुंचे और श्रीकृष्ण धुन में रम गए कथा के समापन पर गुरुवार को अमर शान्ति आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष पूड़ी, सब्जी हलुआ, बूंदी, चावल व कढ़ी बनाने में जुटी रही। दोपहर से भंडारा का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने को पहुंचे। अन्य जिलों से भी लोग आए। देर रात तक भंडारा चलता रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

गुरुप्रसाद शर्मा ने बताया कि राजेश्वरानन्द रामायणी जी के

जन्मोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा और श्री राम महायज्ञ कराया गया। श्रीमद्भागवत और श्रीराम महायज्ञ में महान विभूतियों ने पधार कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया और मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हु। राजेश्वरनन्द जी ने अपने देश मे ही नही अपितु विदेशों में भी अपने मु-खारबिंद से श्रीराम कथा और श्री हनुमन्त कथा का सुंदर वर्णन से किया। आज श्रीमद्भागवत और श्रीराम महायज्ञ के समापन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

स्वामी राजेश्वरनन्द जी महाराज के जन्मोत्सव और श्रीमद्भागवत एवं श्रीराम महायज्ञ के भंडारे को ग्रहण करने के लिए आसपास के भक्तों के अलावा अन्य जनपदों से भक्त आए।

राम मंदिर की लेटेस्ट तस्वीरें आई, गर्भगृह का मुख्य दरवाजा बनकर तैयार, सिंहद्वार की सीढ़ियों पर लगाए जा रहे संगमरमर

समाज जागरण अयोध्या ।

विख्यात रामनगरी अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की शुक्रवार 29 सितंबर को नई तस्वीरें सामने आई हैं। पहली तस्वीर ग्राउंड फ्लोर पर गर्भगृह के मुख्य दरवाजे की है। जो कि बनकर तैयार हो चुकी है। इन दरवाजों पर विष्णु कमल, वैभव प्रतीक गज अर्थात हाथी, प्रणाम स्वागत मुद्रा में देवी चित्र अंकित है। यह दरवाजा करीब 10 फीट चौड़ा और 15 फीट ऊंचा है। अब इन्हें लगाकर इनकी टेस्टिंग की जा रही है। यह दरवाजे सागौन की लकड़ी से बनाए गए हैं।

दूसरी तस्वीर राम मंदिर के सिंह द्वार की है। इसके प्रवेश मार्ग की सीढ़ियों पर संगमरमर के पत्थरों का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इन तस्वीरों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

दो भाईयों पर बिजली कर्मियों से मारपीट करने पर मुकदमा

समाज जागरण अयोध्या ।

विद्युत लाइन का फॉल्ट ठीक करने गए बिजली कर्मियों के साथ अभद्रता और मारपीट के आरोप में दो सगे भाईयों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

मंगारी विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता का आरोप है कि 26 सितंबर शाम को कोछा लाइन में फॉल्ट आ गया था। उसे सही करने के लिए मंगरी विद्युत उपकेंद्र में तैनात विद्युत कर्मी राजेश कुमार के साथ में संविदा लाइनमैन को भेजा गया। जब स्टाफ लाइन बनाने जा रहे थे तो रास्ते में ही बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के अवस्थीपुर चौराहे पर ही दो भाई त्रिभुवन और त्रिलोकनाथ निवासी अवस्थीपुर चौराहा मिले। बताया कि आरोपियों का 25,377 रुपये बिल बकाया था। जिसके चलते एक दिन पहले लाइन काट दी गई थी। विद्युत कर्मियों को देखते ही आरोपी गुस्से से आग बबूला हो गए व गाड़ी को धक्का दे दिया और गाली-गलौज कर पीट दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है

मोहल्लेवासी परेशान उरई के मबई रोड का मामला कई बार शिकायत कर चुके हैं मोहल्ले वासी

उरई जालौन - नगर पालिका उरई के मैन रोड मबई रोड स्थित मोहल्ला व मुख्य हाइबे से जुड़ा हुआ है जिसमे विद्युत पोल ना होने से बिजली की समस्या बनी हुई है कई बार विद्युत विभाग को भी जानकारी व लिखित शिकायतें की गयी लेकिन कार्यवाही के नाम पर समस्या का निदान अब तक नही हो पाया ।

इस बार शिकायतकर्ता ने जनप्रतिनिधि से सहायता मांगी है जिसमे उक्त शिकायतकर्ता ने केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा को लिखित शि-ाकायत करते हुए बताया कि उरई के मबई रोड स्थित विद्युत विभाग द्वारा पोल ही नही गाड़े गये बिजली कहाँ से आये यह समस्या लगभग एक किलोमीटर बसे मोहल्ले की है जिसमे बिजली ना आने के कारण अंधकार बना हुआ है विभाग को बिजली के

लिए कई फरियादें की गयी लेकिन समस्या जस की तस है जबकि मुख्य हाइबे भी इसी मोहल्ले से गुजरा हुआ है जिसमे रहवासियो ने विद्युत पोल के लिए विभाग से कई बार गुजारिश की लेकिन निदान नही हो पाया है। समस्या को लेकर सांसद केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप वर्मा ने कहा कि संबंधित जानकारी विभाग को दी जाएगी व जल्द ही विद्युत पोल लगवाये जाएंगे जिससे अंधकार में डूबा मोहल्ला उजाले में विकसित हो सके।

शनिवार को अयोध्या पहुंचेगा पहला "श्री राम स्तम्भ"

समाज जागरण अयोध्या ।

30 सितंबर को अयोध्या पहुंचेगा प्रथम "श्री राम स्तंभ" यह स्तंभ मणि पर्वत पर लगाया जाएगा । अयोध्या से रामेश्वरम तक 290 स्थानों पर श्रीराम स्तंभ स्थापित होगा , वाल्मीकि रामायण के अनुसार श्री राम जी रामेश्वरम तक की यात्रा पर जिस जिस स्थान पर रुके थे उन सभी स्थानो पर श्रीराम स्तंभ लगाया जाएगा।

जिलाधिकारी राजेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

संवाददाता मोनू शर्मा,

उरई जालौन,जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार उरई में की गई। जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यक-त्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एन0आर0सी0 में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, अधिकारियों द्वारा गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण माह के अन्तर्गत आयोजित गतिविधियों आदि पर विस्तृत समीक्षा की गयी।

उन्होंने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्भव अभियान के अन्तर्गत चिन्हित सैम बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध करायी जाये, सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहजन एवं मीठी नीम के पौधे रोपित कराये जाये तथा इन पौधों की गुणवत्ता व महत्व के बारे में जन-जागरुकता/

प्रचार-प्रसार किया जाये। बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकायें आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण करें तथा निर-ीक्षण की सूचना लोकेशन सहित व्हॉटसअप ग्रुप पर प्रेषित करें। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार, वजन, टीकाकरण एवं लाभार्थी पंजिकायें वास्तविक व अद्यतन हो तथा आंगनबाड़ी केन्द्र नियमानुसार संचालित होने चाहिये। गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह की 15 तारीख तक आंगनबाड़ी केन्द्र का भ्रमण/निर-ीक्षण कर सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे तथा निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर पायी गयी कमियों को सम्बन्धित विभाग के सहयोग से शीघ्र पूर्ण करायें जिससे आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र के रुप में उन्हें विकसित कराया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद, जिला प्रोबेशन अधिकारी सिहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

आज फिर कांशीराम कालौनी के निकट की रेलवे लाइन पर मिला शव

संवाददाता मोनू शर्मा,

उरई जालौन,कालपी नगर में यमुना पुल के बाद सबसे चर्चित स्थान कांशीराम कालौनी के निकट रेलवे लाइन पर शव मिला नगर में ये दो ऐसे प्वाइंट हैं जहां आत्म हत्या करने वालो के शव मिलना आम बात है ! प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दिन पहले गैर प्रान्त से लौटे व्यक्ति का शव घर से महज कुछ दूरी पर स्थित रेल पटरी पर मिला है ! पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार सुबह रेल कर्मचारियों ने नगर सीमा स्थित काँशीराम कालौनी के ठीक सामने पटरी पर एक व्यक्ति का शव पडा देखा था जिसकी सूचना

उसने जीआरपी चौकी में दी थी पटरी पर लाश पड़ीं होने की सूचना पर आनन फानन मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख़्त के प्रयास शुरू किए तो थोडी ही देर मे पता चला कि मृतक का नाम राजेश है और वह काशीराम कालौनी में ही रहता तथा गुरूवार को ही वह गुजरात से घर लौटा था उस-ाके कब्जे से अहमदाबाद से उरई तक का रेल टिकट भी मिला है रिश्तेदारो के अनुसार उसकी पत्नी और तीन बच्चे अभी गुजरात में ही है जिनको घटना की जानकारी दे दी गई है वही जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गंगा किनारे गंगा प्रहरी ने पेंटिंग प्रतियोगिता से दिया स्वच्छता का संदेश

समाज जागरण

वाराणसी प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है भारतीय वन्यजीव संस्थान गंगा प्रहरी दर्शन निषाद द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र और छात्राओं को गंगा स्वच्छता, पर्यावरण, संरक्षण, डॉल्फिन संरक्षण, का संदेश दिया एवं स्वच्छता महाजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता जन जन में

पहुचाने हेतू सामने घाट गंगानगर आदर्श शिक्षा निकेतन मदरवा छित्तूपर में पदयात्रा निकालकर घाट के लोगों को संदेश दिया गया बच्चों ने मां गंगा को देख कर लिया संकल्प स्वच्छ रखेंगे भारत देश, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि हम नमामि गंगे गंगा प्रहरी के कार्यों से हम सभी विद्यालय परिवार गौरवान्वित हैं ,प्लांटेशन ,गंगा स्वच्छता,जल संरक्षण हर एक व्यक्ति को, जिम्मेदारी से निभाना चाहिए आज पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से भी बच्चे पर्यावरण संरक्षण के बारे में बहुत कुछ सीखे हैं ।

राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने राजकीय मेडीकल कॉलेज उरई का किया निरीक्षण

संवाददाता मोनू शर्मा,

उरई जालौन,मा० प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), करागार एवं होमगार्ड विभाग, उ०प्र० श्री धर्मवीर प्रजापति जी ने राजकीय मेडिकल कालेज उरई का निरिक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मा० प्रभारी मंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना केन्द्र का निरीक्षण किया तथा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने एवं दी जा रही सुविधाओं की अद्यतन जानकारी कर निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों का प्राथमिकता पर आयुष्मान कार्ड बनाये जाए, आयुष्मान कार्ड लाभार्थी को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए तथा तदोपरान्त रजिस्ट्रेशन काउण्टर, मेडिसिन ओ०पी०डी०, सर्जरी ओ०पी०डी०, ब्लड कलेक्शन, प्रसूति एवं स्त्री रोग ओ०पी०डी०, आकस्मिक विभाग के अन्तर्गत ट्राइज, यलो एवं रेड एरिया, पीडिया इमरजेन्सी लेवर रूम एवं आ-ई०सी०यू का निरीक्षण किया। निर-ीक्षण के दौरान मा० प्रभारी मंत्री जी ने ओ०पी०डी० परिसर में उपचार हेतु आये मरीजों एवं प्रत्येक वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और चिकित्सको द्वारा दी जा रही दवाओं और उपचार के बारे में जानकारी की जिस पर मरीजों ने चिकित्सालय में दी जा रही सुविधाओं पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। मा० प्रभारी मंत्री जी के द्वारा चिकित्सालय के अन्तर्गत स्थापित

प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा जन औषधि केन्द्र में दवाईयों की कम उपलब्धता एवं रिकार्ड का उचित रख-रखाव न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल सुधार किये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण उपरान्त मा० प्रभारी मंत्री जी ने प्रधानाचार्य कार्यालय में बैठक कर चिकित्सालय में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी कर निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजो को दी जाने वाली सुविधाओं में अधिक सुधार किया जाए तथा चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों को मरीज के प्रति संवेदनशील व्यवहार किया जाए।मा० प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान कार्ड लाभार्थी हेतु अतिरिक्त आयुष्मान वार्ड बनाने हेतु एवं दी जाने वाली सुविधाओं के लिये भी निर्देशित किया, जिसमें मा0 प्रभारी मंत्री जी के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान हेतु आश्वासन भी दिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मा० घनश्याम अनुरागी, मा० विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डा० आर०के० मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा० एन०डी० शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० प्रशान्त निरंजन, डा० शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डा० सुनित सचान, डा० छवि जायसवाल, डा० चरक सांगवान, डा० अरूण अहिर-वार, डा० शैलेश वर्मा, डा० जितेन्द्र मिश्रा एवं डा० रविन्द्र राजपूत उपस्थित रहे।

पितृ पक्ष प्रारम्भ तृप्त होकर देते हैं धन धान्य यश वैभव और सुख शान्ति का आशीर्वाद

संवाददाता मोनू शर्मा,

उरई जालौन, आज से पितृ पक्ष प्रारम्भ हो गया इसमें पितृगण की संतुष्टि और अपने कल्याण के लिये श्राद्ध कर्म में श्रद्धा तो जरूरी है ही साथ ही सही विधान के बारे में भी जानना आवश्यक है ताकि पितर प्रशन्न होकर आशीर्वाद दें ! आमतौर पर श्राद्ध कर्म और पिंडदान तीन पीढ़ियों तक ही किया जाता है पिता दादा और परदादा लेकिन कहीं कहीं श्राद्ध सोलह पीढ़ियों के लिये भी किया जाता है ! इस-ाको पीढ़ियों का अंतिम पायदान माना जाता है !

पितृपक्ष की विभिन्न तिथियों में श्राद्ध कर्म अश्वनि कृष्ण प्रतिपदा से प्रारम्भ होकर अश्विन अमावश्या को समाप्त होता है इस अवधि में मनुष्य पितृ ऋण से मुक्त होने के लिए अपने अपने पितरों का श्राद्ध करते हैं !धर्म ग्रंथों के अनुसार जिस तिथि को जिसके पूर्वज गवन करते हैं उसी तिथि को उनके श्राद्ध करने चाहिए !जो मनुष्य तिथि अनुसार श्राद्ध करते हैं उसके समस्त मनोरथ पूर्ण होते हैं !

शास्त्रों में किसी पंडित द्वारा ही पिंडदान कराए जाने का विधान है लेकिन यदि पंडित उपलब्ध न हो तो आप क्या करेंगे ऐसे में हमारे शास्त्रों में स्वयं ही पिंडदान करने का अधिकार दिया है ! भगवान सूर्य को जगत का पंडित कहा गया है ! पंडित का तात्पर्य है परम ब्रह्म ज्ञानी और सूर्य से बड़ा ज्ञानी किसी और को नहीं माना गया है इसलिए सूर्य को पंडित की संज्ञा दी गई है !ऐसे में भगवान सूर्य को ही पंडित मानते हुए पितरों के मोक्ष के लिए पिंडदान किया जा सकता है इसके लिए किसी भी पावन तीर्थ स्थल पर जलधारा में खड़े होकर हाथ में जो तिल चावल दाल लेकर जल के साथ पित्र आत्माओं का नाम लेकर भगवान सूर्य को अर्पित करें कम से कम 11 बार प्रत्येक पित्र आत्मा के लिए अंजुलि प्रदान करें ! इसके अलावा जल में कच्चा दूध चावल के लड्डू अदरक सूखे आवले और काची सूत के धागे बहते जल में प्रवाहित करें दीपदान भी करें ! और तिलक अक्षत पुष्प और मिठाई भी अर्पित करें पितरों के नाम से एक-एक नारियल भी जल में प्रवाहित करें ! पिंडदान करने से पहले

इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि शरीर पर सिले हुए वस्त्र धारण न करें श्राद्धकर्ता को स्नान करके पवित्र होकर धुली हुई धोती धारण करनी चाहिए !

पितरों के निमित पूजा तर्पण श्राद्ध के लिये दक्षिण दिशा पितरों की मानी गई है पितृपक्ष में पितरों का आगमन दक्षिण दिशा से होता है ! इसलिए दक्षिण दिशा में पितरों के निमित्त पूजा तर्पण किया जाता है श्राद्ध करने में दूध गंगाजल मधु वस्त्र कुश जौ अनिवार्य है तुलसीदल से भी पिंडदान करने से पितर तृप्त होकर कर्ता को आशीर्वाद देते हैं ! पितरों का क्षेत्र दक्षिण दिशा माना गया है इसलिए यह ध्यान रहे की तर्पण करते समय कर्ता का मुख दक्षिण में ही हो तर्पण के समय अग्नि को पूजा स्थल के आग्नेए यानी दक्षिण पूर्व में रखना शुभ होता है इस दिशा में अग्नि सम्बन्धी कार्य करने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है ! रोग और क्लेश दूर होते हैं तथा घर में सुख समृद्धि का निवास होता है !श्राद्ध भोज करते समय ब्राह्मण को दक्षिण की ओर मुख करके बैठना चाहिए ऐसा करने से पित्र संतुष्ट होकर प्रसन्न होते हैं ध्यान रहे श्राद्ध तिथि वाले दिन तेल लगाने दूसरे घर में खाने और स्त्री प्रसंग से परहेज करें श्राद्ध में राजमा मसूर अरहर गाजर कुमहणा गोल लौकी बैगन शलजम प्याज लहसुन काला नमक काला जीरा सिंघाड़ा जामुन पिप्पली कैंथ महुआ चना आदि वस्तुओं का प्रयोग ना करें !

शास्त्रों में ब्राह्मण को गुरु के बराबर की पदवी दी गई है इसलिए पितरों के मोक्ष के लिए ब्राह्मणों को भोजन करने का महत्व सबसे अधिक बताया गया है इसमें यह बात ध्यान रखी जानी चाहिए कि ब्राह्मण को हमेशा दक्षिण दिशा की ओर मुख करके ही भोजन कराएं और भोजन के बाद यथाशक्ति दान करना चाहिए वैदिक दर्शन के अनुसार श्राद्ध का सबसे मुख्य तत्व श्रद्धा है जो प्रेम और विश्वास के साथ समर्पण के भाव में दिखाई देती है श्रद्धा के बिना कराया गया भोजन और दान श्राद्ध नहीं कहलाता है क्योंकि श्रद्धा बिना ना तो पित्र संतुष्ट होते हैं और ना ही कर्ता को संतुष्टि मिलती है !

जिस दिन आपके घर श्राद्ध होती हो उस दिन सूर्योदय से लेकर दिन के 12:00 बजे तक ही श्राद्ध करने का प्रयास करें इसके पहले ही ब्राह्मण से तर्पण आदि करले जब तक श्राद्ध कर्म न हो कुछ ग्रहण न करें कुश के आसन पर स्वयं बैठे और ब्राह्मणों को बैठा है अगर स्वयं श्राद्ध कर्म करना हो तो आसान को जल्द से प्रकट करें इस दिन नियमित ब्राह्मण के पैर धोए इस कार्य में के लिए पत्नी को भी दाहिनी तरफ होना चाहिए ब्राह्मण भोजन पर से पहले पंचबलि यानी गाय कुत्ता कौवा देवता और चींटी के लिए सामग्री पत्ते पर निकालें ! दक्षिण मु-खोकर कुश और जल लेकर पित्रतीर्थ से संकल्प करें और एक या एक से अधिक ब्राह्मणों को भोजन कारण भोजन के बाद यथाशक्ति दक्षिणा और अन्य सामग्री दान करें इसमें गांव भूमि वस्त्र अनाज सोना चांदी और नमक का दान किया जा सकता है इसके बाद निमंत्रित ब्राह्मण की चार बार प्रदक्षिणा कर आशीर्वाद लें यह सरल उपाय श्रद्धा पूर्वक करने से पितर तृप्त होते हैं और वे आशीर्वाद देने के लिए विवश हो जाते हैं आपके कार्य, व्यापार, शिक्षा, अथवा वंश वृद्धि में आ रही रूकावटें दूर हो जाती हैं !

पितृ की मृत्यु किसी भी तिथि को हुई हो लेकिन पितृपक्ष में उसकी श्राद्ध अवश्य करना चाहिए ! सधवा स्त्री की मृत्यु किसी भी तिथि को हुई हो लेकिन पितृ पक्ष में उसका श्राद्ध नवमी को ही करना चहिए !

यदि किसी पूर्वज अपने जीवन में सन्यासी या बनवासी हो गया हो तो उसकी मृत्यु के बाद उसका श्राद्ध मृत्यु तिथि को न होकर द्वादशी को होता है !

किसी जीव जंतु के काटने शास्त्र या विष से अथवा हत्या या दुर्घटना से मारे गए व्यक्ति का श्राद्ध मृत्यु तिथि न होकर पितृपक्ष के चतुर्दशी को करें !

जिस पूर्वज की मृत्यु तिथि पता ना हो या जिस-ाका श्राद्ध किसी कारणवश छूट गया हो उसकी श्राद्ध पितृपक्ष की अमावस्या को करें !

अलग-अलग सड़क हादसो में तीन की मौत

फिरोजाबाद। जनपद में अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए सड़क हादसा में तीन लोगों की मौत हो गई पुलिस ने शवो का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है

थाना टूंडला क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक प्रोढ की मौत हो गई। वह कार से उतर कर दूसरी कर में जा रहा था। उसी दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर आई है।

थाना जसराना के क्षेत्र मचन निवासी 55 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र जगत सिंह गुरुवार को अपने बड़े भाई के नाती के जन्मदिन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आगरागये थे।

शाम को वह पारिवारजनों के साथ कार से वापस घर लोट रहे थे। टूंडला के समीप गाड़ी से उतरकर विनोद कुमार दूसरी कार में बैठनेजा रहे थे। इस दौरान तेज गति से आ रहे हैं किसी वाहन में उन्हें टक्कर मार दी।

उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही कार में सवार उनके परिजन उतर कर आए। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना के बारे में उन लोगों से पूछताछ की। पुलिसमृतक केशव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है वहीं थाना मक्खनपुर के गांव नगरिया मे गुरुवार की रात दो बाईकों की भिड़ंत में 32 वर्षी अमित कुमार पुत्र रामकिशन निवासी जाफराबाद थाना मक्खनपुर की मौत हो गई वहीं इसी थाना क्षेत्र में 2 दिन पूर्व हुए एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए जैनल पुत्र मोहम्मद खलील निवासी नूर नगर की उपचार के दौरान मौत हो गई पुलिस ने सभी केशवो को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सपोर्ट कर दिया है

लखनऊ विश्वविद्यालय में मारपीट, छात्र की हालत गंभीर, आरोपी छात्र निलंबित

लखनऊ. लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को उस वक्त भगदड़ मच गई जब दो छात्र आपस में भिड़ गए. लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक राज किशोर कैंटीन जोकि लखनऊ विश्वविद्यालय के परिसर में ही है यहां पर शुक्रवार को एक छात्र पर लोहे के जग से उसके सिर पर हमला किया गया जिससे वह छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया. जान से मारने के आरोप में प्रथम दृष्टया इस पूरी घटना में शामिल छात्र प्रियांशु मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है.

आरोपी छात्र प्रियांशु मिश्रा एमए अर्थशास्त्र में प्रथम सेमेस्टर का छात्र था और वह लखनऊ के ही अलीगंज में रहता है. आपको बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय में नया सत्र शुरू हो चुका है. ऐसे में नए छात्र-छात्राओं का मिलना जुलना लगा हुआ है. हालांकि आखिर यह पूरा मामला क्या था, क्यों दोनों छात्रों के बीच में इतनी गंभीर लड़ाई हुई इसको लेकर विश्वविद्यालय जांच कर रहा है.

संकुल स्तरीय स्वावलंबन सहयोग समिति की वार्षिक आमसभा बिडरा संसद भवन मे आयोजित , विधायक के हाथो परिसंपति वितरित

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : पटमदा प्रखंड के अंतर्गत बांगुरदा आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा बिड़रा संसद भवन में आयोजित किया गया इस वार्षिक आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र का माननीय विधायक महोदय मंगल कालिंदी उपस्थित रहे। इसके अलावे विधायक प्रतिनिधि श्री चंदशेखर टुडू, जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो, कमलपूर पंचायत के मुखिया जमीनी बेसरा, बांगुरदा मुखिया कल्याणी सिंह, कसमार मुखिया लक्ष्मी सिंह, ओड़िया के मुखिया सा-वित्री सिंह , बिड़रा पंचायत के उपमुखिया गोपाल गोराई,प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक अमिता राहिल ट-ूटी, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी अनुरंजन कुमार (जे.एस.एल.पी.एस.) ब्लॉक एंकर पर्सन जयंता दास, सामुदायिक समन्वयक स्नेहशिष महतो,पटमदा संकुल की पी आर पी भगवती पाड़ेया,संकुल लेखापाल इंद्रजीत महतो, जेंडर सी आर पी, सी आर पी- ई पी एस, बैंक सखी, ए डब्लू, सीनियर ए. के.एम., सेतु दीदी,आदि उपस्थित थे इस कार्यक्रम में संकुल संगठन का वाषिर्क आय व्यय का व्योरा संकुल संगठन की अध्यक्ष जयंती माझी द्वारा सभी के सामने पेश किया । और वार्षिक कार्य योजना पर फोकस रूप से कार्य करने हेतु जोर दिया गया। इस आम सभा में उपस्थित अतिथियों के हाथों से बैंक ऑफ इंडिया काटिन शाखा के पाँच महिला समूहों के बीच 21,00000/- और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बांगुरदा शाखा के 4 महिला समूहों के बीच 18,00000/- का लोन स्वीकृति पत्र वितरण किया गया और संकुल संगठन द्वारा सामुदायिक निवेश निधि दो महिला ग्राम संगठन के बीच 5,50,000/- चेक दिया गया इस प्रकार कुल 44,50,000/- का प-रसंपति वितरण किया गया साथ ही उत्कृष्ट ग्राम संगठन और वैसे 3 समूहों को जिनका 10 लाख का लिंकेज हुआ है संकुल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस आम सभा में बाल विवाह पर नुकड़ नाटक दिदियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया साथ ही दो दिदियो ने अपनी सफल कहानी सबके सामने साझा की और जे एस एल पी एस को धन्यवाद दी।

बांगुरदा, पटमदा व लछिपुर आजी-विका महिला संकुल संगठन की सदस्यों के द्वारा संकुल कार्यालय हेतु नये भवन की मांग संबधित आवेदन माननीय विधायक महोदय को समर्पित किया गया। जिसमें माननीय विधायक महोदय द्वारा इस पर कार्य करने हेतु आश्वासन दिया गया।

इस तरह वार्षिक आम सभा का पटमदा प्रखण्ड के सभी तीन संकुल बांगुरदा संकुल संगठन के अलावा पटमदा का और लछिपुर आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड में 27 अगस्त को सम्पन्न किया गया। जिसमें तीनों संकुल का मिला कर लगभग कुल 1200 महिलाओं ने वार्षिक आम सभा में भाग लिया।

पंजाब में लैंड करप्शन

पंजाब के दिग्गज नेता पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता मनप्रीत बादल की गिरफ्तारी के लिए छिड़ा छापेमारी का अभियान

पंजाब सीमा से जुड़े सभी प्रदेशों में की जा रही है खोजबीन

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः जैसे- जैसे लोकसभा चुनावों के लिए विभिन्न प्रदेशों में राजनीतिक पार्टियों ने अपनी जमीन तलाशने के लिए राजनैतिक बिसात बिछानी शुरू की है, वैसे ही प्रदेश की सत्ता पर काबिज पार्टियों ने अपने विरोधी दलों के नेताओं पर शिकंजा भी कसना शुरू कर दिया है। उसी कड़ी में पंजाब के विभिन्न नेताओं को भिन्न भिन्न आरोपों के तहत शिकंजे में कसने की लहर चल पड़ी है। किसान कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैहरा के तुरंत बाद भाजपा के नेताओं पर भी चाबुक चलाने के लिए उनकी पृष्ठभूमि खंगालने की दिशा में कदम बढ़ाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है।

अब जमीनी भ्रष्टाचार (लैंड करप्शन) में आरोपित पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री और बीजेपी नेता मनप्रीत बादल को गिरफ्तार करने के लिए भी विजिलेंस ने कार्रवाई तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि, मनप्रीत बादल की तलाश में विजिलेंस ने कई राज्यों में छापेमारी की और कर रही है। विजिलेंस की टीमें मनप्रीत बादल पर दबिश करने के लिए हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान पहुंची। साथ ही पंजाब में भी विजिलेंस ने बठिंडा सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की।

मनजीत बादल से जुड़े हर तार पर वार

बताया जाता रहा है कि, बठिंडा में विजिलेंस ने मनप्रीत बादल के एक करीबी ठेकेदार के ठिकानों को खंगाला है। यहाँ से विजिलेंस ने कुछ जरूरी चीजें भी कब्जे में ली हैं। साथ ही दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

बठिंडा की कोर्ट से जारी हुआ गिरफ्तारी वारंट

मालूम रहे कि, हाल ही में मनप्रीत बादल के खिलाफ बठिंडा कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। कोर्ट ने विजिलेंस को आदेश दिया था कि, मनप्रीत बादल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाए। इससे पहले मनप्रीत बादल के वकील ने बठिंडा कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी लगाई थी। लेकिन बाद में यह जमानत याचिका वापस ले ली गई। बताया गया कि, यह याचिका जांच चलने के दौरान लगाई गई थी। लेकिन अब जब विजिलेंस ने मनप्रीत बादल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है तो फिर नए सिरे से जमानत याचिका दाखिल की जाएगी।

मनप्रीत बादल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

मनप्रीत बादल के विदेश भागने की संभावना को देखते हुए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। सभी एयरपोर्ट पर मनप्रीत बादल को लेकर अलर्ट जारी है। दरअसल, विजिलेंस को यह लग रहा है कि गिरफ्तारी के डर से मनप्रीत बादल विदेश भाग सकते हैं।

मनप्रीत बादल के खिलाफ कैसे उपजी पूरे मामले की तहें

बता दें कि, बठिंडा में जमीनी भ्रष्टाचार (लैंड करप्शन) के मामले को लेकर मनप्रीत बादल पर विजिलेंस ने आईपीसी की धारा 420, 409, 467, 468, 471 और 120-बी के तहत केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि, अफसरों पर राजनीतिक दबाव और प्रभाव दिखाते हुए मनप्रीत बादल ने जमीनी भ्रष्टाचार किया।

बताया जाता है कि, जमीनी भ्रष्टाचार (लैंड करप्शन) के इस मामले में मनप्रीत के अलावा इस मामले में 5 और आरोपियों को नामजद किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो 3 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। जिन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला की शिकायत के बाद विजिलेंस ने यह मामला खोला है। मनप्रीत बादल के खिलाफ बठिंडा के पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला ने शिकायत की थी।

जानकारी के मुताबिक, जब यह शिकायत दर्ज कराई गई थी तब कांग्रेस की सरकार थी और मनप्रीत बादल सरकार में वित्त मंत्री हुआ करते थे। उस समय सरूप सिंगला अकाली दल के नेता थे। हालांकि, अब समय यह है कि सरूप सिंगला और मनप्रीत बादल दोनों ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं। एक प्रकार से कहें तो अपनी ही पार्टी के नेता की शिकायत पर मनप्रीत बादल फंस गए हैं।

मनप्रीत बादल का राजनीतिक सफर

मनप्रीत सिंह बादल इसी साल जनवरी में कांग्रेस से अलग होकर बीजेपी में शामिल हो गए थे। मनप्रीत सिंह बादल का राजनीतिक सफर काफी लंबा है। वह पंजाब की गिद्दरबाहा विधानसभा सीट से 4 बार विधायक रह चुके हैं। बादल पहली बार अकाली दल की टिकट पर 1995 में इस सीट से विधायक चुने गए। इसके बाद अकाली दल की ही टिकट पर 1997, 2002 और 2007 में भी इस सीट से विधायक बने और 2007 से 2010 तक वह पहली बार पंजाब के वित्त मंत्री भी बने।

लेकिन 2010 में अकाली दल से अलग हो जाने के बाद 2011 में मनप्रीत बादल ने अपनी एक अलग पार्टी बनाई। जिसका नाम था 'पीपुल्स पार्टी ऑफ पंजाब'। 2012 के पंजाब चुनाव में बादल ने अपनी इस पार्टी का कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, सी .पी.एम.और शिरोमणि अकाली दल (लोंगोवाल) के साथ गठबंधन किया और चुनाव में उतरे। लेकिन इस चुनाव में बादल को हार का सामना करना पड़ा।

2016 में यह पार्टी शामिल हुई कांग्रेस में

इधर 15 जनवरी 2016 को मनप्रीत सिंह बादल ने अपनी पार्टी को कांग्रेस में मर्ज करने का ऐलान कर दिया. वहीं कांग्रेस में शामिल होने के बाद मनप्रीत सिंह बादल ने बंठिडा अर्बन से 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल करते हुए पांचवी बार विधायक बने। इस दौरान उन्हें दूसरी बार पंजाब का वित्त मंत्री भी बनाया गया।

जनसेवा में महम विधायक बलराज कुंडू का एक और सराहनीय कदम

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़,29 सितंबर। रोहतक के महम से विधायक बलराज कुंडू

अब जरूरतमंद परिवार के घर जाकर करेंगे खाने के गेंहू की पिसाई

महम हल्के में चार ट्रेक्टर के साथ आटा-चक्की मशीनें निशुल्क शुरू कीं

महिला और पुरुषों में खुशी की लहर, पिसाई का बचेगा खर्च

जनसेवा में नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उनकी बेटियों के लिए स्कूल-कालेज तक पहुंचाने और लाने के लिए बसों की सेवा पूरे प्रदेश और देश में चर्चित है। इस कड़ी में विधायक बलराज कुंडू ने जरूरतमंद परिवारों के लिए गेंहू की पिशाई हेतु निशुल्क आटा चक्की मशीन की सौगात दी है। बलराज कुंडू ने महम विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांवों तक यह सुविधा पहुंचाने के लिए चार ट्रेक्टर-आटा चक्की मशीनें शुरू की हैं। विधायक कुंडू ने वीरवार को विधिवत रूप से चारों मशीनों का शुभारंभ करके जनता को समर्पित कर दिया। बलराज कुंडू की तरफ से आज गांव बहु अकबरपुर, सामाण, लाखनमाजरा और बलहंवा को एक-एक ट्रेक्टर-आटा चक्की मशीन सौंपी हैं।

नियमित गांव-गांव पिसाई करेंगी आटा चक्की मशीन

बलराज कुंडू द्वारा मुफ्त गेहूं पिसाई 14:49

चारों मशीनों से नियमित रूप से गांव-गांव जाकर पिसाई किया करेंगे। इसके लिए स्थाई तौर पर ड्राईवर व चक्की चलाने के लिए कर्मचारी नियुक्त किया गया है। हर गांव पहुंचने की तारीख तय होगी और पूरे गांव में जरूरतमंदों के घर-घर जाकर पिसाई करके अगले गांव पहुंचेंगी।

महिलाओं और घर के मुखियाओं में हर्ष का माहौल बना

आटा पिसाई हर परिवार की जरूरत का हिस्सा है। इसके लिए लोगों ने घरों में आटा चक्की मशीन लगाई हुई है, उसको चलाने में बिजली का विल आता है। जिन घरों में मशीनें नहीं लगी हैं वे पैसे देकर पिसाई करवाते हैं। उनको भी हर महीने आटा पिसाई के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अब जब विधायक बलराज कुंडू ने यह सुविधा निशुल्क लोगों तक पहुंचा दी है तो उनके चेहरे पर खुशी का माहौल साफ दिखाई दे रहा था। खासकर महिलाएं आटा पिसाई कराने से पहले गेहूं कि सफाई करने से भी बच गईं। क्योंकि आटा-चक्की मशीन गेंहूं की खुद सफाई भी करेगी।

मानव सेवा ही मेरा धर्म और कर्तव्य हैः बलराज कुंडू

पिछले दस साल से महम विधानसभा क्षेत्र की जनता के बीच जनसेवक की छवि बना चुके विधायक बलराज कुंडू जरूरतमंद परिवारों को ट्रैक्टर-आटा-चक्की मशीन समर्पित करके आत्मविश्वास से भरे नजर आए। यहां मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए बलराज कुंडू ने कहा कि मानव सेवा ही मेरा धर्म और कर्तव्य है। यह काम मैं अपनी अन्तरआत्मा की आवाज पर कर रहा हूं। कुंडू ने कहा आज मुझे खुशी है कि जब से महम हल्के में छात्राओं की पढ़ाई की सुविधा के लिए बसें चलाई हैं, तब से कालेज जाने वाली छात्राओं की संख्या बढ़ गई हैं। मां-बाप भी अब बच्चियों को कालेज भेजने से हिचकिचाते नहीं हैं, क्योंकि उन्हें पता है बेटियां सुरक्षित कालेज जाती हैं और आती हैं। इसी प्रकार आटा चक्की मशीन चलने से अब जरूरतमंद परिवार आर्थिक रूप से संपम्न होंगे।

हरियाणा में बिजली कट समस्या के समाधान के लिए सरकार लगाएगी स्मार्ट मीटर

फरवरी से शुरू किया जा रहा स्मार्ट मीटर लगाने का काम

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण पंजाब
हरियाणा

हरियाणा सरकार ने हरियाणा के कई शहरों में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की योजना बनाई है।घंटों का बिजली कट से लोगों को परेशानी न हो इसके लिए हरियाणा सरकार की तरफ से फैसला लिया गया है। बिजली अधिकारियों के अनुसार अब अक्टूबर महीने से ही बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बता दें कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद रिचार्ज न करवाने पर बिजली कनेक्शन कट जाएगा।

बिजली निगम ने शहर के एनआईटी इलाके से फरवरी माह में स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय लिया था। इसको लेकर बिजली निगम की एनर्जी एफिशियेंसी सर्विसिज लिमिटेड (ईईएसएल) के अधिकारियों के साथ बैठक भी हो गई थी।

इसमें फरवरी माह से मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद ईईएसएल कंपनी और बिजली निगम के बीच मीटर लगाने के शुल्क को लेकर विरोधाभास पैदा हो गया था।

इस वजह से मीटर लगाने की कार्रवाई रुक गई। अब लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। तापमान के बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ती जा रही है। बिजली निगम का कहना है कि यदि अब गर्मी में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी तो बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ेगी। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता, नरेश कुमार कक्कड़ ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली कटौती करनी होगी। गर्मी में बिजली कट लगाना ठीक नहीं होगा। गर्मी के बाद स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।अगर कोई भी मीटर रिचार्ज नहीं करवाता तो उसके घर का अस्थाई तौर पर बिजली कनेक्शन कट हो जाएगा। रिचार्ज होने पर मीटर कनेक्शन तुरंत चालू हो जाएगा।

पंजाब पुलिस ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में सचिन थापन को लिया हिरासत में

सचिन को खुलासा के लिए दिल्ली से लाया गया मानसा

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। पंजाब पुलिस ने मर्डर की साजिश में शामिल रहे सचिन बिश्नोई उर्फ सचिन थापन को अपनी हिरासत में लिया है। पंजाब पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर सचिन थापन को दिल्ली से मानसा लेकर पहुंची है। जहाँ सचिन थापन से पूछताछ की जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि थापन से पूछताछ में अहम खुलासे हो सकते हैं। सचिन थापन कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का बेहद करीबी है। सचिन थापन की पहचान लॉरेंस के भांजे के तौर पर भी है।

सचिन थापन को अजरबैजान से लाए थे दिल्ली

सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में आरोपी सचिन थापन को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल पिछले महीने अगस्त में ही अजरबैजान से पकड़कर अपने साथ लाई थी। अजरबैजान से सचिन थापन को भारत प्रत्यर्पित करने की मांग की गई थी। जिसके बाद प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी होने पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल ने सेल सचिन थापन को अपनी हिरासत में ले लिया था। बताया जाता है कि, सचिन थापन फर्जी पासपोर्ट बनवाकर फरार हो गया था।

लारेंस बिश्नोई से पहले सचिन थापन ने भी सिद्धू मूसेवाला को मारने की कही थी बात

सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस को लेकर लॉरेंस बिश्नोई ने तो बाद में मारने की बात कबूली थी। उससे पहले सचिन थापन ने एक टीवी चैनल को फोन कर सिद्धू मूसेवाला मर्डर की जिम्मेदारी ले ली थी। सचिन बिश्नोई ने दावा किया था कि विक्की मिड्डूखेड़ा की हत्या का बदला लेने के लिए उसने ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या की है। फिलहाल पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी लॉरेंस बिश्नोई ही है। लॉरेंस बिश्नोई की प्लानिंग से ही उसके गैंग ने सिद्धू की हत्या की।

29 मई 2022 को हुई थी सिद्धू मूसेवाला की हत्या

ध्यान रहे कि, 29 मई 2022 को सिद्धू को मानसा इलाके में मौत के घाट उतार दिया गया था। कारों में सवार होकर आए लॉरेंस गैंग के करीब 8 गुर्गों ने सिद्धू मूसेवाला को गोलियों से छलनी-छलनी कर डाला था। सिद्धू मूसेवाला की थार गाड़ी पर साइड और सामने से कई राउंड फायर किए गए थे। हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गोल्डी बराड़ ने पूरी जिम्मेदारी ली थी। गोल्डी बराड़ का कहना था कि, सिद्धू मूसेवाला में घमंड बहुत आ गया था। उसने हमारा नुकसान भी किया. इसलिए उसे मार दिया। फिलहाल, सिद्धू के आरोपी पकड़े जा चुके हैं। वहीं, दो को तो पंजाब पुलिस ने अमृतसर के अटारी बॉर्डर पर ढेर कर दिया

किसान- मजदूर संगठनों का पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में रेलवे ट्रैक पर जाम

बाढ़ से ग्रस्त फसलों के मुआवजे की माँग, रेलवे यात्रियों को लगातार आ रही बाधा

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः पंजाब भर के 19 किसान - मजदूर संगठनों ने अपनी माँगों को लेकर रेल रोको आंदोलन 29 सितम्बर से शुरू किया हुआ है। यह आन्दोलन आज भी जारी है। किसान पंजाब में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चण्डीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का जैसे अनेक स्टेशन पर रेलवे लाइन बंद होने के कारण काम ठप्प है। ट्रेनों का पक्का जाम होने के कारण सैंकड़ों यात्री स्टेशनों पर फंसे हुए बैठे है। शुक्रवार को जहाँ तकरीबन 60 ट्रेन प्रभावित हुईं। वहीँ अब 90 ट्रेन के प्रभावित हो जाने की संभावना बन रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 80 से अधिक ट्रेन रद्द कर दी गई हैं। प्रदेश की 19 जत्थेबंदियों ने 17 जगह पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। इस में मोगा रेलवे स्टेशन, अजीतनाथ व डगर, होशियारपुर, गुरदासपुर, डेरा बाबा नानक, जालंधर कैंट, तरनतारन, संगरूर, के सुनाम, पटियाला के नाभा, फिरोजपुर के बस्ती टैंकांवाली, मल्ला वाला, बठिंडा के रामपुर फूल, अमृतसर के देवीदास पुरा, मजीठा, फाजिल्का, मालेरकोटला, के अहमद गढ़ में प्रदर्शन के 30 सितम्बर तक चलने की बात कही

जा रही है। किसानों का कहना है कि बरसात और बाढ़ से उनकी फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

अनेकों किसान ऐसे है जिनके फसल की अब तक गिरदावरी भी नहीं हुई है और उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा भी नहीं मिला है। जिन किसानों को दिया वो भी मामूली है।

किसानों की माँग है कि सरकार उन्हें कम से कम प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा दे। इसके साथ केंद्रीय सरकार भी बाढ़ से हुए नुकसान के लिए 50 हजार करोड़ रुपये पंजाब को दे। 12015- अमृतसर- नयी दिल्ली शताब्दी को लुधियाना से चलाया गया। 12460- अमृतसर नयी दिल्ली सुपरफास्ट कैंसिल कर दी गई। 12926- अमृतसर- मुम्बई सेंट्रल को चण्डीगढ़ से रवाना किया गया और 16788 श्री माता वैष्णो देवी से तेरूनदिल्ली जाने वाली ट्रेन को पठानकोट से जालंधर, लुधियाना, साहनेवाल से सरहिंद के लिए रवाना किया जाना है।

प्रदेश के स्कूलों व घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तारों की शिफ्टिंग के लिए 151 करोड़ रुपये की राशि का करना है प्रावधान- चौधरी रणजीत सिंह

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ सितम्बरः हरियाणा के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्कूलों व घरों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन तारों को शिफ्ट करने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सैद्धांतिक रूप से अपनी सहमति प्रदान कर दी है। बिजली निगम अपने खर्च पर इन तारों को शिफ्ट करेगा। इस कार्य हेतु अलग से लगभग 151 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया जाएगा। चौधरी रणजीत सिंह आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन एम्पलॉयस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक के बारे जानकारी देते हुए चौधरी रणजीत सिंह ने बताया कि यह बैठक लगभग 3 घंटे चली और सौहार्दपूर्ण वातावरण में विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। यूनियन द्वारा कुछ मांगे रखी गई, जिनपर सहमति बनी है। कर्मचारी नेताओं को भी तहजीब व मयार्दा नहीं तोड़नी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वे बिल्कुल स्पष्टवादी हैं। अब तक तो यूनियन वाले उनसे मिलने कभी आए नहीं। जब उन्होंने समय मांगा तो हमने तुरंत समय दिया और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सूना।

उन्होंने कहा कि सभी मांगों पर विचार करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसमें यूनियन के पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा।

स्मार्ट मीटर के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 10 लाख स्मार्ट मीटर खरीदने के ऑर्डर दे दिए गए हैं। जिसमें से लगभग 9 लाख मीटर आ चुके हैं। सभी राज्यों के लिए केंद्र सरकार की एजेंसी को स्मार्ट मीटर खरीदने का काम सौंपा गया है। शीघ्र ही 20 लाख और स्मार्ट मीटर खरीदने का ऑर्डर दिया जाएगा।

इस वर्ष 70 हजार सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित

चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) के तहत प्रदेश में इस वर्ष 70 हजार सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य रखा है। किसानों का रुझान इसके प्रति बढ़ रहा है और

10 लाख स्मार्ट मीटरों की खरीद के आर्डर में से 9 लाख प्राप्त हो चुके , शीघ्र 20 लाख की खरीद के ऑर्डर किये जाएंगे जारी -बिजली मंत्री रणजीत बिजली कर्मचारियों की माँगों पर विचार के लिए गठित की जाएगी एक कमेटी- रणजीत सिंह

यह संख्या लक्ष्य से अधिक भी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के मामले में हरियाणा देश में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि ढाणियों व डेरों में व्यवहार्यता को देखते हुए बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली प्रबंधन की स्थिति को बेहतर किया है और इसी का परिणाम है कि पिछले 9 वर्षों में हरियाणा में बिजली की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

आई.एन.डी.आई. अलाइंस के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा में आई.एन.डी.आई. अलाइंस का कोई आधार नहीं है। चुनाव के नजरिये से केवल दो पार्टियों बीजेपी और कांग्रेस की ही बात हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में विचारों का विरोधाभास होना स्वाभाविक है, परंतु राजनेताओं का भविष्य जनता ही तय करती है। हर व्यक्ति अपने-अपने ढंग से आगे बढ़ने का प्रयास करता है। लेकिन आई.एन.डी.आई. अलाइंस में तो बड़े कद का कोई नेता ही नहीं है और अभी से इस अलाइंस में नेताओं के दो-तीन धड़े बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि आज बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है और अन्य पार्टियों को अपने अस्तित्व का खतरा हो गया है, इसलिए सब गठबंधन की ओर देख रहे हैं।

गांधी जी के विचार आज भी हैं प्रासंगिक : प्रो.वन्दना

कुलपति ने अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह का किया शुरूआत

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो
समाज जागरण

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह एवं स्थापना दिवस के अन्तर्गत होने वाले विविध कार्यक्रमों की शुरूआत शुक्रवार को गांधी वाटिका से हुई। गाँधी वाटिका में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा को हथियार बनाकर देशवासियों को एकजुट कर आजादी दिलायी थी। आज के दौर में हमारे आस-पास जो बहुत सारी असामाजिक घटनाएँ हो रही हैं ऐसे में महात्मा गांधी का अहिंसा के प्रति दृष्टिकोण और भी प्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार करेंगे जिससे वह एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर होते रहेंगे। आयोजन के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल के निर्देश पर गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन, जलगांव की अपेक्षा के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 02 अक्टूबर को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस

मनाया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह के अंतर्गत पहले दिन प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में स्वच्छ भारत विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता एवं जनसंचार विभाग में सामाजिक सद्भाव विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. अन्नू त्यागी, शशिकांत यादव, डॉ. राहुल राय, डॉ. अंकित सिंह, पंकज सिंह ने कार्यक्रमों का समन्वय किया। गांधी वाटिका में समारोह के शुभारम्भ अवसर पर प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, एनएसएस के समन्वयक डॉ. राजबहादुर यादव, सहायक कुलसचिव दीपक सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. मारुती सिंह आदि उपस्थित रहे।

सहचर्य की भावना को प्रमुखता देते हुए समाजसेवा करना ही संस्था का उद्देश्य : डॉ. क्षितिज

प्रशिक्षण कार्यशाला का रोटरी क्लब ने किया आयोजन

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो
समाज जागरण

जौनपुर। रोटरी क्लब अन्तराष्ट्रीय की जौनपुर इकाई ने संस्था द्वारा किस प्रकार से सहचर्य की भावना को आगे रखते हुए समाजसेवा की जा सकती है विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में एमपीएचएफ डॉ. क्षितिज शर्मा द्वारा उपस्थित संस्था सदस्यों को सर्वप्रथम संस्था की मूल भावना स्वयं से बढ़कर मानव सेवा के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य सहचर्य की भावना को बढ़ाते हुए समाज की सेवा करना है। हम सबको यह समझना जरूरी है कि संस्था किसी के व्यक्तिगत हित के साधन का माध्यम नहीं है अपितु सामाजिक हित में कार्य करने का अतुल्य साधन है। स्वयं से आगे बढ़कर जब हम समाज के लिये सोचना शुरू करेंगे तब हम एक सार्थकता का अनुभव करेंगे। उन्होंने संस्था द्वारा अन्तराष्ट्रीय स्तर पर शांति, स्वच्छ जल व शिक्षा के क्षेत्र में क्या क्या कार्य किया जा रहा है

इस पर विस्तृत जानकारी दी। संस्थाध्यक्ष सुजीत अग्रहरि ने बताया कि संस्था में सदैव एक दूसरे का हौसला बढ़ाते हुए समाज कल्याण से सम्बंधित कार्य किये जाने चाहिये। सहचर्य किसी भी संस्था की मूल आत्मा है। सहचर्य से ही सेवा भावना का उद्भव होता है। उन्होंने स्वर्ण व्यवसायी संदीप सेठ को संस्था सदस्यता की शपथ दिलवायी। कार्यक्रम निदेशक पीएचएफ मनीष चन्द्रा ने अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया। सचिव विवेक सेठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम बहादुर सिंह, अनिल गुप्ता, मनीष गुप्ता, संजय जायसवाल, आशीष गुप्ता, प्रदीप सिंह, कृष्ण कुमार मिश्र, शिवांशु श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय, श्याम वर्मा, डा. बृजेश आदि उपस्थित रहे।

क्षेत्र में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

कोतमा। अनूपपुर जिले के क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खननधड़ल्ले से किया जा रहा है फिर राजस्व अमला और खनिज विभाग के मैदानी एवं आला अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। रेत के अवैध उत्खनन परिवहन रोकथाम हेतु संबंधित अमले द्वारा किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण अवैध परिवहन कताओं के हौसले बुलंद हैं और वह अपनी मनसा के अनुरूप अवैध कार्य को अंजाम भी दे रहे हैं। सोन, तिपान, ऐलान, केवइ आदि नदी के घाटों पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन सोन नदी के बीट गार्ड प्रभारियों के द्वारा कराया जाता है।जिस तरह से जिले की इन नदियों से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन इन दिनों धड़ल्ले से चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि सोन, एलान केवइ नदी के करीब एक दर्जन घाटों में रात दिन रेत कारोबारी सक्रिय रहते हैं। और ट्रैक्टर ट्राली 407 ट्राली रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हैं। कोतमा, जैतहरी, बिजुरी कटकोना, हरि, क्षेत्र के आसपास नदी-नालों के विभिन्न घाटों में रेत का कारोबार कई दिनों से चल रहा है। आसपास के अन्य घाटों में दर्जन भर से ज्यादा वाहन रेत निकासी में सक्रिय हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन क्षेत्रों में रेत की अवैध निकासी होती है वहां निर्धारित रेट फिक्स है जिसमें अधिकारी व कर्मचारी

सम्मिलित है। वही बीट प्रभारी के द्वारा रेत माफियाओं से अवैध रेत का उत्खनन एवं परिवहन कराया जाता है। उसके एवज में मोटी रकम की राशि ली जाती है और बंदरबांट अधिकारियों तक पहुंचाई जाती है। जिले से प्रभावित होने वाली नदियों से किसी भी तरह का उत्खनन एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित है जहां अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन को कड़ाई से पालन कराने के लिए राजस्व ,पुलिस, खनिज विभागों के कर्मचारियों की तैनाती की गई है । तहसील कोतमा एवं जैतहरी क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खनन / परिवहन हो रहा है, खनिज विभाग का अधीनस्थ अमला क्षेत्र में कार्यरत है। सूत्र बताते हैं कि अवैध उखानकताओं द्वारा जिला अनूपपुर के रेत ठेकेदार की ई०टी०पी० का उपयोग रेत परिवहन में किया जाता है। भंडारण की आड़ में कोतमा के आसपास एवं अनूपपुर च चचाई क्षेत्र से भी रेत की अवैध निकासी हो रही है उसकी जांच कराई जाने की आवश्यकता है। खबर तो यह भी है कि एटीपी कहीं का और कहीं से रेत का परिवहन भी कंपनी के करिंदों द्वारा की जा रही है खनिज अमले से कार्यवाही कराने में वैधानिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

पांच दिवसीय पेशा एक्ट कार्यशाला का हुआ समापन 500 लोगो ने लिया प्रक्षिक्षण

जल जंगल और जमीन पर पेशा एक्ट के ग्राम सभा के अधिकारः–MSW छात्र प्रवीण तिवारी

उमरिया जिले जनपद पंचायत पाली में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक मध्यप्रदेश जन अभियान परिसद आर्थिक एवम सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन उमरिया द्वारा पांच दिवसीय पेशा एक्ट प्रशिक्षण आयोजित की जा रही थी जिसका आज आन दिनांक 29 सितंबर को सेक्टर पाली में पेशा एक्ट के समापन किया गया बता दे कि आज के कार्यशाला में ग्राम पंचायत बेली, मुदरिया,मलहदू, बन्नोदा,सलैया,गिजरी के सरपंच सचिब मोबलाइजर नवांकुर संस्था सीएमसीएल डीपी के छात्र/छात्राएं मौजूद रहे पांच दिवसीय समापन पेशा एक्ट कार्यशाला में जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली श्री कुंवर कन्हाई मास्टर ट्रेनर अंजनी चनपुरिया,विकाशखण्ड समन्वयक पुष्पा सिंह टेकाम,परामर्श दाता बृजेश सिंह तिवारी, संजय साहू,अर्चना मिश्रा, सशी साहू,नवांकुर अध्यक्ष संस्था की अध्यक्ष कृष्ना विश्वकर्मा, मोनिका यादव पुष्पेंद्र सिंह,रजनी सिंह, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेउल्लेखनीय है कि मास्टर ट्रेनर अंजनी चनपुरिया ने पेशा एक्ट की जानकारी देते हुए बताया की ग्राम सभा को शक्तियां देकर जनजाति वर्ग को सशक्त बनाना. ग्राम सभा इन शक्तियों का इस्तेमाल आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले जनजातियों के विकास के लिए करें और उनके हक की रक्षा कर सकें। ग्राम की समस्त जल जंगल और जमीन पर पेशा एक्ट के ग्राम सभा के अधिकार से लोग अपने अधिकार प्राप्त कर सकते हैग्राम सभा गांव में अवैध शराब के विक्रय को रोकने का काम भी करेगी। जब जन अभियान के छात्र पेश एक्ट के ट्रेनिंग ले रहे ट्रेनर प्रवीण तिवारी ने बताया कि ग्राम सभा शांति बनाए रखने के लिए हर गांव में एक शांति एवं विवाद निवारण समिति गठित करेगी। साथ ही इस समिति में कम से कम एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस स्टेशन को दी जाएगी। ग्राम सभा गांव के स्कूल, स्वास्थ्य एवं आंगनबाडियों के सुचारू संचालन के लिए उनकी निगरानी एवं निरीक्षण करेगी। इस पांच दिवसीय पेशा एक्ट में कुल 500 लोगो को पेशा एक्ट का प्रशिक्षण दिलाया गया कार्यशाला समापन के दिन जन अभियान परिषद के छात्र/छात्राओ ने नाटक नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को पेशा एक्ट की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुशील द्विवेदी, वर्षा त्रिपाठी,रेशु अग्रवाल,पूजा यादव,श्रुति सिंह, वैशाली सिंह,सीमा सिंह,अनामिका शुक्ला, आरती विश्वकर्मा, सतेंद्र द्विवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण महोविया,पियूष चौबे,पूजा साहू रामसुहावन सिंह बर्मा मोहम्मद इब्राहिम,आरबी सिंह,गणेश द्विवेदी, सचिव वेगवती कीर्ति सिंह सरपंच निर्मला सिंह मोबिलाइजर, नरेश बैग सचिव, यशोदा सिंह ,सलेंद्र
तिवारी,रविन्द्र सिंह,दिलीप सोनी, रानी बैगा, अमित गौतम, भारती देवी सहित समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

शहीदे आजम भगत सिंह सभी नौजवानों के प्रेरणा स्रोत : प्रो.राकेश

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो
समाज जागरण

महराजगंज, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के सरायपड़री चौराहे पर कृषक मजदूर संगठन द्वारा शहीद भगत सिंह का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम के पूर्व बच्चों द्वारा शहीद भगत सिंह, चन्द्रशेखर, सुखदेव, राजगुरु, दुर्गा भाभी, अशफाक उल्ला खां की झांकी निकाली गयी। मुख्य अतिथि प्रो. राकेश कुमार यादव ने कहा कि शहीद भगत सिंह सभी नौजवानों के आदर्श हैं। जब-जब भारत के क्रांतिकारी आंदोलन के इतिहास की बात होगी शहीद भगत सिंह नौजवानों, क्रांतिकारियों के लिये सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। मुख्य वक्ता कामरेड विनोद तिवारी ने अपने संबोधन में भगत सिंह को साम्राज्यवाद के खिलाफ समाजवादी विचारधारा की अलख जगाने वाला एक युग पुरुष कहा। उन्होंने कहा कि जब-जब साम्राज्यवादी शक्तियां अपना सिर उठाती रहेंगी शहीद भगत सिंह उनके सामने एक प्रतिरोध की दीवार के रूप में सभी क्रांतिकारियों के आदर्श रहेंगे। किसान समता समिति के संयोजक कृष्णा सिंह ने

वर्तमान समय में कृषकों की दुर्दशा का वर्णन करते हुए शहीद भगत सिंह के समाजवादी विचार की प्रासंगिकता का उल्लेख किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कामरेड डॉ. रामयश यादव ने शहीद भगत सिंह को जन्मदिन पर नमन करते हुए उन्हें साम्राज्यवाद के विरुद्ध संघर्ष करने वाला सच्चा क्रांतिकारी बताया। कार्यक्रम संचालन कृषक मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव कामरेड मोती लाल ने किया। इस अवसर पर शिक्षक एवं किसान नेता ब्रहदेव यादव, कामरेड आदित्यनाथ यादव, शीतला प्रसाद, कामरेड रामजीत वर्मा, डॉ. अरविन्द कुमार यादव, जय सिंह, धर्मराज यादव, तीर्थराज, पारसनाथ, राजेंद्र प्रसाद, पन्नालाल पटेल, मातादीन यादव आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छ पर्यावरण का हमेशा रखें ध्यान : प्रो. अरूण

रचना विशेष विद्यालय में स्वच्छता अभियान पर कार्यक्रम आयोजित

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो
समाज जागरण

जौनपुर। रचना विशेष विद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय पुनर्वास परिषद, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम' (सीआरई) आयोजित किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि टीडीपीजी कालेज के रसायन विज्ञान के प्रो. डा. अरूण कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आज विशेष शिक्षक जो भी सेवा दे रहे हैं उससे विशेष बच्चों का आत्मनिर्भरता का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। स्वच्छता के बारे में कहा कि विशेष बच्चों को स्वच्छ रखने में माता पिता के अलावा विशेष शिक्षकों की भी अहम भूमिका होती है। विद्यालय के प्रवक्ता डा. संतोष

कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया जो पूरे समाज के लिये अत्यन्त उपयोगी है। प्रवक्ता सचिन कुमार यादव ने कहा कि हम अपने घर के अलावा अपने मोहल्ले और आसपास भी स्वच्छ वातावरण बना सकते हैं। प्रधानाचार्य गौतम चन्द ने सभी विशेष बच्चों व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिये कहा। संचालन मुख्य समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने किया।

जिउत्पुत्रिका व्रत जिउतिया

दिनांक 06/10/2023 को–आचार्य पंडित अभिषेक तिवारी

07/10/2023 को नवमी तिथि दिन में 10:21पर हो जाने के बाद पारण होगा

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

आचार्य पंडित अभिषेक तिवारी ने बताया की
सर्वप्रथम जिउत्पुत्रिका व्रत कथा के आधार पर आश्विन मास के कृष्ण पक्ष कि शुद्ध अष्टमी तिथि को यह व्रत करना चाहिए और नवमी में परणा करना चाहिए साथ हीं यह व्रत प्रदोष व्यापीनी भी है..... भविष्य पुराण के अनुसार -- आश्विन कृष्ण अष्टमी जीवित्पुत्रिका .....
ईषे मास्यसिते पक्षे चाष्टमी या तिथि भवेत।
पुत्रसौभाग्यदा स्त्रिणाम् ख्याता सा जीवपुत्रिका।
शालीवाहनराजस्य पुत्रो जिमूतवाहनः
तश्याम् पूज्य स नारिभी पुत्रसाभाग्यलिप्सया।
यह अष्टमी प्रदोष व्यापीनी ग्राह्य है
प्रदोष समये स्त्रिभीःपूज्यो जीमुतवाहनः
पुष्करिणीम् विधायाथ प्रांगणे चतुरस्त्रिकाम्।
यदि अष्टमी प्रदोष में दो दिन हों तो काल कि प्रधानता और नवमी में पारणा के अनुरोध से दूसरे दिन व्रत करें, पूर्व दिन व्रत करने पर अष्टमी में पारण करनी पड़ेगी जो दूषित है। अष्टमी के समाप्त होने पर रात्रि में पारण करनी होंगी जो निसिद्ध है। इसलिए दो उपवास करना पड़ेगा।
यदि अष्टमी पूर्व दिन प्रदोष में रहे, दूसरे दिन न रहे तो
विष्णु धर्मोत्तर के अनुसार पूर्व दिन हीं व्रत करें।अष्टमी समाप्त होने पर पारण करें।
पूर्वेद्युपरेद्यूर्वा प्रदोषे यत्र चाष्टमी।
तत्र पूज्य सदास्त्रिभी राजा जीमुतवाहनः
जिउत्पुत्रिका व्रत दिनांक 06/10/2023 को ही होगा और पारण 07/10/2023 को नवमी तिथि दिन में 10:21मिनट पर हो जाने के बाद होगा।

संयुक्त सहकारी समिति (पैक्स) कर्मचारी महासंघ जिला इकाई अनूपपुर ने दिया ज्ञापन

अनूपपुर ।संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ जिला इकाई अनूपपुर के द्वारापैक्स कर्मचारी की वेतनमान आदि मांगों पर सहमति के उपरांत टाल मटोल करके गुमराह करने के विरुद्ध अनिश्चितकालीन आंदोलन धरना जंगी प्रदर्शन करने की मांग की गई। ज्ञापन देने के पूर्व समतपुर तिराहा हनुमान मंदिर के समीप अनूपपुर जिले के संयुक्त सहकारी कर्मचारी महासंघ के सैकड़ो पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्रित हुए और वहां से रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन अनूपपुर को दिया गया। पदाधिकारी का कहना था कि दिनांक 30.09.2023 को प्रदेश स्तर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्य प्रदेशपदाधिकारी आदि द्वारा सहकारिता मंत्री के बंगले के समक्ष मुण्डन संस्कार काकार्यक्रम किया जायेगा।दिनांक 01.10.2022 को मध्यप्रदेश के समस्त विधायक, मंत्री एवं सांसदों के निवास के समक्ष स्थानीय स्तर पर मुंडन संस्कार कार्यक्रम किया जाएगा। 02.10.2002 को प्रदेश के समस्त कर्मचारियों की भोपाल रवानगी एवं प्रदेशपदाधिकारियों द्वारा भाजपा कार्यालय भोपाल के काले वस्त्र धारण कर मौनप्रदर्शन किया जायेगा ` दिनांक 03.10.2023 को मुख्यमंत्री निवास का घेराव एवं चक्का जाम, एवं जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। रैली के माध्यम से महासंघ के कर्मचारियों ने एकजुट होते हुए पैदल मार्च किया और हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते के नारों से अपना विरोध प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों का कहना था कि 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया और प्रदेश के मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद हम सभी ने हड़ताल समाप्त किया लेकिन हमें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है और हमारी मांगों पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अमल नहीं किया जा रहा है जिसके कारण अब हम आंदोलन के लिए बाध्य हैं। ज्ञापन देते समय महासंघ के लालमणि मिश्रा ,मदन द्विवेदी, संजय द्विवेदी, यादेवेंद्र गौतम, ओपी द्विवेदी पप्पू पटेल ,दशरथ कोरी, संजय प्यासी, संदीप गुप्ता, बिहारी लाल जायसवाल, जेपी नामदेव सहित महासंघ के सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेत से भरे ट्रक के ऊपर मिली लाश, ट्रक के ड्राईवर की लाश होने की आशंका?

हत्या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने जुटी अनूपपुर पुलिस

अनूपपुर / जिला मुख्यालय से महज 6 किलो मीटर दूर अमरकंटक मुख्य मार्ग में सनसनीखेज मामला सामने आया जहा सड़क किनारे रेत से भरे खड़े ट्रक के ऊपर एक व्यक्ति की लाश मिली , कई घंटो बाद जब ग्रामीणों ने ट्रक की जांच की तो पाया की ट्रक के ऊपर लाश है और कई घंटो तक ट्रक सड़क की किनारे खड़ा था लोग को शक हुआ तब वहां के ग्रामीणों ने उसकी जांच की , जानकारी सामने आई की जो लाश है उसी ट्रक ड्राइवर की है जिसका नाम मोहन उइके ग्राम जमुडी का बताया जा रहा है।
बेरीबंध स्थित रेत यार्ड से सुबह 8:00 बजे गाड़ी नंबर`स्र 65ga 0483 रेत लेकर निकली उसके बाद यार्ड से कुछ ही दूरी पर कुछ समय बाद यह ट्रक सड़क के किनारे खड़ा हो गया और लोगों को शक हुआ तब उसकी जांच की ।परिजनों को शाम के 4:00 बजे जानकारी हुई लास होने की जानकारी प्राप्त होने के बाद पोलिस को तत्काल सूचना दी गई पर लगभग 6 बजे तहसीलदार के साथ पुलिस बल मौके पर मौजूद हुआ और प्रथम दृष्टि अभी पुलिस कुछ भी बताने को तैयार नहीं जांच उपरांत यह तय होगा यह हत्या है या आत्महत्या। लेकिन लगातार परिजन शक कर रहे हैं कि यह हत्या है और हत्या के एंगल से ही पुलिस जांच करे ।

लूर्दस कान्वेंट स्कूल में कला उत्सव प्रतियोगिता सम्पन्न

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के लूर्दस कान्वेंट बालिका इंटर कालेज में जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने लोक गायन, शास्त्रीय संगीत,लोक नृत्य, शास्त्रीय

गायन, मूर्ति कला (त्रिआयामी) दृश्य कला (द्विआयामी)एकल अभिनय, तथा लोक वादन में प्रतिभाग किये।कला उत्सव का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक उदयभान ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य सिस्टर अल्फोंसा ने आगन्तुको का स्वागत किया।अपने संबोधन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा की कला जीवन का आधार है।हर ब्यक्ति में कोई न कोई एक विशेष कला होती है, जिससे उसकी पहचान होती है।ऐसे उत्सवों से छात्र छात्राओं की प्रतिभाओं में निखार आता है। इस ललित कला उत्सव में लूर्दस कान्वेंट बालिका इंटर कालेज, आदर्श इंटर कालेज महुआबाग,इंटर कालेज गाजीपुर, इंटर कालेज करण्डआ,शहीद स्मारक इंटर कालेज नन्दगंज आदि विद्यालयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या सिस्टर अल्फोंसा के द्वारा प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गयी। निर्णायक मण्डल के द्वारा लूर्दस कान्वेंट को ओवर आल चैंपियन घोषित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने पुरस्कार जीते। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्वेता के द्वारा किया गया।

सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर पर B.Ed पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्रों का भरोसा बरकरार

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

बीएड प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में चल रही काउंसिलिंग में छात्रों ने च्वाइस लॉकिंग में सत्यदेव डिग्री कॉलेज,गाजीपुर को प्रथम वरीयता दी है। द्वितीय राउंड की काउंसिलिंग चल रही है,साथ ही च्वाइस लॉकिंग की प्रक्रिया चल रही है।इस प्रक्रिया में 01 से 200000 तक की रैक पाने वाले छात्र काउंसिलिंग व च्वाइस लॉकिंग कर रहे है।इस च्वाइस लॉकिंग का परिणाम दिनांक 2अक्टूबर 2023 को आएगा।कालेज प्रबंध को यह विश्वास है कि प्रथम बार की तरह ही द्वितीय राउंड में भी अधिक से अधिक छात्र कालेज में आवंटित होंगे। कालेज के प्रबंध निदेशक

प्रोफेसर डॉ सानंद सिंह ने बताया कि अगर छात्र को काउंसिलिंग प्रक्रिया में अगर किसी तरह की परेसानी हो रही हो तो छात्र तुरंत कॉलेज के कार्यालय में संपर्क कर सकता है,उन्होंने छात्रों की सुविधा के लिए दो मोबाइल नंबर भी जारी किया है,जिस पर बात करके छात्र अपनी समस्या बात सकता है। मोबाइल नंबर निम्नवत है --7704905303,7704905302

परिवर्तन शंखनाद यात्रा का समापन 30 सितंबर को बिलासपुर में

कोटा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संतोष तिवारी ने बताया कि आगामी 30 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन शंखनाद यात्रा का समापन कार्यक्रम साइंस कॉलेज मैदान सीपत रोड बिलासपुर में हो रहा है। समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उपस्थित रहेंगे। तिवारी ने किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकताओं से आवाहन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में बिलासपुर पहुंचकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

जैन समाज धूमधाम से मना रहा महापर्व

चचाई पूरे भारत वर्ष में जैन धर्म के अनुयायियों केद्वारा 10 लक्षण महापर्व बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है। उसी क्रम में अनूपपुर जिले की चचाई ऊर्जा नगरी में की धर्म की गंगा बह रही है। चचाई श्री पार्श्व नॉर्थ जैन मन्दिर जी की प्रतिदिन प्रातः काल से अभिषेक, पूजन, प्रवचन, आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर चचाई नगर में जैन धर्म की ध्वजा लहरा रही हो जिसका लाभ पूरा वह जैन समाज ले रहा है। इसी क्रम में ऊर्जा नगरी के व्यापारी नरेंद्र जैन के छोटे सुपुत्र रिशी जैन ने भी आचार्य श्री विद्या सागर महराज जी के प्रेरणा ले कर 10 दिवस का उपवास कर रहे हैं जैन समाज उनकी इस पुनीत कार्य की अनुमोदन कर रही है।

गूंज रहे गणपति बप्पा मोरिया

अमलाई। पिछले 10 दिनों से भक्तों के घर विराजे भगवान गणेश को गुरुवार को विदाई दी गई। सभी जलाशयों, विसर्जन कुंडों पर देर रात तक विसर्जन

का सिलसिला जारी रहा। अनूपपुर मुख्यालय के अलावा अमलाई ,संजय नगर, विवेकनगर, जैतहरी ,कोतमा आदि क्षेत्रों में गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंज रहे थे। अनंत चतुर्दशी पर गुरुवार को पंडालों व घरों में हवन पूजन भंडारों का आयोजन किया गया। इसके बाद विधि विधान से गणपति बप्पा को बिदाई दी गई। इस दौरान अमलाई एवं आसपास के क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाये रखने के लिये विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। सुबह से ही लोग विसर्जन कुंड, तालाबों पर विसर्जन करते नजर आये। पर्यावरण पर आस्था भारी पड़ी, समितियों की प्रतिमाएं भले ही कुण्ड में विसर्जित की गई हों, लेकिन छोटी प्रतिमाएं जलाशयों में ही विसर्जित की गई। विसर्जन लिये जा रही प्रतिमाओं को समिति सदस्यों ने ढोल बाजे के साथ तटों तक पहुंचाया था, इस दौरान सड़कों पर ढोल बाजे बजते और गुलाल उड़ता नजर आ रहा था ।
धूमधाम से निकला जुलूस..... इस दौरान अमलाई नगर के अलावा सोडा फैक्ट्री ,इंदिरा नगर, बसंतपुर अमलाई मोहाड़ा के मोहल्ले में भव्य भक्तिमय माहौल देखने मिला। शाम 6 बजे विसर्जन जुलूस शुरू हुआ। बप्पा के भक्तों का उत्साह देखने को मिला। और सड़कों पर भारी भीड़ नजर आई। ढोल ढमाकों और गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ जहां मूर्तियों का विसर्जन विधिवत पूजन के बाद किया गया।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा(से.) ने किया प्रखंड कमेटी का गठन

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के कार्यकताओं नें कुटुंबा प्रखंड कमेटी के गठन के लिए शुक्रवार को हरदत्ता अंबा में बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह तथा संचालन देवेंद्र पांडेय ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से अनिल कुमार सिंह, रणविजय मिश्रा, विरेंद्र भुइयां, रौशन कुमार सिंह को उपाध्यक्ष,देवेंद्र पांडेय को प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता, मिथिलेश पांडेय को कोषाध्यक्ष,शत्रुघ्न प्रसाद सिन्हा, मिथिलेश कुमार, प्रशांत राठौर, शाहिद अंसारी को महासचिव, धीरेंद्र सिंह, विवेक कुमार, सीता भुईयां,अनिल पासवान, सुरेश भुईयां को सचिव, नजमा खातून को महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष तथा मनोरंजन पांडेय को मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई। प्रखंड अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारीयों को पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों पर चलने की शपथ दिलाई और

पार्टी की उन्नति के लिए पूरी तरह समर्पित होकर काम करने की बात कही। बैठक में विजय कुमार सिंह, विवेक कुमार, रौशन कुमार सिंह, सुरेश भुईयां,सीता भुईयां,देवेंद्र पांडेय, नजमा खातून मिथिलेश पांडेय आदि लोगों उपस्थित हुए।

भाजपा बेलागंज विधानसभा चंदौती मंडल उत्तरी का बैठक जिला कार्यालय रसलपुर में संपन्न.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार)- भाजपा बेलागंज विधानसभा, चंदौती मंडल उत्तरी का बैठक जिला कार्यालय रसलपुर में आहूत की गई. बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर बूथ शशक्तिकरण अभियान के तहत मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र का गठन एवं सत्यापन का कार्य किया गया. इस बैठक में गया लोकसभा के संयोजक क्षितिज मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह बेलागंज विधानसभा प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं सत्यापन पदाधिकारी कुमार सतशील के द्वारा किया गया.इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी क्षितिज मोहन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने- अपने बूथ जीतो और 2024 में नरेंद्र भाई मोदी जी को पुनः 400 + का आकड़ा पार करके प्रधानमंत्री बनाने का कृत संकल्प लेने का आवाहन किया. बैठक में विधानसभा प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि बेलागंज विधानसभा के नेता एवं कार्यकर्ता ऊजार्वान हैं ,और संगठन के द्वारा दिए गए कार्य को बखूबी से

निभाते हैं . उन्होंने आगे कहा कि 2024 की जीत तो पक्की है, क्यूंकि देश को विश्व के अग्रिम पंक्ति में लाने के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी का रहना जरुरी है. उन्होंने आगे कहा कि 2025 विधानसभा के लिए सभी कार्यकर्ता अपने 'अपने कार्य में लक्ष्य को पाने के लिए जो पार्टी के द्वारा करणीय कार्य दिया गया ,उसे समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित की जाए. बैठक में सत्यापन पदाधिकारी सतशील जी ने सभी मंडल के पदाधिकारी,शक्ति केंद्र पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्षों का सत्यापन किया. बैठक में ओबीसी के जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार, नमामि गंगे के रामप्रवेश सिंह मंडल अध्यक्ष विनोद पासवान, मंडल पदाधिकारी कामता यादव, देवेंद्र सिंह, धीरज कुमार, दिलीप सिंह, दिनेश कुमार, गाँधी कुमार,रामजी ठाकुर,अभयनन्द कुमार, अनंत कुमार, संजय यादव, भोला चौधरी, संभु पासवान, मनोज सिंह, सुरेन्द्र सौव, सुषमा देवी, रैना देवी, शारदा देवी, पप्पू कुमार, वसंत पासवान, सुबोध कुमार सिंह, सहित मीडिया प्रभारी अमित पासवान उपस्थित थे.

सरमेरा के धरती पर बिहार राज्यस्तरीय किसान महापंचायत का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार) :- संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के तत्वाधान में बिहार राज्य स्तरीय किसान महापंचायत सरमेरा के डाक बंगला मैदान में किया गया. किसान महापंचायत की अध्यक्षता चंद्रशेखर प्रसाद ने किया ,वहीं मंच का संचालन सुरेश प्रसाद ने की.इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश के किसान अपनी दुर्दशा में सुधार को लेकर आंदोलित है, तो वही दूसरी और केंद्र की मोदी सरकार किसानों की उपेक्षा कर अंबानी अंडानी जैसे चांद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रही है. उन्होंने आगे कहा कि बिहार राज्य में खेती ही जीविका का एक बड़ा साधन है.घाटे की खेती से उदासीन होकर किसान मजदूर के साथ-साथ पूरा ग्रामीण क्षेत्र पालन करने पर विवश है ,फलस्वरुप "गांव खंडहर में तब्दील हो रहा है " आज के किसान जो दुनिया को पेट भरने का काम करता है, लेकिन समय का दुर्दशा है कि किसान खुद भूखा रहने को विवश है. उन्होंने आगे कहा कि किसान महापंचायत में तीन कृषि काला कानून की चर्चा की गई, जो किसान की बात करेगा ,वही देश पर राज करेगा.कल स्वामी रंगनाथन का निधन पर किसानों ने दुखत व्यक्त किया.किसानों को उत्पादन का डेढ़ गुना मुनाफा मिलना चाहिए किसानों का फसल बीमा किया जाए. किसान महापंचायत में बिहार के आठ जिला के किसान शिरकत किए है जो निम्नलिखित है:- जहानाबाद सिद्धनाथ जी मसौढ़ी कल्लू बाबू हाजीपुर इंद्रदेव सिंह गया सामाजिक कार्यकर्ता मो. जफर बारी अंसारी उर्फ छोटू मियां सीतामढ़ी जालंधर सिंह यदुवंशी मुजफ्फरपुर नीरज सिंह

शेखपुरा सुरेश बाबू शामिल हुए.इस मौके पर रामदेव चौधरी ,अनिल पासवान, महेंद्र प्रसाद ,शाहनवाज, जैनेंद्र कुमार, भूषण यादव ,उपेंद्र कुमार सिंह, रामबाबू यादव, नवीन सिंह, चंद्रवंशी सुरेश प्रसाद ,श्रीकांत प्रसाद ,चमारी प्रसाद ,साधु शरण, लक्ष्मीपति हम, जलन सिंह, सुरेश प्रसाद ,संतोष कुमार ,चंद्रभूषण पांडेय ,जालंधर शिवकुमार यादव , नीरज सिंह, इंद्रदेव यादव बटोरन पासवान का नाम शामिल है. वहीं किसानों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया. जिन प्रमुख किसनों की मांगे:-

(1)भारत सरकार पूरे देश में एमएसपी (टरढ) न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी दे।

(2) बिहार समेत अनावृष्टि राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाए ।

(3)देश के किसानों को कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली दिया जाए।

(4) देश के किसानों का कर्ज माफ किया जाए।

(5)भारत के 60 वर्ष से ऊपर वाले किसानों के लिए ₹5000 प्रति मह पेंशन योजना लागू किया ।

(6) मनरेगा को कृषि कार्य से जोड़ा जाए ।

(7)किसानों की जमीन अधिग्रहण कानून के तहत अधिग्रहण किया जाए।

(8) जमीन सर्वे अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज एवं परिमार्जन में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया जाए।

(9) बिहार में पुनः मंडी चालू किया जाए।

(10)सक्रिय जलाशय परियोजना एवं उतरकोयल परियोजना को धरातल पर उतार जाए।

(11) किसानों के प्रेरणा स्त्रोत महान किसान नेता सहजानंद सरस्वती और गुरु सहाय लाल के नाम पर एक-एक आधुनिक सुविधाओं से संपन्न राजधानी पटना में सभागार का निर्माण बिहार सरकार द्वारा किया जाए.

नागाडीह के योगिया पहाड़ के समीप डैम मे डूबने से किशोर की मौत

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 29 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के मनोहरी गांव के समीप योगीया पहाड़ स्थित चेक डैम में नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृत किशोर की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर पंचायत के गम्हारिया गांव निवासी सुदेश्वर राम के 11 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। पिछले कुछ दिनों से मनीष कुमार अपने नाना के घर मनोहरी गांव के नगाडीह गया हुआ था ।मिली जानकारी अनुसार किशोर अपने कुछ दोस्तों के साथ

चेक डैम में नहाने चला गया जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गया। उसके दोस्तों ने गांव आकर मनीष को डूबने की सूचना गांव वालो को दिया। गांव के लोगो द्वारा घटना की सूचना टंडवा थाना पुलिस को दिया गया।घटना स्थल पर पहुची पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किशोर के शव को बाहर निकाला। तत्काल किशोर को लोग अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले मे टंडवा थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया की योगिया पहाड स्थित चेक डैम मे नहाने के क्रम मे किशोर गहरे पानी मे डूब गया जिससे उसकी मौत हो गयी। शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया गया।

मोटरसाइकिल ने एक मजदूर के मारी टक्कर मौके पर हुई मौत, मोटरसाइकिल के साथ चालक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 29सितंबर 2023:-

औरंगाबाद जिले देव थाना के दधपा रोड में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने औरंगाबाद से मजदूरी कर लौट रहे एक मजदूर में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक मजदूर का पहचान देव प्रखंड के दधपा गांव निवासी जोगी भुइया के पुत्र रमज्ञान भुइयां के रूप में हुई है। इधर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चालक जिसने मजदूर में टक्कर मारी थी वह फरार हो गया था जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया।प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि

आवश्यक करवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार मोटरसाइकिल चालक की पहचान औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के मितराज गांव निवासी सोहर पाल के 32 वर्षीय पुत्र योगेश पाल के रूप में हुई है।इधर मजदूर की मौत के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का अनिश्चितकालीन धरना

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- लंबित मांगों की पूर्ति एवं सरकार की वादा खिलाफी के विरुद्ध प्रखंड क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। सेविका-सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी ने बताया कि बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के आह्वाहन पर 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आवाहन किया गया है। सरकार हम लोगों से दोहरी नीति अपना रही है। एक तरफ हर सरकारी कर्मियों का मानदेय दोगुना कर दिया वहीं आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को नजर अंदाज कर रही है। हमारी मांग है कि सरकार हमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए सेविका का मानदेय छब्बीस हजार तथा सहायिका का मानदेय अट्ठारह हजार किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटका रहेगा। मांगी पूरी न होने की स्थिति में हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे। आंदोलन में संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी, संघ की सचिव प्रियंका कुमारी, प्रेमशिला देवी, रूबी कुमारी, राधिका देवी, सोनी कुमारी, सलमा खातून, निधि कुमारी, पुष्पा कुमारी समेत दर्जनों सेविका-सहायिका उपस्थित थें।

आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का अनिश्चितकालीन धरना

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- लंबित मांगों की पूर्ति एवं सरकार की वादा खिलाफी के विरुद्ध प्रखंड क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। सेविका-सहायिका संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी ने बताया कि बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के आह्वाहन पर 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आवाहन किया गया है। सरकार हम लोगों से दोहरी नीति अपना रही है। एक तरफ हर सरकारी कर्मियों का मानदेय दोगुना कर दिया वहीं आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को नजर अंदाज कर रही है। हमारी मांग है कि सरकार हमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए सेविका का मानदेय छब्बीस हजार तथा सहायिका का मानदेय अट्ठारह हजार किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो

जाती तब तक आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटका रहेगा। मांगी पूरी न होने की स्थिति में हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे। आंदोलन में संघ की प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी, संघ की सचिव प्रियंका कुमारी, प्रेमशिला देवी, रूबी कुमारी, राधिका देवी, सोनी कुमारी, सलमा खातून, निधि कुमारी, पुष्पा कुमारी समेत दर्जनों सेविका-सहायिका उपस्थित थें।

गयाजी धाम में पितृपक्ष के दौरान फल्गु नदी के तट पर पिंडदान एवं श्राद्ध करने से 108 कुल व सात पीढ़ी तक के पूर्वजों की आत्मा की शांति मिलती है- हिमांशु शेखर.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)- मानव शरीर नश्वर है.आत्मा अमर है.आत्मा एक शरीर को त्यागकर दूसरे शरीर मे प्रवेश करती है. इसे ही हम मृत्यु कहते है.मृत्यु के उपरांत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा ही श्राद्ध कहलाती है.कालांतर में इसमें कई कर्म काण्ड जुटते चले गए.

पूर्वजों की पूजा की परंपरा हर धर्म मे है.प्राचीन काल से हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष या पितरपख के दौरान फल्गु के तट पर पिण्डदान करने की परंपरा है. पौराणिक कथा के अनुसार गया धाम में पिंडदान करने से 108 कुल व सात पीढ़ी तक का उद्धार हो जाता है, एवं हमें अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है. भगवान राम भी अपने पिता का पिंडदान फल्गु के तट पर किया था. प्राचीन काल में गया जी तीर्थस्थल में 365 वेदियां थी, जहां एक वर्ष रहकर पिंडदान का कर्मकांड संपन्न किया जाता था, लेकिन समय के साथ कई वेदियां सिमट कर अब 54 रह गई है, लेकिन इस स्थल की महत्ता और पवित्रता आज भी बरकरार है. जीवन की आपाधापी को देखते हुए अब पिंडदान कर्मकांड को एक दिन, तीन दिन, पांच दिन , सात दिन और सत्रह दिन का विधान रखा गया है. श्रद्धालु अपने समय अनुसार कोई भी विधान चुन सकते है.विदेश में रह रहे श्रद्धालुओं के लिए तकनीक का सहारा लेते हुए ऑनलाइन पिंडदान

की भी सुविधा प्रारंभ किया गया है, लेकिन यह हमारे संस्कृति के विरुद्ध है, हमें अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए समय निकालना चाहिए. इस वर्ष यह पिंडदान का कार्यक्रम 28 सितंबर से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक निर्धारित है.सभी वेदियों पर पिंडदान करने का समय और तारीख चिन्हित कर दिया गया है. 4 अक्टूबर को विष्णुपद स्थित 16 वेदी पर पिंडदान किया जाएगा. इसी तरह 7 अक्टूबर को भी 16 वेदी पर पिंडदान किया जाएगा ,उनमें प्रमुख वेदी कश्यप पद, मतंग पद, इंद्र पद अगस्त पद प्रमुख है. धर्मगुरुओं द्वारा वेदियों का काल्पनिक स्वरूप स्थापित किया जाता है, जिस पर श्रद्धालु पिंडदान करते है.धर्मज्ञाता हिमांशु शेखर ने कहा है कि,

प्राचीन काल में कश्यप पद वेदी फल्गु से लगभग चालीस किलोमीटर दूर आज के टिकारी प्रखंड अंतर्गत केसपा गांव में स्थित था.प्राचीनकाल में इसी गांव में महर्षि कश्यप का आश्रम था. महर्षि कश्यप ने उसी आश्रम में रहकर कश्यपपुरी संहिता की रचना किया था,उन्ही के नाम पर उस स्थल का नाम कश्यपपुरी हुआ,जो कालांतर में अपभ्रंश होकर केसपा के नाम से जाना जाता है.हिमांशु शेखर ने पितृपक्ष मेला आयोजन समिति एवं जिला प्रशासन से मांग किया है कि पितृपक्ष मेला में केसपा गांव को शामिल किया जाए, एवं सभी श्रद्धालुओं को कश्यप पद वेदी की वास्तविकता से परिचित कराया जाए। मूलवेदी पर पिंडदान करने से पुण्य की प्राप्ति अधिक होती है.केसपा गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से आज की पीढ़ी को अवगत कराया जाना चाहिए एवं इस गांव को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए.

हिन्दी पखवाड़ा के तहत 'शब्दाक्षर' बिहार की औरंगाबाद जिला समिति द्वारा काव्य महोत्सव का किया गया सफल आयोजन.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

औरंगाबाद(बिहार)-राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' के बिहार प्रदेश की औरंगाबाद जिला समिति द्वारा काव्य महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शब्दाक्षर औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष कवि धनंजय जयपुरी तथा संचालन कवि द्वय विनय मामूली बुद्धि एवं नागेंद्र कुमार केसरी द्वारा किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि मनोज मिश्र 'पद्मनाभ', शब्दाक्षर जहानाबाद जिलाध्यक्ष सावित्री 'सुमन', औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो सिद्धेश्वरच प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रो संजीव रंजन एवं नैप्स के जिलाध्यक्ष अंबेडकर पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया. अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, साहित्यिक पुस्तकें एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया.तत्पश्चात, 'शब्दाक्षर' के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश पढ़ कर सुनाया गया, जिसमें श्री सिंह ने शब्दाक्षर औरंगाबाद जिला समिति के सदस्यों को बिहार में हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार हेतु सतत रूप से कार्य करने की सलाह दी. शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि शब्दाक्षर द्वारा भारतवर्ष के 25 प्रदेशों में प्रदेश तथा जिला इकाइयों द्वारा हिन्दी साहित्य को समर्पित आयोजन किये जा रहे हैं. साहित्यिक आयोजनों की इसी श्रृंखला में एक खूबसूरत कड़ी के रूप में शब्दाक्षर बिहार प्रदेश की औरंगाबाद जिला इकाई द्वारा आयोजित यह कवि सम्मेलन भी है.राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि ने शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र के कुशल नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि बिहार में भी शब्दाक्षर की सभी जिला इकाइयों द्वारा साहित्यिक आयोजन हो रहे हैं, जिनमें नये युवा कवियों को राष्ट्रीय मंच प्राप्त हो पा

रहा है. डॉ रश्मि ने भी शब्दाक्षर औरंगाबाद समिति को इस आयोजन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं.कवि सम्मेलन में कुमार सानू ने सरस्वती वंदना के उपरांत अपनी कविता "यूं तो मैं आबाद रहता हूं, मैं यहां जिंदाबाद रहता हूं, रहता हूं शहर-ए-दिल में मैं, मैं तो औरंगाबाद रहता हूं" द्वारा औरंगाबाद जिले के प्रति अपने भावसुमन अर्पित किये। हिमांशु चक्रपाणि की गजल "जिसे तू आजमाना चाहता है, उसे सारा जमाना चाहता है, तुझे पाने की जिद में खड़ा हूं, जिसे पाना जमाना चाहता है" पर खूब तालियाँ बजीं.अजय वैद्य की "हे ईश्वर आप हो संपूर्ण, अमर अविनाशी माया मोह से दूर" एवं प्रवेश कुमार की बेटियों को समर्पित "लो खोलता हूं आज दिल की गांठ लाडली, बोलता हूं आज दिल की बात लाडली, क्यों याद तेरी आये नहीं" पंक्तियों की सबने सराहना की. जयप्रकाश कुमार की व्यंग्य रचना "इस शहर का एक शरीर है, जो कुछ साल पुराना है', अनुज बेचैन की "प्रेमचंद तुम्हारी याद आती है आज भी" को भी काफी प्रशंसा मिली। कवि विनय मामूली बुद्धि की व्यंग्य रचना "चीख नहीं चीत्कार सुनाई पड़ी..सिसक सिकुड़ रहा हस्तिनापुर", सावित्री सुमन की गजल -"यहां मोहब्बत सिसक रही है, मगर उसे कुछ खबर नहीं है, जिस राह से तुम गुजर रहे हो, उस राह में तेरा घर नहीं है" पर भी खूब वाहवाहियां लगीं।कवि-सम्मेलन में रोहित कुमार, जनार्दन मिश्र जलज, अनिल अनिल, लवकुश प्रसाद सिंह, प्रभात बांधुल्य , सुरेश विद्यार्थी, शिवजी, संतोष सिंह ने भी अपनी रचनाएँ पढ़ीं। सभी कवियों को शब्दाक्षर औरंगाबाद की ओर से प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि सहित मंचस्थ सभी विद्वानों ने कार्यक्रम को अत्यंत सराहना की. अपने अध्यक्षीय उद्बोधनों में शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष श्री पद्मनाभ एवं कार्यक्रम अध्यक्ष धनंजय जयपुरी ने कवि सम्मेलन में आये रचनाकारों/अतिथियों एवं समस्त शब्दाक्षर परिवार के प्रति आभार जताया. सम्मेलन में शिक्षक नेता अशोक पांडेय, पत्रकार राज पाठक, अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह, सिंहेश सिंह, बैजनाथ सिंह, अजय कुमार, सुरेश ठाकुर सहित सैकड़ो बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही.

बेखौफ बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक में एक युवक को गोली मार कर हत्या कर दी।

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार) बाइक सवार बेखौफ बदमाशों ने दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय के वार्ड नं एक में पासवान चौक स्थित अमृत बिगहा गांव निवासी 35 वर्षीय युवक सूर्यनाथ पासवान शुक्रवार की सुबह घर से बाहर टहलने जा रहे थे। इसी बीच घात लगाए बेखौफ अपराधियों ने सूर्यनाथ पासवान पर अंधा धुंध गोलीयां चलाई जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो

गई। अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद बारुण रोड की तरफ भागने में सफल रहा। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर अपराधियों को गिरफ्तारी एवं मुआवजे की मांग को लेकर दाउदनगर बरुण मुख्य सड़क को घंटों जाम कर मांग पर अड़े रहे। घटना की सूचना मिलते ही एसडी पीओ कुमार ऋषि राज,दाउदनगर थानाध्यक्ष अंजनी कुमार,अपर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार,सब इंस्पेक्टर ललन प्रसाद यादव अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन आक्रोशितों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज कर आगे की प्रक्रिया में जुट गई है।

18 लीटर देशी शराब व एक बाइक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर शुक्रवार को गोह-रफीगंज मुख्य पथ स्थित डिहुरी कब्रिस्तान के समीप से 18 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि रफीगंज पथ से गोह की तरफ आ रहे हिरो स्पेलेंडर बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखते ही भागने लगा। जहां सुरक्षा बलों ने खदेड़कर पकड़ लिया। वहीं बाइक के पीछे बंधें प्लास्टिक की थैली में कुल 18 लीटर देशी शराब बरामद किया। मामले में थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर रमेश कुमार व मनोज कुमार गया जिले के आमस थाना अंतर्गत रेगनीया गांव का रहने वाला है।एस आई संजय कुमार के बयान पर उक्त शराब तस्करों के विरुद्ध कांड संख्या 320/23 दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

गांधी जयंती के अवसर पर खादी ग्रामोद्योग में कपड़ों पर दी जा रही छूट

दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित खादी ग्रामोद्योग के प्रबंधक काशीनाथ सिंह ने बताया कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर उनी वस्त्र , सुती वस्त्र , रेशमी वस्त्र एवं उनी कम्बल पर 25/ प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। वहीं प्रबंधक ने कहा कि खादी वस्त्रों को उपयोग करने से मनुष्य के शरीर में होने वाले फोड़ा फुंसी तथा आदि रोगों से मुक्ति मिलती है। इस लिए इस वस्त्र को सभी मौसमों में उपयोग किया जाता है। दो अक्टूबर गोह खादी ग्रामोद्योग में पहुंच कर अधिक से अधिक कपड़े खरीद कर लाभ उठायें।

विद्युत करंट से अधेड़ की मौत

दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)बंदेया थाना क्षेत्र के मोगलाही गांव में गुरुवार की देर शाम करंट लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी धर्मदेव यादव (50) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उक्त अधेड़ व्यक्ति शौच के लिए बाधार की ओर गए थे। वापस घर आते वक्त गांव के दक्षिण दिशा में पक्की सड़क के उनकी शव मिली जिसके ऊपर हाईवोल्टेज विद्युत तार टूटकर गिरा पड़ा था। ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग को फोन कर बिजली कनेक्शन कटवा कर शव को निकाला गया। वहीं मौजूद बंदेया थानाध्यक्ष दिनेश पासवान ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर हाल बेहाल है।

छत्तीसगढ से आए दो नन्हें बाल कलाकारों ने दिखाया अद्भुत नृत्य

दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिनोवा बिगहा में शुक्रवार को अपनी अद्भुत शारीरिक कला से बच्चों को रूबरू कराया और अपनी कुछ अनोखी शारीरिक कला को भी सिखाया और साथ - ही-साथ अपनी अद्भुत नृत्य शैली को दिखाकर विद्यालय के

बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया।इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमारी रीता सिन्हा,सहायक शिक्षक रंजन कुमार और शिक्षिका दीपा कुमारी मौजूद थी।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस प्रकार के कला शिक्षा से युक्त कार्यक्रम से बच्चे कला प्रेमी बनते हैं और उनके भीतर भी ऐसी अद्भुत शारीरिक कला क्षमता का निर्माण होता है और साथ ही इस प्रकार के कार्यक्रम को करवाने के लिए उन्होंने अपने विद्यालय के सहायक शिक्षक रंजन कुमार का भरपूर आभार प्रकट किया।

उत्तर कोयल नहर से युवक की लाश बरामद

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- फोन पर बात करने के दौरान उत्तर कोयल नहर में गिरे युवक की लाश शुक्रवार की दोपहर बरामद हो गई। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत बलिया अंतर्गत ढूंढा गांव निवासी अर्जुन भुईयां के 22 वर्षीय पुत्र बजरंगी भुईयां के रूप में हुई है। विदित हो कि गुरुवार की दोपहर फोन पर बात करने के क्रम में एक युवक पथरा गांव के समीप उत्तर कोयल नहर में गिर गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढूंढा गांव के लोग घटनास्थल पर नजर बनाए हुए थे। लाश फूलने के बाद पानी पर तैरने लगी। तब ग्रामीणों ने शव को नहर से बाहर निकाला और ढुंढा गांव में ले आए। लाश बारामद होने की सूचना मिलने पर अंबा थानाध्यक्ष ढूंढा गांव पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पदोन्नति मिलने पर थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 29 सितंबर 2023 :- अंबा थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत होने पर स्थानीय लोगों ने बधाई दी और फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। समाजसेवी बीरबल कुमार ने बताया कि थानाध्यक्ष का कार्यकाल

निष्पक्ष और निर्विवादित रहा है। हर विभाग में ऐसे कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारियों की जरूरत है। बधाई देने वालों में मुकेश रंजन, बीरबल कुमार, रविंद्र प्रसाद, मंटू मेहता, संतोष मेहता आदि लोग शामिल थे।